

नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिज: ममता
- 7




मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह
- 10



क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत
- 11



केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम
- 12


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.02
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 127, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## झटका: दोगुनी हुईं एटीएफ की कीमतें, घरेलू एयरलाइंस के लिए 8.5% वृद्धि

- पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच कच्चा तेल 100 डॉलर के पार चले जाने के बाद विमान ईंधन की कीमतों में किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने उनके लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा है। इसके साथ वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम व ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल की दरों में भी वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

### एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ऑक्टेन पेट्रोल भी महंगा

- व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का 195.50 रुपये बढ़ाया गया है मूल्य

व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में मंगलवार को 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की घोषणा की गई थी। अब देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। मूल्यवृद्धि के बाद देश में एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं।

### पहली बार एटीएफ दो लाख के पार

यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कीमतें बढ़कर करीब 1.1 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंची थीं। एटीएफ कीमतों में एक मार्च को 5.7% /यानी 5,244.75 रुपये किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पहले ही बढ़ी ईंधन खपत से जूझ रही एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** ईंधन की कीमतों में यह उछाल एयरलाइन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा क्योंकि परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई हवाई मार्ग बंद होने से विमानों को लंबे रास्तों से उड़ान भरनी पड़ रही है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस कारण अब हवाई यात्रा महंगी होने की आशंका है। गौरतलब है कि नॉन शेड्यूल्ड, एडहॉक और चार्टर जैसी उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़ाकर 2,07,341.22 रुपये किलोलीटर की गई है।

## इंडिगो ने 275 से 10,000 रुपये तक ईंधन शुल्क की घोषणा की

- एटीएफ महंगा होते ही घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बढ़ाईं दरें

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हवाई किराया बढ़ना तय है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है। अब घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा। इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गांदरबल में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में मंगलवार रातभर जारी रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना के आधार पर मंगलवार रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक बयान में बताया कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के अरहामा में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सतर्क जवानों ने कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जब उन लोगों को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जवानों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद सैन्य बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद बीडीओ निलंबित

**कृष्णानगर।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित कर दिया है। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षक पर हमले के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने का निर्देश दिया है। यह हमला 27 मार्च को हंसखाली ब्लॉक के देबनाथ बॉयज़ इंस्टीट्यूशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान हुआ। चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय को कार्यक्रम स्थल पर सरकारी प्रचार वीडियो दिखाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद सिर में चोटें आईं।

## दो-तीन सप्ताह में खत्म हो सकता है युद्ध होर्मुज संकट से मेरा लेना-देना नहीं: ट्रंप

### ईरान के राष्ट्रपति की ओर से युद्धविराम का अनुरोध करने का किया दावा, तेहरान ने बताया झूठ

- बोले- होर्मुज संकट से युद्ध में साथ न देने वाले देश अब खुद निपटें

दुबई, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध दो-तीन सप्ताह में खत्म कर देगी। इस दौरान होर्मुज संकट से पल्ला झाड़ते हुए ट्रंप ने कहा कि उसे सुरक्षित रखना अमेरिका की जिम्मेदारी नहीं है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्ध विराम चाहते हैं, लेकिन ईरान ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बुधवार को भी कुछ हद तक विरोधाभासी बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुमान जताया कि युद्ध दो से तीन सप्ताह में खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के खिलाफ युद्ध में सहयोग न करने वाले मित्र देशों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने की जिम्मेदारी छोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह हमारा काम नहीं है। यह फ्रांस का काम होगा। यह उनका काम होगा, जो इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त में की, जब होर्मुज के बंद होने से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई। साथ ही गैस की भी औसत कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन के पार चली गई।

बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने दावा किया कि उनके अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने ट्रंप के इस दावे को झूठा और निराधार करार दिया है।

### आज राष्ट्र के नाम संबोधन

ट्रंप पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर भारतीय समयानुसार बृहस्पतिवार सुबह 6:30 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। दुनिया की निगाहें उनके संबोधन पर लगी हुई हैं।

### होर्मुज खुलवाने के लिए ब्रिटेन ने की पहल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 35 देश लेंगे हिस्सा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर चर्चा के लिए अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्टार्मर ने कहा कि 35 देशों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इस जलमार्ग की सुरक्षा बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। स्टार्मर ने कहा कि स्थिरता बहाली के लिए सैन्य शक्ति और कूटनीतिक गतिविधियों का एक संयुक्त मोर्चा जरूरी है। इस बीच बीजिंग के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसहाक डार ने चीनी समकक्ष वांग यी से बातचीत के बाद शांति के लिए पांच सूत्री संयुक्त प्रस्ताव पेश किया। इसमें शत्रुता समाप्त करने, वार्ता शुरू करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता बनाए रखने पर जोर दिया गया है।

### बहरीन में अमेजन के डेटा सेंटर पर मिसाइल हमला

बुधवार शाम एक ही इमारत में स्थित बहरीन की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बैटेलको के मुख्यालय और अमेजन डेटा सेंटर पर ईरान के मिसाइल हमले से भीषण आग लग गई। इस हमले के बाद खाड़ी देशों में बैंकिंग सिस्टम, पेमेंट गेटवे और कई सरकारी वेबसाइट्स के धीमे होने या ठप होने की खबरें हैं। ईरान ने कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फ्यूल टैंकों को निशाना बनाया, जिससे वहां भी भीषण आग लग गई।

### तनाव कम होने के संकेतों से 1,187 अंक उछला सेंसेक्स



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।

## जरूरी चीजों की आपूर्ति में व्यवधान न हो: मोदी

- युद्ध से उभरी चुनौतियों से निपटने के उपायों की समीक्षा की
- जनता को समय पर सही सूचना उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में पश्चिम एशिया में युद्ध को लेकर देश में उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने जरूरी चीजों की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश देने के साथ यह भी कहा कि जनता को समय से प्रमाणिक जानकारी दी जाए ताकि अफवाहें न फैलें।

पश्चिम एशिया संकट को लेकर प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास पर बुधवार शाम हुई यह सीसीएस की दूसरी बैठक थी। प्रधानमंत्री ने इस बैठक में निर्देश दिया कि इस संघर्ष के प्रभाव से नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की ओर से उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। बैठक में कैबिनेट सचिव ने पेट्रोलियम उत्पादों, विशेष रूप से एलएनजी तथा एलपीजी की आपूर्ति और पर्याप्त बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि विभिन्न देशों से नए स्रोतों के आने से एलपीजी की खरीद के लिए स्रोतों का विविधीकरण किया जा रहा है। एलएनजी भी विभिन्न देशों से प्राप्त की जा रही है। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाए जा रहे हैं।

### कीमतों पर नजर, राज्यों को सख्ती का निर्देश

बैठक में कृषि, नागरिक उड्डयन, जहाजरानी और रसद जैसे क्षेत्रों में उभरी चुनौतियों के लिए प्रस्तावित उपायों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति के लिए सभी जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकारों से कहा गया है कि दैनिक निगरानी, छापेमारी और सख्त कार्रवाई के जरिए उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाएं।

## अदालतों में मुकदमों के बोझ के लिए सरकार जिम्मेदार

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर ठोंका 25,000 रुपये का जुर्माना
- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और बार-बार मुकदमा दायर करने को लेकर उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को अदालतों में बढ़ते मुकदमों के बोझ के लिए एक बड़ा जिम्मेदार कारक बताते हुए कहा कि इस तरह की अनावश्यक अपीलें न्यायपालिका पर बोझ बढ़ाती हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एक सीआईएसएफ कांस्टेबल को राहत दी गई थी।

मामला एक सीआईएसएफ कांस्टेबल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ा था, जिसे अनधिकृत अनुपस्थिति और व्यक्तिगत विवाद के आरोपों में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि कांस्टेबल की अनुपस्थिति स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के दौरान थी और अन्य आरोप कदाचार की श्रेणी में नहीं आते, जिसके बाद उसकी सजा रद्द कर दी गई थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने तंज कसते हुए कहा, एक तरफ हम मुकदमों में देरी पर चिंता जताते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार खुद सबसे बड़ी वादी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आने के बजाय संयम बरतना चाहिए था।

### बंगाल: मतदाता सूची के दावों का निपटारा 7 तक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और तार्किक विसंगति के कारण हटाए गए नामों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों में से 47 लाख का निपटारा 31 मार्च की शाम तक कर लिया गया है, और शेष 13 लाख मामलों का फैसला सात अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

## अनिल अंबानी और आरकॉम पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

- एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** एलआईसी की ओर से उसे 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

यह आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ चौथा मामला है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एलआईसी को 2009 से 2012 के बीच 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में निवेश करने के लिए कंपनी ने भ्रामक जानकारी देकर प्रेरित किया। प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और निवेश के बदले उपलब्ध संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी।

## पुडुचेरी: वोटरों को कैश बांट रहे आठ लोग गिरफ्तार

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को नकदी बांटने के आरोप में ड्रोन निगरानी के जरिए तीन अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव विभाग ने पहली बार नकदी वितरण पर नजर रखने के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों के अनुसार, मन्नाडीपेट क्षेत्र के तिरुक्कनूर गांव में कुछ लोगों द्वारा घर-घर जाकर नकदी बांटने की गतिविधि ड्रोन से पकड़ी गई। सूचना पर उड़नदस्ता दल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मन्नाडीपेट में दो और लॉस्पेट क्षेत्र में तीन लोगों को पकड़ा गया।

## डिजिटल भुगतान के लिए अब दो सत्यापन

- धोखाधड़ी रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने लागू की व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण को बुधवार से अनिवार्य कर दिया गया है।

अब केवल यूपीआई पिन डालने से भुगतान नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने पर भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। अधिकांश मामलों में एसएमएस से आने वाले ओटीपी का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल तक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

### स्क्रीनशॉट, स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी नहीं

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था से डिजिटल लेनदेन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है, लेकिन इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली में सुरक्षा और भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में रिश्वत लेते हुए दो ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

- स्कूल संचालक से मांगी थी डेढ़ लाख की रिश्वत

**श्रीनगर।** सीबीआई ने श्रीनगर में रिश्वतखोरी के एक मामले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक क्षेत्रीय आयुक्त भी शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अधिकारियों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विनय कुमार और वरिष्ठ सुरक्षा सहायक अमीन सोफी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप था कि आयुक्त ने एक स्कूल संचालक से 1.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। मामला स्कूल के एक कर्मचारी की शिकायत का था। एजेंसी ने उसी दिन वरिष्ठ सुरक्षा सहायक को अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

**प्रदूषण मुक्त** | मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

## जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई, साथ ही विपक्ष पर तीखा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाया, तभी बदलाव की नींव पड़ी और इसी कारण आज उत्तर प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

कालीदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि




लखनऊ में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाते मुख्यमंत्री योगी।

वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, असुरक्षा और गंदगी का माहौल था। तत्कालीन सत्ताधारियों को अंधेरा पसंद था, हमारी सरकार ने 24 घंटे बिजली, एलईडी स्ट्रीट लाइट और आधुनिक शहरी व्यवस्था देकर हालात बदले। योगी ने जोड़ा कि हम सूर्य के उपासक हैं और लक्ष्मणपुरी में सभ्यता व विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है और अब नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और हरित ऊर्जा आधारित पहलें इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।

### ईवी निर्माण का उभरता केंद्र बन रहा है लखनऊ

शहरी विकास के साथ औद्योगिक निवेश का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि लखनऊ ईवी मैन्युफैक्चरिंग का उभरता केंद्र बन रहा है। अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक बस यूनिट के बाद अब टाटा मोटर्स की लखनऊ इकाई में भी 15 अप्रैल से इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात शहरों में मेट्रो सेवा और 18 नगर निकायों में सेफ सिटी व सोलर सिटी जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है, जबकि लखनऊ में भी सोलर पैनल आधारित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं समृद्धि आती है। नए वाहनों से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था और मजबूत होगी और लखनऊ को क्लीन व ग्रीन सिटी बनाने में मदद मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

### कौशल विकास मिशन में पहले दिन 99 हजार प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन 957 ट्रेनिंग पार्टनर्स को जारी कर दिया है। इस बार प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया गया है। पहली बार ग्रेडिंग नीति को सार्वजनिक कर प्रशिक्षण केंद्रों का मूल्यांकन किया गया, जिसके आधार पर लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की समय सीमा 90 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी गई है।

### अग्निवीर भर्ती में दिखाया दमखम

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगरा कैंट के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली अप्रैल से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई। एआरओ आगरा के तहत पहले दिन 12 जिलों के अभ्यर्थियों के बीच अग्निवीर ट्रेड्समैन की भर्ती कराई गई। जारी किए गए कुल 875 प्रवेश पत्र के सापेक्ष करीब 600 अभ्यर्थियों ने शामिल होकर दमखम दिखाया। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उप्र. एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में आयोजित रैली के लिए आगरा, अलीगढ़, इटावा, एटा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मैनपुरी और मथुरा के 19 हजार अभ्यर्थी चयनित किए गए हैं।

### सीएम युवा योजना से उमंग बने उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत लखीमपुर खीरी के उमंग शुक्ला ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्होंने जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के माध्यम से 25 लाख रुपये का ऋण लेकर ऑयल मिल स्थापित की और आज सफल उद्यमी बन गए हैं। उमंग प्रतिदिन 10–15 क्विंटल सरसों की पेराई कर रहे हैं और उनका उत्पाद स्थानीय बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी बिक रहा है। इस उद्यम से जहां उन्हें करीब 70 हजार रुपये मासिक शुद्ध आय हो रही है, वहीं पांच लोगों को रोजगार भी मिला है।

# सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से तय समय सीमा में जोड़ें : योगी

## मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की समीक्षा, फार्मर रजिस्ट्री को तेजी से लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था तय समयसीमा में तैयार की जाए और विभागीय पोर्टल को 1 मई 2026 तक पूरी तरह क्रियाशील बनाया जाए। इससे लाभार्थियों के चयन और वितरण की प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी हो सकेगी।

- **ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर, 1 मई तक पोर्टल होगा क्रियाशील, सभी योजनाएं होंगी एकीकृत**

मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास पर बुधवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में फार्मर रजिस्ट्री को प्रदेशभर में तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पात्र किसान का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए और कोई भी किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसे कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है, जिससे विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों तक पहुंचेगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में यदि कोई त्रुटि है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई तक आवश्यक तैयारियां पूरी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा, अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी और संसाधनों का लक्षित उपयोग सुनिश्चित होगा।



लखनऊ : अधिकारियों के साथ कृषि विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### भूसा-साइलेज की उपलब्धता पर सरकार सख्त, टेंडर में आई तेजी

**अमृत विचार :** प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। भूसा और साइलेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसका असर यह है कि कई जिलों में टेंडर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, जबकि 6 जिलों में साइलेज टेंडर की प्रक्रिया पूरी भी हो चुकी है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोआश्रय स्थलों पर चारे की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। विशेष रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए भूसा और साइलेज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

### बारिश पर किसानों को तत्काल राहत के लिए अलर्ट रहने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि फसल नुकसान का त्वरित आकलन कर प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को संयुक्त सर्वे कर फसल क्षति का आंकलन करने तथा इसकी रिपोर्ट शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मुआवजा प्रक्रिया तुरंत शुरू की जा सके।

### एक ही साल्ट की दवाओं में मूल्य अंतर पर उठाए सवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दवाओं की कीमतों में भारी असमानता का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से सभी दवाओं के लिए एक समान अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ही साल्ट की दवाओं के दाम में बड़ा अंतर आम लोगों के लिए आर्थिक बोझ बन रहा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बुधवार को संसद में शून्यकाल के दौरान उठाए गए इस मुद्दे की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, लेकिन निजी क्षेत्र में मूल्य असमानता अभी भी बड़ी समस्या बनी हुई है। सांसद ने यह भी सुझाव दिया कि डॉक्टरों को दवाओं के ब्रांड नाम के बजाय साल्ट नाम लिखना चाहिए।

# नौ जिलों में 3200 करोड़ की 11 परियोजनाओं को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने लखनऊ, बरेली, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, झांसी, मेरठ, आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद में 11 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इन जिलों में बिल्डरों द्वारा 3,212.63 करोड़ से 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक एवं मिश्रित इकाइयां विकसित करके फ्लैट, प्लॉट, विला, ऑफिस बनाकर बेचे जाएंगे।

बुधवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 199वीं बैठक हुई। निजी परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। निवेश के दृष्टिकोण से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में 568 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर सबसे आगे रहा। जहां 843.14 करोड़ से एक वाणिज्यिक परियोजना में 1,077 आईटी कार्यालय स्थल को मंजूरी दी गई। इससे कॉर्पोरेट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।



लखनऊ स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

- **लखनऊ, बरेली, गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद, आगरा, मथुरा में बिल्डर विकसित करेंगे इकाइयां**

लखनऊ में 947.04 करोड़ की एक आवासीय और एक मिश्रित परियोजना में 815 इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। इससे राजधानी में आवासीय मांग और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इसी तरह बरेली में 98.50 करोड़ से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में 100 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। झांसी में 96.69 करोड़ से एक आवासीय और एक मिश्रित परियोजना में 134 इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। आगरा में 47.86 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 80 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। मथुरा में 55 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 86 आवासीय इकाइयां बनाई जाएंगी। मेरठ में 3.11 करोड़ से एक आवासीय परियोजना में 35 आवासीय इकाइयां बनेंगी। फिरोजाबाद में 12.60 करोड़ की परियोजना में 19 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

## अखिलेश की 'राम वाली पोस्ट' पर जुबानी जंग तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में चुनावी सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तीखा हमला बोला है।

- **केशव मौर्य ने बताया अवसरवादी सपा प्रमुख ने किया पलटवार**

दरअसल, अखिलेश यादव ने इटावा स्थित निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर में प्रभु राम की अभिराम मूर्ति की तस्वीर साझा की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केशव मौर्य ने इसे सपा की अवसरवादी राजनीति बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के भय से पहले मंदिर और अब प्रभु श्रीराम का उल्लेख करना सपा के बदले हुए रुख को दर्शाता है। डिप्टी सीएम ने आरोप लगाया कि सपा का अतीत रामभक्तों के प्रति संवेदनहीन रहा है और अब वह राजनीतिक लाभ के लिए आस्था का सहारा ले रही है। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनकी आस्था को 'स्वांग' बताने पर वे मानहानि का दावा भी कर सकते थे, लेकिन जिनका स्वयं कोई 'मान' नहीं है, उनके प्रति उन्हें सहानुभूति है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि जो अपनी ही पार्टी में लगातार हाशिए पर हैं, वे दूसरों पर टिप्पणी कर रहे हैं।

# नए औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्र को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/ कानपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) बोर्ड की बैठक लखनऊ स्थित लोक भवन में अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

विकास एवं अनुरक्षण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के लिए एजेंसी चयन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही कम्पिल कताई मिल, मऊ आइमा, बहादुरगंज, सलेमपुर एवं बाराबंकी के औद्योगिक क्षेत्रों के मानचित्रों को स्वीकृति दी गई। बलिया, हाथरस, फतेहपुर, बाराबंकी एवं चित्रकूट के औद्योगिक क्षेत्रों के लेआउट प्लान को औद्योगिक विकास आयुक्त ने स्वीकृति दी। कहा कि नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए भूमि बैंक बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करें। औद्योगिक क्षेत्रों में पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया। इस प्रणाली के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित सिविल, विद्युत एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी। सहारनपुर एवं बदायूं भूमि अधिग्रहण के संबंध में यह निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की रोड कनेक्टिविटी को सही करते हुए भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जाए। आवंटन योग्य भूमि का 75% आवंटन पूर्ण होने के पश्चात शेष 25% भूमि का आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया।



बैठक करते अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार।

- **यूपीसीडा बोर्ड की बैठक में लिए गए अहम फैसले, विकास और मरम्मत कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट होगी**

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अवस्थापना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाओं के लिए शासन द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे एक वर्ष के भीतर अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद, एसीओ चर्चिल गौड़, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, वित्त सचिव अनुराग यादव, वित्त नियंत्रक दिनेश कुमार, महाप्रबंधक राजेश परासर आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सुलतानपुर, एजेंसी :** जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गोकशी के मामलों के संबंध में वांछित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनमें से एक व्यक्ति को गोली लगी है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक खुफिया सूचना के आधार पर मंगलवार देर रात को इटकौली जंगल के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध लोगों को रोकने की कोशिश की। सिंह ने बताया कि तीनों पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस के घेराबंदी करने पर इन लोगों ने गोली चला दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलायी जिसमें एक व्यक्ति को पैर में गोली लगी। ये तीनों व्यक्ति गोकशी के मामले में वांछित थे।

# सोनभद्र में मिला लौह अयस्क का नया ब्लॉक

## 3.02 मिलियन टन भंडार का अनुमान, ई-नीलामी से होगा आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के खनन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जनपद सोनभद्र में लौह अयस्क के नए ब्लॉक-डी की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा राज्य सरकार को सौंप दी गई है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव ने बताया कि इस ब्लॉक में करीब 3.02 मिलियन टन लौह अयस्क का भंडार आंका गया है, जिसमें औसत लौह मात्रा लगभग 39.73 प्रतिशत है। इसे प्रदेश के लिए खनिज संपदा के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग से यह अन्वेषण कार्य पूरा किया गया है। अब इस ब्लॉक को माइनिंग लीज पर देने के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और खनन कार्य को गति मिलेगी। खनन शुरू होने के बाद प्रदेश के राजस्व में वृद्धि होगी और सोनभद्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव को रिपोर्ट सौंपते अधिकारी।

# समाचार पत्र पढ़कर हुई नए सत्र की शुरुआत

## विद्यार्थियों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे समाचार पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समसामयिक घटनाओं की जानकारी से अवगत होने और शब्दज्ञान बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों ने नए सत्र में अपनी कक्षाओं का शुभारंभ समाचार पत्र पढ़कर किया। माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र का आरंभ बुधवार से कर दिया गया है। प्रार्थना सभा के बाद छात्र-छात्राओं ने समाचार पत्रों का वाचन किया। इसके लिए विद्यालयों में समाचार पत्रों की उपलब्धता और इसे विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया था।

निर्देश के अनुसार, बच्चों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से समाचार पत्रों को शामिल किया जाए। जिससे बच्चों की स्क्रीन टाइमिंग कम हो सके और पठन-संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए एसीएस पार्थसारथी शर्मा की ओर से निर्देश दिया गया था कि स्कूल की प्रार्थना सभा में प्रमुख समाचारों का वाचन किया जाएगा साथ ही आज के शब्द प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।



लखनऊ के एक स्कूल में अखबार पढ़ते विद्यार्थी।

- **प्रदेश के सभी जिलों को जारी किया गया निर्देश**

हर समय मोबाइल देखने की आदत से बच्चों को दूर करने के लिए प्रत्येक विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को चक्रानुसार समाचार पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल के माध्यमिक विद्यालयों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समाचार पत्र वाचन को स्कूली दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाया जाएगा।




## न्यूज ब्रीफ

### यूओयू में 9 अप्रैल तक ऑनलाइन लें प्रवेश

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 अप्रैल कर दी है। यह बदलाव यूजीसी-डेब के 31 मार्च के नए दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। विवि प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों को अब 9 अप्रैल तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का मौका दिया है। अध्ययन केंद्र और विद्याशाखाओं से अपेक्षा की गई है कि वे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें, जिससे अधिक से अधिक इच्छुक प्रवेशार्थी प्रवेश ले सकें। कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि विवि गुणवत्तापूर्ण और सुलभ ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी अभ्यर्थियों से समय रहते प्रवेश लेने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए विवि की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### पहाड़ों पर हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तराखंड में आगामी दिन मौसम मिलाजुला रहने की संभावना है। राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों (3500 मीटर या उससे अधिक) में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश, गरज-चमक के साथ वर्षा तथा बर्फबारी हो सकती है। वहीं, राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने फिलहाल किसी भी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की है, जिससे साफ है कि स्थिति सामान्य बनी हुई है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में आसमान मुख्यत: साफ से आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

### सिडकुल कंपनी का स्टोर सुपरवाइजर निकला चोर

**रुद्रपुर :** सिडकुल पंतनगर स्थित मैनी स्कैफोल्ड सिस्टम कंपनी में एल्युमिनियम स्क्रैप चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंपनी के एचआर मैनेजर मोर सिंह ने स्टोर सुपरवाइजर झनकार सिंह के खिलाफ थाना पंतनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 28 मार्च की रात वाहन से भेजे गए 288 कट्टों में से 5 कट्टे कम पाए गए थे। जांच में चोरी की पुष्टि होने पर 31 मार्च को आरोपी झनकार सिंह को बनशक्ति मंदिर के पास से चोरी के माल के साथ पकड़ा गया। स्टोर इंचार्ज शिवकुमार की मदद से पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मवेशी चराने गई वृद्धा को बाघ ने मार डाला

**खटीमा, अमृत विचार :** सुरई रेंज के सरपुड़ा क्षेत्र में बुधवार को बाघ के हमले में एक वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गई। जंगल में मवेशी चराने गई महिला पर झाड़ियों में घात लगाकर बैठे बाघ ने हमला कर दिया और उन्हें खींचकर भीतर ले गया। वन विभाग और ग्रामीणों की संयुक्त खोजबीन के बाद महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, सरपुड़ा निवासी गोपुली देवी (62 वर्ष), पत्नी दुर्गा सिंह, बुधवार सुबह करीब 11 बजे अन्य चरवाहों के साथ सुराई रेंज के जंगल में जानवर चराने गई थीं।

### नैनीताल में अब ठेकेदार के माध्यम से होगी टोल वसूली

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नैनीताल नगर पालिका को बड़ी राहत देते हुए बारापत्थर, फांसी का गधेरा और लेक ब्रिज चुंगी से टोल वसूली ठेके के माध्यम से कराने की अनुमति दे दी है। खंडपीठ ने यह आदेश पर्यावरणविद प्रोफेसर अजय रावत की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को दिए।

# 50 से ज्यादा हॉस्पिटल जांच के घेरे में चार डाक्टरों को लुक आउट नोटिस

## मेरठ, लखनऊ व दिल्ली में सक्रिय किडनी खरीदने-बेचने वालों का रैकेट

**कानपुर किडनी कांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- आयुष के संपर्क में आए साइबर ठग अली का भी ब्योरा खंगाल रही है पुलिस
- लखनऊ के डॉ. रोहित, मेरठ के डॉ. अफजल, डॉ. अनुराग, डॉ. वैभव मुद्गल की तलाश

**अमृत विचार:** अवैध किडनी ट्रांसप्लांट मामले में वांछित लखनऊ व मेरठ के चार डाक्टरों की तलाश में टीम जुटी है। पुलिस मेरठ, नोएडा व दिल्ली पहुंच गई है। आरोपी देश से बाहर न जा सकें, इसके लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। बुधवार जांच में सामने आया है कि किडनी बेचने वाले आयुष का संपर्क सबसे पहले साइबर ठग अली नामक व्यक्ति से हुआ था।

उसने आयुष को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा था। पुलिस उसके बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि मेरठ का डॉ. अफजल व लखनऊ का डॉ. रोहित कानपुर समेत मेरठ, लखनऊ, नोएडा और दिल्ली में अब तक सैकड़ों किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुका है। शहर के 50 से ज्यादा अस्पताल जांच के घेरे में हैं।

लखनऊ की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को जीएसवीएस पीजीआई में भर्ती आयुष से पूछताछ की। आरोपियों की काल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) भी निकलवाई जा रही है। आयुष की महिला मित्र भी बिहार से उससे मिलने पहुंची। डाक्टरों के अनुसार किडनी डोनर आयुष और रिसीवर दोनों स्वस्थ हैं। कल्याणपुर के आहूजा अस्पताल में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। बीते रविवार रात यहां मुजफ्फरनगर की पारुल का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था। सोमवार को पुलिस से शिकायत के बाद छापेमारी कर आहूजा अस्पताल के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा, उनकी पत्नी व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कानपुर की उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति आहूजा, दलाल शिवम अग्रवाल, मेड लाइफ हॉस्पिटल के संचालक राम प्रकाश व साझेदार राजेश कुमार, प्रिया हास्पिटल के संचालक नरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था।

लखनऊ के डॉ. रोहित उर्फ राहुल, मेरठ के डॉ. अफजल, डॉ. अनुराग उर्फ अमित, डॉ. वैभव मुद्गल की तलाश की जा रही है। जांच में सामने आया कि टेलीग्राम ग्रुप से अवैध किडनी डोनर व रिसीवर तलाशे जा रहे थे। पुलिस का दावा है कि टेलीग्राम ग्रुप के जरिए ही दलाल शिवम और किडनी बेचने वाले आयुष के बीच संपर्क हुआ। मेरठ के अल्फा अस्पताल से जुड़े डॉ. अफजल ने भी आयुष से संपर्क किया और सौदा तय होने पर पारुल को कानपुर लाया गया। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि वांछित डाक्टरों की तलाश में टीमें लगी हैं।

### हर सदस्य का काम व कमीशन निर्धारित

डॉ. प्रीति और उसके पति डॉ. सुरजीत अहूजा साथियों के साथ किडनी ट्रांसप्लांट में शामिल थे। गैंग में शामिल हर सदस्य का अलग काम व कमीशन निर्धारित था। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के अनुसार शहर में किडनी गैंग ने 50 से ज्यादा किडनी का ट्रांसप्लांट किया है। इस नेटवर्क के तार दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, नेपाल और साउथ अफ्रीका तक फैला है।

## एक लाख की घूस लेता उप शिक्षा अधिकारी गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार:** राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मंगलवार को विजिलेंस देहरादून ने बड़ी कार्रवाई में डोइवाला क्षेत्र से उप शिक्षा अधिकारी को महिला सहयोगी के साथ एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

विजिलेंस विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी धनवीर सिंह बिष्ट उप शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी, डोइवाला के पद पर तैनात है। पीड़ित पक्ष ने शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी उप शिक्षा अधिकारी और उसकी कथित सहयोगी स्कूल संचालिका पुष्पांजलि निवासी देहरादून द्वारा उससे गंगा वैली जूनियर हाईस्कूल, ऋषिकेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत छात्रों की प्रतिपूर्ति बिल के भुगतान के एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। विजिलेंस देहरादून की ट्रैप टीम ने तय योजना के तहत मंगलवार को नेपाली फार्म तिराहे पर अपनी निजी कार से पहुंचे महिला सहयोगी के साथ पहुंचे आरोपी अधिकारी को एक लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ लिया गया।

## प्रदेश के अनुदानित मदरसों में मध्याह्न भोजन में भ्रष्टाचार की जांच के आदेश

लखनऊ, एजेंसी



- प्रदेश में करीब 25 हजार मदरसे 558 को मिलता है अनुदान

प्रदेश सरकार से अनुदान प्राप्त सभी मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी ने 23 मार्च को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र में राज्य सरकार से अनुदान पाने वाले सभी 558 मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार/अनियमितता की जांच करने के आदेश दिए हैं।

पत्र में अखिल भारतीय पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष तलहा अंसारी की ओर से 30 जनवरी को भेजे गये शिकायत पत्र को संलग्न करते हुए कहा गया है कि पत्र में उल्लिखित विवरण की जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अंसारी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कराकर रिपोर्ट देने को कहा गया है। बाराबंकी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने 16 जुलाई 2025 को एक नोटिस जारी किया था जिसमें कहा गया था कि कुछ अनुदानित मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना पर अमल नहीं किया जा रहा है। अंसारी ने कहा कि उन्होंने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से और बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव से जनवरी में शिकायत की थी। उत्तर प्रदेश में करीब 25 हजार मदरसे हैं, जिनमें से 558 को सरकार से अनुदान मिलता है।

## चोर को पकड़ने के प्रयास में जीआरपी सिपाही ट्रेन की चपेट में आया

गोंडा, एजेंसी

**गोंडा** जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पुलिस हिरासत से भाग रहे एक संदिग्ध चोर को पकड़ने के प्रयास में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) का एक सिपाही चलती ट्रेन की चपेट में आ गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मऊ जिले के मूल निवासी व 2018 बैच के सिपाही आकाश सिंह (29) को गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई जब सिंह ने मारपीट और कथित चोरी के आरोप में सुनील कुमार (35) नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पांडेय ने बताया कि पूछताछ के लिए ले जाते समय आरोपी पुलिसकर्मियों से हाथ छुड़ाकर भागने लगा। उन्होंने बताया कि उसी समय डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आ रही थी और आरोपी चलती ट्रेन में चढ़कर भागने की कोशिश करने लगा। पांडेय ने बताया कि सिंह उसे पकड़ने के लिए दौड़े और ट्रेन से नीचे खींच लिया, इस दौरान वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के खाली स्थान में गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए, जिसकी वजह से उनके दोनों पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। पांडेय ने बताया कि घटना के बाद पुलिसकर्मियों की मदद से घायल सिपाही को तत्काल रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है, फिलहाल उनका उपचार किया जा रहा है और गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया है।

## मेरठ में करोड़ों की जीएसटी धोखाधड़ी का खुलासा

**मेरठ, एजेंसी:** जिले में पुलिस की अपराध शाखा ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गंगानगर थाने में दर्ज एक मुकदमे की जांच के दौरान इस बड़े फर्जीवाड़े का पता चला। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच में सामने आया कि ब्रह्मपुरी के प्रताप विहार कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार (56) ने अपने सहयोगी सर्वांग जैन और अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी फर्मों का जाल बिछाया था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा किये गये फर्जीवाड़े से सरकार को करीब तीन करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में इस राशि के और अधिक होने की आशंका जताई जा रही है।

## 15 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर की फैक्ट्री में जांच करते जीएसटी अधिकारी। ● अमृत विचार

- काशीपुर के फर्म संचालकों से लाखों की धनराशि जमा कराई

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की टीम ने काशीपुर क्षेत्र में छापेमारी कर करोड़ों रुपये की जीएसटी पकड़ी है। टीम ने फर्म संचालकों से डीआरसी-03 के माध्यम से लाखों की धनराशि भी जमा कराई है।

विशेष अनुसंधान शाखा के उपायुक्त विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति और कर चोरी पर अकुंश लगाने के उद्देश्य से रूद्रपुर स्थित विशेष अनुसंधान इकाई ने महुआखेड़ागंज-काशीपुर में लेड इंगट बनाने वाली चार निर्माता फर्मों पर छापेमारी की। गठित जांच दलों ने संयुक्त रूप से सर्वेक्षण-जांच और अभिग्रहण की कार्रवाई की। कार्रवाई से पहले फर्मों की व्यापारिक गतिविधियों की गहन निगरानी की गई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि फर्मों ने वर्ष 2023-24 से फरवरी 2026 तक, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड की विवादास्पद फर्मों अथवा आपूर्ति श्रृंखला के विवादास्पद आपूर्तिकार फर्मों से खरीद प्रदर्शित करते हुए अपनी देयता का भुगतान बोगस आईटीसी से किया है।

इस संबंध में फर्म संचालकों से पूछताछ की गई। सर्वे के दौरान व्यापार-स्थल के डिजिटल रिकाड्र्स को अग्रेतर जांच के लिये कब्जे में लिया गया। प्रारंभिक जांच में लगभग 12 से 15 करोड़ के कपटपूर्ण आईटीसी उपलब्ध एवं दावा करते हुए गलत उपभोग किए जाने के संकेत मिले हैं। ओझा ने बताया कि जांच के दौरान डीआरसी-03 के माध्यम से फर्म संचालकों से लाखों रुपये की धनराशि जमा कराई गई है। बताया कि निरीक्षण के दौरान दो इकाइयों में बैट्री स्क्रैप व बैट्री चुरा से भरे दो वाहनों को माल उतारने से पूर्व ही कब्जे में लेकर सचल दल अधिकारियों को अग्रिम जांच के लिये सुपुर्द किया गया।

## स्कूल बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, तीन की मौत

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी:** जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार 45 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना तितावी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर-जलालपुर मार्ग पर हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार ने कहा कि पीड़ितों की पहचान महिपाल (45), उनके बेटे अभि (8) और बेटी राधिका (12) के रूप में हुई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

अधिकारी ने कहा कि महिपाल की पत्नी पूनम (40) गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

## बागपत में मुख्य गन्ना अधिकारी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बागपत, एजेंसी:** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने मुख्य गन्ना अधिकारी राजदीप बालियान को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अधिकारी ने चीनी मिल गेट से ड्यूटी बदलने के एवज में तौल लिपिक से रकम की मांग की थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ग्राम रसूलपुर सांकलपुट्ठी निवासी विशेष कुमार पिछले चार वर्षों से संविदा पर तौल लिपिक के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में उनकी तैनाती सरूरपुर कलां स्थित गन्ना क्रय केंद्र बी पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्यूटी परिवर्तन के लिए हर माह लकी ड्रॉ की प्रक्रिया होती है, लेकिन मिल गेट जैसी कठिन ड्यूटी से बचाने के लिए उनसे 15 हजार रुपये की मांग की गई। रिश्वत की मांग से परेशान होकर विशेष कुमार ने एंटी करप्शन मेरठ यूनिट से शिकायत की। इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

# जनगणना में लोगों के रहन-सहन की भी डिजिटल कुंडली बनेगी

अयोध्या, कार्यालय



- सात से 21 मई तक स्वंय पोर्टल पर दे सकते हैं अपनी जानकारी

**अमृत विचार:** इस बार होने जा रही देश की 16वीं जनगणना अब तक हुई जनगणना से भिन्न होगी। इस बार केवल जनसंख्या की गणना ही नहीं होगी बल्कि आपके रहन-सहन से खान-पान तक की पूरी डिजिटल कुंडली बनाई जाएगी। पहली बार आम लोगों को स्वगणना की सुविधा भी दी जाएगी। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है जिस पर कोई भी नागरिक अपना डाटा स्वयं भी सरकार को उपलब्ध करा सकता है। प्रगणक इसकी पुष्टि करके डाटा आगे बढ़ाएंगे। पूरी प्रक्रिया में अहम् रोल आम लोगों का होगा। प्रगणक से पूछे जाने पर उन्हें सही-सही पूरी जानकारी देनी होगी।

वर्ष 2021 के स्थान पर 2026 में होने जा रही जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों के सूचीकरण के साथ मकानों की गणना होगी। जैसा कि जनगणना निदेशालय से बताया गया यह काम उत्तर प्रदेश में 22 मई से 15 जून तक किया जाएगा। इस बार सरकार ने जनगणना में नई व्यवस्था लागू की है। अफसरों के मुताबिक मकानों के सूचीकरण के पहले 15 दिन का समय स्वगणना के लिए होगा।

जनगणना के इतिहास में पहली बार लागू हो रही नई व्यवस्था के तहत कोई भी व्यक्ति अपनी पूरी जानकारी स्वयं सरकार से जारी पोर्टल पर जाकर भर सकते हैं। यह व्यवस्था मकानों के सूची करण के साथ मकान गणना के साथ दूसरे चरण में सन 2027 में जनसंख्या की गणना में भी लागू रहेगी। इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी। प्रगणक ऑनलाइन ही पूरा डाटा सेव करेंगे और आगे भेजेंगे।

अफसरों के मुताबिक जनगणना में मकानों के सूचीकरण, गिनती की जाएगी। साथ ही घर की स्थिति रहन-सहन, मकान किस सामग्री से बनाया गया है। इसके साथ तमाम अन्य जानकारियां इसमें समाहित की जाएंगी। इसके लिए तय सवाल पूछे जाएंगे।

जनगणना तहसील के गांव और निकाय स्तर पर कराएं जाएंगे। इसके लिए सात से नौ से के बीच की आबादी के ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। इन ब्लॉकों में प्रगणकों की तैनाती की जा रही है। डिजिटल जनगणना के लिए प्रगणकों की मेल आईडी बनाने का काम तहसील स्तर पर शुरू कर दिया गया।

## वाराणसी के मदरसे में लिफ्ट गिरने से एक युवक की मौत

**वाराणसी, एजेंसी :** वाराणसी के एक मदरसे में लिफ्ट गिरने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार देर रात को भेलूपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ी तालाब इलाके में स्थित एक मदरसे में हुई जहां सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा था और बड़ी संख्या में वहां लोग मौजूद थे।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गौरव कुमार ने बताया कि दोनों युवक लिफ्ट से नीचे उतर रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक अनियंत्रित हो गई और नीचे गिर गई। उन्होंने कहा कि आसिफ आदिल (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हसनैन रजा नाम का दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। एसीपी ने कहा कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## निरीक्षण में बाधा डाली तो तय होगी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा डालना नियमों के विरुद्ध होगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय के मुख्य निरीक्षक, उप मुख्य निरीक्षक एवं निरीक्षकों को सभी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करने का पूर्ण अधिकार है।

शासन ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण दल को रोकना, अभिलेख उपलब्ध न कराना या किसी भी प्रकार का असहयोग करना पूर्व में जारी शासनादेशों का उल्लंघन माना जाएगा। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के दौरान मांगे गए सभी अभिलेख तत्काल उपलब्ध कराए जाएं और पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जाए।




**उपलब्धि**

**बरेली की प्रसिद्ध लाल व पीली मिर्च व अन्य गुणवत्ता वाले मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया**

# बरेली के बासमती ने लंदन में बिखेरी सुगंध, बढ़ी निर्यात की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लंदन में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम में यूपी के उत्पादों की हुई सराहना
- यूके, फ्रांस, पोलैंड, चीन, अमेरिका समेत कई देशों के उद्यमियों ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। खासकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया। बरेली की प्रसिद्ध लाल व पीली मिर्च तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इन उत्पादों पर यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के खरीदारों ने विशेष रुचि दिखाई है। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई।

उप्र पवेलियन का उद्घाटन भारतीय उच्चायोग लंदन में सेवारत आईएएस निधि मणि त्रिपाठी ने किया। नेतृत्व मंडी परिषद के सचिव/निदेशक इंद्र विक्रम सिंह ने किया। इस दौरान प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया। इसमें विभिन्न देशों के खरीदार, वितरक, खाद्य विशेषज्ञ और उद्यमियों ने गहरी रुचि दिखाई। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एम्ब्रोसिया ने अपना मेव उत्पाद लांच किया। इस अवसर पर हाई कमीशन ऑफ इंडिया, लंदन की निधि मणि त्रिपाठी, हमना मरियम खान, राकेश दहिया, डॉ. सुधांशु सचिव एपीडा उपस्थित रहे।



लंदन में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम में यूपी के पवेलियन का उद्घाटन करते अधिकारी।

### शहद के नवाचारी उत्पादों ने किया आकर्षित

**अमृत विचार :** स्टॉलों पर मधुमक्खी वाला शहद, नीम हनी, जामुन हनी और वाइल्ड फॉरेस्ट हनी की शुद्धता एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त "हनी विद लेमन" जैसे नवाचारी उत्पाद की अवधारणा को भी सराहा गया। माधव उद्यान स्थित मेव ऑर्चर्ड एस्टेट में उगाए गए फलों और मसालों से निर्मित विशिष्ट उत्पाद अपने स्वाद और प्राकृतिक फ्लेवर के लिए सराहे गए। फॉर्च्यून राइस को यूरोप के खरीदारों से बासमती चावल एवं ताजे कृषि उत्पादों के लिए सकारात्मक व्यापारिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। मोरक्को के एक प्रमुख आयातक के साथ संपर्क स्थापित होना कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# 25 तक 56 किसानों को इफ्को में मिलेगा रोजगार

## प्रबंधन और किसानों के बीच भूदाता के पक्ष में हुआ समझौता

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** आंवला तहसील में भूदाता किसानों की लंबे समय से लंबित रोजगार मांग पर बुधवार को बड़ी प्रगति हुई। इफको प्रबंधन और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बीच हुई बैठक में 13 माह चला धरने का अब असर हुआ और मांग सकारात्मक नतीजे पर पहुंची। बैठक में इफको ने आश्वासन दिया कि 25 अप्रैल तक शेष सभी भूदाता किसानों को रोजगार उपलब्ध करा दिया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण वार्ता में एसडीएम विदुषी सिंह ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। उनकी मौजूदगी में प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि पूर्व सूची में बचे किसानों को तय समय सीमा में नियुक्ति दी जाएगी। भाकियू (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव ने बताया कि किसानों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी और इसके लिए 13 महीनों तक लगातार धरना चला था। संगठन के पदाधिकारी पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि पहले 275 किसानों की सूची दी गई थी, लेकिन इफको के कहने पर इसे घटाकर 56 नामों की सूची सौंपी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 25 अप्रैल तक वादा पूरा नहीं हुआ, तो किसान फिर से आंदोलन करेंगे।

बैठक में प्रशासन की ओर से एसडीएम विदुषी सिंह, जबकि इफको की ओर से एस. निधि और उज्ज्वल सिंह मौजूद रहे। किसान पक्ष से पंकज कुमार शर्मा, महाराज सिंह यादव और वीर सिंह यादव शामिल हुए। फिलहाल इस सहमति से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल है।


एसडीएम विदुषी सिंह के साथ वार्ता करते भाकियू व इफको प्रबंधन के अधिकारी।

## खेत में मिले वृद्धा के शव को जंगली जानवरों ने नोंचा

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** छह दिन पहले घर से लापता हुई बुजुर्ग महिला का शव बुधवार को एक खेत में मिला। जंगली जानवरों ने शव को नोंच डाला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम को भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव बरनाई केशोपुर कि बुजुर्ग महिला शांती देवी ( 75 ) 26 मार्च को अचानक घर से लापता हो गई। परिवार के लोगों ने काफी तलाश किया लेकिन वृद्धा का कहीं पता नहीं चला। बेटे वीरेंद्र ने 27 मार्च गुमशुदगी दर्ज कराई। एक अप्रैल को गेहूं की फसल देखने गये बेटे को जंगली जानवरों द्वारा खाया वृद्धा शव पड़ा मिला। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस को क्षतिग्रस्त शव बरामद हुआ। जिसको कपड़ो व चप्पल से परिजनों द्वारा पहचान की गई।

मृतका के बेटे ने बताया कि उनकी मां की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। पहले भी कई बार खेतो में रह जाती थी। हम रात को ढूंढ क़र ले जाते थे।

# नहीं दी अनुमति, सपा धरने पर अड़ी

संवाददाता, नवाबगंज।


धरना स्थल पर प्रशासन ने समाजवादी पार्टी का टेंट नहीं लगने दिया ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर प्रस्तावित सपा के धरना प्रदर्शन से पहले ही नवाबगंज में सियासी पारा चढ़ गया है। अनुमति को लेकर प्रशासन और सपाइयों के बीच सीधी टकराहट की स्थिति बन गई है। एक ओर प्रशासन बिना अनुमति कार्यक्रम न होने देने पर सख्त है, तो दूसरी ओर सपा कार्यकर्ता हर हाल में तय तारीख, समय और स्थान पर धरना करने पर अड़े हैं।

17 मार्च को सपा प्रतिनिधिमंडल ने भगवत सरन गंगवार के नेतृत्व में एसडीएम को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसके बाद 2 अप्रैल को पटेल चौक पर धरना देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को लेकर लगातार बैठकों का दौर चला और बुधवार को मौके पर टेंट व मंच की तैयारी भी शुरू कर दी गई। इसी बीच प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बिना अनुमति कार्यक्रम की तैयारियां रुकवा दीं। एसडीएम के इस कदम से सपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी खुलकर सामने आ गई। हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी अलर्ट जारी कर दिया है और थाना नवाबगंज समेत आसपास के थानों की फोर्स को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

- धरने से पहले नवाबगंज में टकराव के हालात
- आसपास के थानों की फोर्स को सतर्क रहने के निर्देश

सपा नेता भगवत सरन गंगवार का कहना है कि उन्होंने डीएम से वार्ता की थी, जिसके बाद उन्हें एसडीएम से संपर्क करने को कहा गया। उनका आरोप है कि एसडीएम ने धरना दो दिन टालने की बात कही, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी गुरुवार सुबह 10 बजे तय कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण धरना करेगी।

> धरना उसी जगह होगा, उसी टाइम पर होगा। प्रशासन हमे जेल भेज दे लेकिन हम पिछड़े और दलितों की आवाज दबने नहीं देंगे। भगवत सरन गंगवार पूर्व मंत्री

> बिना विधिवत अनुमति कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता। नियमों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जाएगी। उदित पवार, एसडीएम

धरने से एक दिन पहले जिस तरह दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हैं, उससे गुरुवार को नवाबगंज में सियासी टकराव के हालात बनने के आसार हैं।

## धर्मकांटे पर पैसे मांगने पर हमला, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** गांव भौआपुर निवासी अनुराग मिश्रा ने बताया, कि मंगलवार को वह अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान तथा धर्म कांटे पर बैठा था। इसी दौरान थाना कैंट के ही गांव बरकलीगंज निवासी प्रेम शंकर अपनी लोहे के समान से भरी डीसीएम गाड़ी तौल कराने को लाया। गाड़ी की तौल करते हुए अनुराग ने प्रेम शंकर से तौल के पैसे मांगे। जिस पर वह गाली गलौज की और तमाम लोगों को बुलाकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्कूलों में शुरू हुआ नया सत्र, पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र कीशुरुआत में परिषदीय स्कूलों में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नए बच्चों का कक्षाओं में प्रवेश किया गया। विधायक ने बच्चों को किताबें बांटकर मोबाइल की जगह किताबों को दोस्त बनाने की बात कही।

**नवाबगंज**ःब्लॉक शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र नवाबगंज पर समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. एमपी आर्य ने विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही भविष्य निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। डॉ. आशुतोष गंगवार बीईओ सत्यदेव ने सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।


बच्चों को पुस्तक वितरित करते विधायक डा. एमपी आर्य व बीईओ सत्यदेव।

**शेरगढ़**, में बुधवार को ब्लॉक के परिषदीय एवं निजी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव की धूम रही। इस दौरान विद्यालयों में पहुंचे बच्चों का तिलक और माल्यार्पण करने के साथ ही फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों ने नई कक्षाओं में प्रवेश लिया। युवा मंडल विद्यालय, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रवेश उत्सव की धूम रही। इस अवसर पर भूपराम श्रीवास्तव, कल्याण राय श्रीवास्तव, शिव ओम सिंह, शिखा गंगवार, महक प्रीति तोमर, ज्योति समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**मीरगंज**, में बुधवार को बीआरसी मीरगंज में शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता को समर्पित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया। ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार एवं बीईओ अवनीश कुमार ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण रहा, जिसे अतिथियों द्वारा संपन्न कराया गया।

**कैंट**, क्यारा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीननगर में बुधवार को नए सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। नए सत्र में पहले दिन आने वाले छात्रों को रोली, अक्षत से तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

**आंवला** भरत जी सरस्वती इंटर कॉलेज में नवीन सत्र का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य योगेश कुमार पाठक व उनकी धर्मपत्नी कविता पाठक यजमान रहे। नवीन सत्र के शुभारंभ के लिए हवन पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य मुकेश कुमार गुप्ता , अरविंद मिश्रा , अंकित यादव , कुलदीप सिंह , मोहनलाल , विक्रम प्रताप सिंह चौहान, मुकेश चौहान, कार्यालय प्रमुख चंद्रपाल सिंह, सचिन वर्मा व मोनिका अग्रवाल, सारिका रस्तोगी के साथ विद्यालय के सभी स्टाफ ने भाग लिया।

**अलीगंज,** सदगुरुकुलम पब्लिक स्कूल में नए सत्र के पहले दिन छात्रों का विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचते ही शिक्षकों द्वारा छात्रों पर पुष्पवर्षा की गई तथा उनका तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रवेश द्वार पर प्रतीकात्मक रिबन काटकर एवं छात्रों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार कुशवाहा एवं प्रबंधक मुकुट सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना भी है। प्रधानाचार्य अमित कुमार कुशवाहा ने छात्रों को अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के साथ नए सत्र की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया।

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# नदी में नहाने गया युवक डूबा

**क्योलडिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अमीन नगर में सुम्मेर लाल पुत्र पातीराम के घर में नामकरण संस्कार का कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए संजय नगर के चार दोस्त नामकरण संस्कार में शामिल होने आए थे, जिसमें एक रवि कुमार यादव ( 20 ) निवासी सैनिक कॉलोनी अपने सगे भाई मोनू यादव व दोस्त सोनू शर्मा , शिवम निवासी संजय नगर के साथ आया था। गर्मी ज्यादा होने के कारण पास में ही बह रही देवाह नदी में नहाने के लिए जैसे ही पानी में घुसा गहरा होने के कारण और तैराकी नहीं आने के कारण डूब गया। दोस्त के डूबने से साथ नहाने गए युवक घबरा गए। डूबे युवक की तलाश में क्षेत्र के गोताखोरों को बुलाकर तलाश जारी की गई, जिसमें पीलीभीत के गोताखोरों अमित कुमार ,इंद्रपाल, रोहित कुमार ,ने नदी के अंदर घुसकर डूबे रवि कुमार को बाहर निकाला।


मृतक रवि

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। परिजन उसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों में युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। नामकरण संस्कार की खुशियां दुख में बदल गई युवक की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मांगों का सौंपा ज्ञापन

**शेरगढ़, अमृत विचार** : भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड नंबर 5 मोहल्ला शिव मंदिर अंतर्गत श्मशान भूमि में हैंड पंप लगवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र किसानों को आवासों की धनराशि उपलब्ध कराने तथा नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं और बंदरों से निजात दिलाने की मांग की गई।

## खरीद केंद्रों में एसडीएम ने व्यवस्थाएं परखीं

**नवाबगंज, अमृत विचार:** सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए संचालित केंद्रों की व्यवस्थाओं का बुधवार को एसडीएम उदित पवार ने औचक निरीक्षण किया।

तहसील नवाबगंज क्षेत्र में कृषि उप मंडी स्थल सहित कुल 12 क्रय केंद्र, एक मोबाइल केंद्र तथा भदपुरा ब्लॉक के सुंदरी गांव में भी खरीद केंद्र खोले गये हैं। इन पर किसानों से 2585 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। एसडीएम ने केंद्रों पर कांटा-बांट, नमी मापक यंत्र, बारदाना और पेयजल जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को गेहूं तौलने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें।

एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी भी प्रकार की शिकायत सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

मानपुर, अमृत विचार : चौकी टांडा छंगा के उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राठी ने बताया कि गश्त के दौरान रात में करीमगंज रोड पर सड़क किनारे से वाहिद निवासी कल्यानपुर को एक 315 बोर तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अपराधिक किस्म का युवक कई बार जेल जा चुका है।

# आंवला बार अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला

संवाददाता, आंवला

- बार एसोसिएशन की चुनाव नामांकन प्रक्रिया पूरी, चुनावी तस्वीर साफ

**अमृत विचार ।** आंवला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। अध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला है जबकि दो पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी है।

मुख्य चुनाव अधिकारी सुदेश कुमार शर्मा की जारी सूची के अनुसार, बार अध्यक्ष पद के लिए चार दिग्गजों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा हैं। इस पद के लिए अगर पाल सिंह, अनेक पाल सिंह, कुंवर पाल सिंह और बृजपाल श्रीवास्तव मैदान में डटे हैं।

नामांकन वापसी और जांच के बाद कुछ पदों पर स्थिति पूरी तरह साफ हो चुकी है । इसमें उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार शर्मा व संयुक्त सचिव (प्रकाशन) पद पर सौरभ कुमार शर्मा का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। अन्य महत्वपूर्ण पदों में भी रोमांचक मुकाबला होना है। महासचिव अवनीश तिवारी, गजेन्द्र पाल सिंह और नेमचन्द्र राणा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीसुर्रहमान खान और पदम सिंह मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा और रामदुलार मौर्य के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद से तीसरे प्रत्याशी राजपाल मौर्य ने अपना नाम वापस लिया है। सूची जारी होने के बाद अब बार परिसर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है और प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए जनसंपर्क में जुट गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने पुत्र अरविन्द कुमार व उसकी पत्नी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। परमेश्वरदीन पुत्र श्री हीरालाल नि. भवनपुरवा मजरा सेमरी पर. तह. धौरहरा-खीरी

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित कुमार को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। शारदा कुमार उर्फ रामलखन पुत्र सुखलाल नि. ग्राम व पो. शाहवाजनगर तह. सदर बाजार जिला शाहजहांपुर

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सगे पुत्र अकरम को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। अब्दुल गनी पुत्र अब्दुल अजीज व अकबरी पत्नी अब्दुल गनी निवासीगण हरूनगला थाना कोतवाली पो. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय जिला बरेली

Rakshpal Bahadur Teachers Training Institute, Bareilly
REQUIRES
For B.Ed.
■ Head of Deptt.
■ Lecturer
Qualification as per UGC/NCTE/MJPRU norms
Apply alongwith CV, AADHAR, Photo and all necessary documents within 21 days of publication to email :
jobs@rbmi.in
Ph.: 7217023076
Near ITBP, Bukhara Turn Badaun Road, Bareilly

सूचना
मैंने अपने सबसे बड़े पुत्र अनवर अली व उसकी पत्नी आफरीन के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। शाहजहाँ पत्नी अशफाक हुसैन, निवासी-कुहाड़ापीर, थाना प्रेमनगर, बरेली।

सूचना
मैंने अपने सबसे बड़े पुत्र अनवर अली व उसकी पत्नी आफरीन के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा । अशफाक हुसैन पुत्र स्व. मोहम्मद हुसैन, निवासी-68, गली खिजफिजा, कुहाड़ापीर, थाना प्रेमनगर, बरेली ।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**आंवला अमृत विचार :** नगर से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने और अंग-भंग करने की धमकी दी गई है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### ठिरिया निजावत खां विद्युत उपकेंद्र पर आज ठप रहेगी बिजली

**कैंट, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र ठिरिया निजावत खां के सभी पोषकों की विद्युत आपूर्ति गुरुवार को 5 घंटे बाधित रहेगी। पेड़ों की टहनियों की छटाई कार्य करने से उपकेंद्र के सभी फीडरों पर गुरुवार को दी।

### दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा आंवला पहुंची

**आंवला अमृत विचार ।** दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा आंवला पहुंची है। इस कलश यात्रा में 2400 तीर्थ का जल और रज अभिमंत्रित है जिसके दर्शन मात्र से 2400 तीर्थ का पुण्य आपको प्राप्त होगा शांतिकुंज हरिद्वार से जून 2025 में शुरू यात्रा का समापन जून 2026 में हरिद्वार पहुंचकर होगा। आंवला से यह पीलीभीत शाहजहांपुर और बदायूं की यात्रा तय करेगी ।

### छात्रा से छेड़छाड़ आरोपी ने दी धमकी

**नवाबगंज, अमृत विचार।** छात्रा से छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप लगाकर पीड़िता के परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है बताया गया कि पीड़िता एक कॉलेज की छात्रा है और रोजाना बस से आना-जाना करती है। मंगलवार शाम वह बाईपास पर उतरकर घर की ओर जा रही थी, तभी एक युवक ने उसका हाथ पकड़कर जबरन खींचने की कोशिश की। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और युवक को पकड़ लिया।इस दौरान युवक ने पीड़िता और परिजन को जान से मारने की धमकी दी है।

### दुकानदार ने पीटा,32 अज्ञात पर केस

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले का रहने वाला युवक मोहल्ले की ही एक दुकान पर सामान लेने गया था। युवक द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर थूकने को लेकर दुकानदार से कहा सुनी हो गई और बातों ही बातों में विवाद बढ़ गया। तभी दुकानदार ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। मामले को शांत कराने के वावजूद भी मंगलवार को अपने साथियों के साथ घर में घुस कर अकेली महिला व उसकी दो नाबालिग ननदों के साथ छेड़खानी करते हुए मारपीट की। पीड़िता ने घटना में पांच लोगों के खिलाफ नामजद व 32 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### दवा का शुरू कराया छिड़काव

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मौसम के बदलते मिजाज और बढ़ती गर्मी के चलते नगर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए नगर क्षेत्र में नालियों की साफ सफाई फागिंग एवं एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक सुरजीत सिंह चौहान ने बुधवार को टीम के साथ मोहल्ला परा वार्ड एक से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत नालियों की साफ सफाई फागिंग और एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराए जाने का अभियान शुरू करा दिया गया है।

## पत्नी से परेशान पति पहुंचा थाने, प्रभारी को दी तहरीर

**आंवला अमृत विचार :** तहसील आंवला के ग्राम रेवती से घरेलू कलह और प्रताड़ना का एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। यहाँ एक पीड़ित पति ने कोतवाली पहुँचकर पत्नी के खिलाफ तहरीर दी और पुलिस के सामने फफक-फफक कर रो पड़ा।

ग्राम रेवती निवासी देवेंद्र वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह को बताया कि चार साल पहले हुई शादी में दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि पत्नी आए दिन उसके वृद्ध माता-पिता के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करती है। विरोध करने पर वह झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है।

देवेंद्र ने बताया कि पत्नी घर में रखे माता-पिता के 45,000 रुपये नकद और बहन की शादी के लिए बनवाए गए सोने-चांदी के जेवर लेने से मना किया तो उसने दांतो से काट लिया और चेहरे पर थूकते हुए साथ नहीं रहने की बात कही है। जाते जाते पति का मोबाइल भी तोड़ दिया।

पीड़ित का कहना है कि उसने कई बार ससुराल पक्ष से शिकायत की, लेकिन पत्नी के माता-पिता अपनी बेटी के गलत कृत्यों में उसका साथ दे रहे हैं।प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने उचित जांच और न्याय दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया है।

# 8.50 करोड़ से बहेड़ी में देवरनियां नदी पर बनेगा पुल

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** गांव खिरना में नदी पर पुल के निर्माण को शासन ने मंजूरी दे दी है। आठ करोड़ 54 लाख रूपये में यह पुल तैयार होगा,और इसके लिए 1 करोड़ 28 लाख रूपये जारी भी कर दिए गए हैं। इससे कार्य की शुरुआत होगी।

गांव में देवरनिया नदी पर पुल बनाए जाने की मांग काफी अरसे से हो रही थी। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के सामने ग्रामीणों ने इसकी मांग रखी थी। केंद्रीय मंत्री के प्रयास से प्रदेश सरकार ने इस पुल का निर्माण कराने की मंजूरी दे दी है।

उप सचिव उबास राम ने लोनिवि के प्रमुख अभियंता (विकास ) को लिखे पत्र में दमखोदा ब्लॉक के खिरना गांव में देवरनिया नदी पर लघु सेतु पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग के निर्माण के लिए पैसा मंजूर होने की जानकारी दी है।



दमखोदा ब्लाक के खिरना गांव में देवरनियां नदी पर बनेगा पुल। ● अमृत विचार



केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के बहेड़ी विधान सभा क्षेत्र में सड़कों एवं पुलों के निर्माण को लेकर किए गए प्रयास बेहद सराहनीय और जनता को राहत पहुँचाने वाले हैं।- **भूपेंद्र कुर्मी**, ब्लॉक प्रमुख, शेरगढ़



बहेड़ी -भुड़िया सड़क को टू लेन कराने और खिरना में नदी पर पुल बनवाने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री को बहेड़ी की जनता की तरफ से धन्यवाद।- **चौधरी ओमवीर सिंह**, डायरेक्टर, गन्ना समिति बहेड़ी



बहेड़ी विधान सभा क्षेत्र में सड़कों की हालत काफी खराब थी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सड़कों की हालत सुधारने और नदियों पर पुल बनवाने के जो काम किए हैं, वह प्रशंसनीय हैं। - **अमरिंदर सिंह गोल्डी**, ब्लॉक प्रमुख, बहेड़ी



बहेड़ी की सड़कों की हालत सुधारने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास सराहनीय हैं। बहेड़ी -भुड़िया सड़क चौड़ी होने से जनता को काफी राहत मिलेगी। - **महेश शर्मा**, सभासद नगर पालिका बहेड़ी

# नाहल नदी के जीर्णोद्धार की कार्ययोजना बनाएं

## डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम ने विकास, राजस्व पंचायती राज अफसरों के साथ किया निरीक्षण



मौके पर नक्शे के अनुसार चर्चा करते एसडीएम और अन्य अफसर। ● अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** रामपुर से निकलकर मीरगंज में प्रवेश करने वाली नाहल नदी के जीर्णोद्धार को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सक्रियता तेज कर दी है। बुधवार को उप जिलाधिकारी आलोक कुमार ने ग्राम लभारी के समीप नदी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास विभाग, पंचायत राज विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।

उप जिलाधिकारी ने नाहल नदी के पुनर्जीवन की समग्र योजना तैयार करने के साथ साथ जलस्तर में सुधार के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन की मजबूती पर बल दिया। कहा कि नदी के जीर्णोद्धार से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय किसानों को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा।

### मीरगंज विधायक ने किया नारियल फोड़कर कार्यों का शुभारंभ

**मीरगंज, अमृत विचार :** तहसील मीरगंज क्षेत्र के गावों में विधायक ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया। गांव हैदरगंज में बहगुल नदी पर 228 .27 लाख रुपये कटाव निरोधक कार्य का विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने शुभारंभ किया । मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा और अफसरों ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की ।यह कार्य नदी किनारे हो रहे लगातार कटाव को रोकने के लिए शुरू किया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों की कृषि भूमि सुरक्षित होगी और ग्रामीणों को भविष्य में संभावित नुकसान से राहत मिलेगी। इस दौरान छोटेलाल गंगवार, डॉ. नरोत्तम मौर्य, दीनानाथ गंगवार, मंजू कोरी और देश दीपक समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ग्राम पंचायत गौतारा में भी रामगंगा नदी पर कटाव निरोधक कार्य का शुभारंभ विधायक ने किया। इस अवसर पर पंकज गंगवार (ग्राम प्रधान), भूपेंद्र गंगवार व विभाग के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, ग्रामवासी गण, क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इस बार नदी के कायाकल्प का कार्य पूरी गंभीरता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

गौरतलब है कि विगत वर्ष भी उत्तर प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत नाहल नदी के जीर्णोद्धार की पहल की गई थी। उस समय जिलाधिकारी के निर्देश पर अप्रैल और मई माह में कार्य प्रारंभ हुआ था और कुछ स्थानों पर कार्य प्रगति पर भी दिखाई दिया था। लेकिन बरसात के कारण कार्य रूक गया। अब एक बार फिर प्रशासन की सक्रियता से नाहल नदी के पुनर्जीवन की उम्मीदें जाग उठी हैं।

यदि यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होता है तो क्षेत्र में जल संकट से राहत मिलने के साथ-साथ पर्यावरणीय दृष्टि से भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। इस दौरान बीडीओ आनन्द विजय यादव, एडीओ पंचायत वीपी सिंह, लेखपाल अनिल कुमार, यादराम, प्रधान नौसना अकील अहमद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान आरंभ

**अलीगंज ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया।

प्रभारी अधीक्षक डॉ सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि यह अभियान 1 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। अभियान में प्रधानों के माध्यम से सफाई कर्मचारियों द्वारा गांव की साफ सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव और फागिंग करवाई जाएगी। दस से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा इसमें आशा, आगनवाड़ी कार्यकर्ता घर घर जा कर साफ सफाई, मच्छर से बचाव, बुखार केस की जांच, टी बी रोग , कुष्ठ रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी और उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### हरी झंडी दिखाकर किया अभियान आरंभ



**मीरगंज, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान बुधवार से प्रारंभ हो गया । अभियान के सफल संचालन के लिए ग्राम प्रधानों,नगर पंचायत सदस्य, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री,आशाओं आदि का अभिमुखीकरण किया जा चुका है ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 वैभव राठौर ने जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा संचारी रोगों की रोकथाम अपने आसपास सफाई करवाकर पूर्ण रूप से कर सकते हैं ।उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमित कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा ।जिसके अंतर्गत आशाएं घर-घर जाकर दस्तक देंगी और समस्त प्रकार के रोगों की स्क्रीनिंग करेंगी। इस दौरान डा. सुरेंद्र कुमार पाल, पुनीत सक्सेना प्रेमपाल, धनेश्वर गिरी,विनय पाल सिंह,हेमलता आदि रहे।

## स्मार्ट मीटर को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, नवाबगंज।

**अमृत विचारः** नगर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है व्यापार मंडल ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही स्मार्ट मीटर लगा कर रहा है, जिससे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुनने का अधिकार होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में विभाग द्वारा इस विकल्प को नजरअंदाज किया जा रहा है। उनका आरोप है कि बिना किसी शासनादेश दिखाए और बिना सहमति के मीटर बदले जा रहे हैं, जो उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।

इस संबंध में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी उदित पवार को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि नगर में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और मीटर स्थापना की प्रक्रिया उपभोक्ता की इच्छा के अनुरूप ही कराई जाए।ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उर्फ लल्लू, अरविंद पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार चड्ढा,अरविंद गुप्ता, शोएब अंसारी,सुरेंद्र राठौर,वरुण, आदि लोग उपस्थित रहे। मांगों पर ध्यान नहीं देने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।



एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी।

## साली के साथ दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

● बहेड़ी क्षेत्र में नाबालिग साली को फुसलाकर किया था दुष्कर्म

**अमृत विचारः** नाबालिग सालीको बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी थाना बहेड़ी क्षेत्र निवासी युवक की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हेमेन्द्र कुमार सिंह ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि ग्रामीण ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री अपने मामा के घर आयी थी। वहां उसके मामा की बेटी का शादीशुदा देवर भी आया था।

वह पुत्री को 2 जनवरी को बहला फुसलाकर ले गया। आरोपी के परिजनों से पूछा तो दुर्व्यवहार कर भगा दिया। वहीं पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 2 जनवरी को जीजा का उसके पास फोन आया। वह किसी को बिना बताए जीजा के साथ रूद्रपुर चली गयी, जहां दोनों ने किराए पर कमरा लिया। 4 जनवरी को मंदिर में शादी की। जीजा ने कई दफा शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर 17 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेज दिया था।

### जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कैंट, विचार :** कैंट पुलिस ने जिला बदर अपराधी दीपक पुत्र दीनदयाल निवासी चनेहटी उसके घर से गिरफ्तार करके गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## न्यूज डायरी

### जितिन से की बहेड़ी-मुंडिया रोड़ के चौडीकरण कराने की मांग

**बहेड़ी।** युवा राष्ट्रीय लोकदल ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को बहेड़ी -मुंडिया नबी बक्श रोड़ के चौडीकरण कराने के लिए ज्ञापन दिया है। कहा कि यह सड़क जर्जर अवस्था में है, और कई दर्जन गांव इस सड़क से जुड़े हुए हैं। युवा राष्ट्रीय लोकदल के ज़िलाध्यक्ष सचिन सिंह के नेतृत्व में युवा लोकदल का एक प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मिला। इन्होंने श्री प्रसाद को इस सड़क के महत्व और सड़क के चौडीकरण से बड़ी आबादी को लाभ मिलना बताया। मंत्री से मिलने वालों में महानगर अध्यक्ष विजय बहादुर, योगेंद्र सिंह, कमलजीत सिंह और शहादत हुसैन थे।



### गन्ना बकाया भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी




**नवाबगंज, अमृत विचार :** ओसवाल गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर पैनी नजर संस्था की अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन अपने लिखित आश्वासन को पूरा करने में पूरी तरह विफल रहा है। संस्था ने चेतावनी दी है कि जल्द भुगतान न होने पर 161 गांवों के किसान तहसील परिसर में एकत्र होकर आंदोलन शुरू करेंगे । संस्था अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने बताया कि पूर्व में प्रशासन के लिखित आश्वासन और भुगतान के लिए तीन माह का समय देते हुए पर किसानों ने धरना समाप्त किया था इसकी समयसीमा 31 मार्च को पूरी हो चुकी है। इस दौरान वहीद अहमद, रामरतन गंगवार, खेमकरन गंगवार, ब्रह्मानंद गंगवार और नेपाल सिंह गंगवार, नानक चंद आदि रहे।

### 20 लोगों का आँखों के मुफ़्त ऑपरेशन के लिए हुआ चयन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** आँखों की मुफ़्त जांच और ऑपरेशन शिविर में सौ से ज़्यादा लोगों की जांच की गई। 20 लोगों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। एसआरएमएस के डॉक्टरों की टीम ने आँखों की जाँच की। जी डब्लू एस,ख़िदमते इंसानियत चेरिटेबल ट्रस्ट और हुसैनी कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में लगे इस कैंप में मरीज़ों की आँखों की जाँच के बाद दवा दी गई। चयनित हुए लोगों का ऑपरेशन भोजीपुरा अस्पताल में होगा। इस मौके पर एसआरएमएस के निदेशक आदित्य मूर्ति ने ऑपरेशन वाले मरीज़ों की पूरी देखभाल का भरोसा दिया। इस मौके पर एसआरएमएस के मैनेजर डॉ आई यू खान,मीर सैय्यद अफ़ज़ल अली,मोहम्मद शादाब खान ,शाहरुख बिन हामिद,मोहम्मद शादाब कादरी,मोहम्मद नफीस अंसारी,इरशाद मुनीम और डॉक्टर शाहिदा मौजूद रहीं।



### कथा के तीसरे दिन परीक्षित चरित्र का प्रसंग सुनाया



**कैंट, अमृत विचार :** लालफाटक स्थित शिव धाम कॉलोनी के वृद्धाश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास मुमुक्षु 'दद्दा' ने श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और कर्म की गूढ़ शिक्षाएं दीं। उन्होंने कुंती स्तुति में विपत्तियों के माध्यम से ईश्वर स्मरण का महत्व बताया, वहीं भीष्म स्तुति में श्रीकृष्ण को सर्वव्यापी परमात्मा के रूप में प्रस्तुत किया। परीक्षित जन्म प्रसंग में कलियुग, श्राप और सात दिन में मोक्ष प्राप्ति को धर्म और नियति का अद्भुत उदाहरण बताया गया। कथा व्यास ने चतु:श्लोकी भागवत का विद्वत्तापूर्ण वर्णन करते हुए कपिल-देवहूति संवाद के जरिए सांख्य योग की महत्ता समझाई। ध्रुव की अटूट भक्ति का प्रेरक प्रसंग भी सुनाया गया। साथ ही भूगोल, खगोल और 28 प्रकार के नरकों का उल्लेख करते हुए कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही मुक्ति का सरल और श्रेष्ठ मार्ग है।

## प्रतिबंधित मछली से लदा ट्रक पकड़ा, चालक फरार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बुधवार को मत्स्य विभाग और पुलिस टीम ने हाईवे पर प्रतिबंधित मैगूर मछली से लदा एक ट्रक जब्त किया है। यह ट्रक पश्चिम बंगाल से हरियाणा ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

बरेली मंडल की उप निदेशक गायत्री पांडेय ने बताया कि उन्हें प्रतिबंधित मैगूर मछली की तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर मत्स्य टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से ट्रक का पीछा किया। तस्कर और चालक वहगुल नदी के पुल के पास ट्रक छोड़कर भाग निकले।

ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें से लगभग 20 से 25 क्विंटल मैगूर मछली बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे।

मत्स्य विभाग की टीम ने मछली का सैंपल जांच के लिए लखनऊ लैब भेजा है। जब्त किए गए ट्रक को थाने में खड़ा कर दिया गया है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



जांच करते मत्स्य विभाग के कर्मचारी।

## तय स्थल पर ही बने परशुराम चौक

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** आंवला नगर में भगवान परशुराम चौक को सोसाइटी चौराहे की तय जगह पर ही बनाए जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश बढ़ गया है। बुधवार को ब्राह्मणों ने एसडीएम विदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया कि पूर्व में तय स्थल पर निर्माण में अनावश्यक बाधाएं खड़ी की जा रही हैं, जिसे समाज स्वीकार नहीं करेगा।

इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता निर्दोष चतुर्वेदी व सुनील शर्मा (गांधी महाराज) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर स्वीकृत स्थान पर ही चौक निर्माण कराने की मांग रखी थी। मंत्री ने स्थल को उपयुक्त मानते हुए पालिका ईओ को निर्माण कराने के निर्देश देने का आश्वासन दिया था।

बुधवार को युवाओं ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में उसी स्थान पर निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग दोहराई। एसडीएम ने पालिका ईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही, 19 अप्रैल को परशुराम जयंती पर प्रस्तावित भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थल की साफ-सफाई कराने का आग्रह भी किया गया। इस दौरान ब्राह्मण सभा के नितिन महाराज, माधव पाराशरी, योगेश शर्मा, होरी लाल शर्मा, अमित पाराशरी, राहुल पाराशरी, नितिन शर्मा, राधे राधे शर्मा, राज शर्मा ,आलोक शर्मा, दिवाकर उपाध्याय ,आशीष, अनुज शर्मा, दिनेश शर्मा, विमल त्रिपाठी, संतप्रसाद शर्मा आदि ब्राह्मण मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद मौजूद ब्राहमण महासभा के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### सात दिन बाद लौटा 'लापता' दीपक

**बबराला, अमृत विचार :** दुर्गा अष्टमी के दिन शोभायात्रा देखने निकला 14 वर्षीय किशोर अचानक लापता हो गया। सात दिन बाद उसकी सकुशल घर वापसी की जो कहानी सामने आई वह किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है। नगर के मोहल्ला कल्लू नगला निवासी रोहिताश गौतम का पुत्र दीपक 26 मार्च को घर से शोभायात्रा देखने निकला था, लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की। यहां तक कि तांत्रिकों की शरण भी ली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी।

### नाले में मिला चार दिन से लापता युवक का शव

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव धारंगपुर में बुधवार को नाले में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी सलमान के रूप में हुई है, जो पिछले चार दिनों से लापता चल रहा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव धारंगपुर निवासी इसरार का पुत्र सलमान 27 मार्च को घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसे आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश किया, लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका।

### मेला देखने गई युवती लापता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार को अपनी 22 वर्षीय बेटी के साथ मेला देखने गई थी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद विक्की शर्मा निवासी मोहल्ला बेनी चौधरी उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया।

# ऊधम सिंह गैंग का शॉर्प शूटर 50 हजार का इनामी आशु मुरादाबाद में मुठभेड़ में ढेर

## व्यापारी से रंगदारी की रकम लेने पहुंचा था मोंटी, एसटीएफ और सिविल लाइन्स पुलिस के साथ हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एसटीएफ और मुरादाबाद पुलिस के साथ संयुक्त मुठभेड़ में बुधवार को ऊधम सिंह गैंग का शॉर्प शूटर आशु चड्ढा उर्फ मोंटी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया है। मोंटी मुरादाबाद के व्यवसायी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसटीएफ की फील्ड यूनिट मेरठ को सूचना मिली कि ऊधम सिंह गैंग का शॉर्प शूटर आशू चड्ढा उर्फ मोंटी इन दिनों मुरादाबाद में सक्रिय है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। मोंटी ने पिछले दिनों सिविल लाइन्स क्षेत्र के प्रतिष्ठित कारोबारी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। एसटीएफ टीम का अनुमान था कि मोंटी कारोबारी को धमकाकर रंगदारी की रकम वसूलने की फिराक में है। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने मुरादाबाद की सिविल लाइन्स पुलिस से संपर्क करके संयुक्त ऑपरेशन की चलाया। सिविल लाइन्स क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में उधम सिंह गैंग के शॉर्प शूटर आशु उर्फ मोंटी पुत्र भरत सिंह निवासी मीरापुर कलां थाना हाफिजपुर गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया है। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शूटर का शव कब्जे में लिया है।



शॉर्प शूटर से मुठभेड़ की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे एसएसपी। ● अमृत विचार

- मुरादाबाद के व्यवसायी से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने में था वांछित
- मोंटी पर घोषित था 50 हजार का इनाम, जिला अस्पताल में भर्ती

मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी मोंटी के मारे जाने की सूचना मिलते ही आला पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। सिविल लाइन्स पुलिस के अनुसार मोंटी पर हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती जैसे जघन्य अपराधों के लगभग 36 मुकदमे दर्ज हैं। मोंटी थाना सिविल लाइंस निवासी व्यवसायी से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास के अपराध में वांछित चल रहा था और उस पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित गया था। पुलिस ने आरोपी के पास स्विफ्ट कार के साथ ही पिस्टल, रिवॉल्वर, बंदूक और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं।

### जेल में ऊधम सिंह गैंग से मोंटी का हुआ संपर्क



एसटीएफ के अनुसार आशु चड्ढा उर्फ मोंटी पुत्र भरत सिंह निवासी मीरापुर कला थाना हाफिजपुर जनपद हापुड वर्ष 2010 में हत्या के मामले में जेल गया था। वहां पर ऊधम सिंह गैंग से उसका संपर्क हुआ और जमानत होने के बाद वह उधम गैंग के लिए काम करने लगा। इसके बाद अपराध को ही अपना व्यवसाय बनाकर लूट हत्या करने लगा जिस पर अलग-अलग धाराओं में 36 मुकदमे पंजीकृत हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और रंगदारी मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं। सुपारी लेकर हत्या करने के कई मामलों में वह शामिल था।

# एसपी संभल की शादी में शामिल होने पर सपाइयों को हिदायत

भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार :** जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व बरेली की एएसपी आईपीएस अंशिका वर्मा के शादी समारोह में शामिल होने को लेकर पार्टी की नाराजगी से समाजवादी पार्टी के विधायक और नेता टेंशन में हैं। सपा ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विधायकों और नेताओं को हिदायत जारी कर दी है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई का विवाह 29 मार्च को जोधपुर में बरेली में तैनात आईपीएस अधिकारी अंशिका वर्मा के साथ संपन्न हुआ था। विवाह समारोह निजी और सीमित दायरे में आयोजित किया गया था, लेकिन इसके अगले दिन आयोजित रिसेप्शन कार्यक्रम में एसपी द्वारा रिश्तेदारों, मित्रों, बिश्नोई समाज के लोगों के साथ-साथ संभल जनपद के कुछ प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया था।

इसी आमंत्रण पर संभल जनपद से समाजवादी पार्टी के विधायक और कुछ नेता जोधपुर पहुंचे और समारोह में शामिल हुए। शादी समारोह में संभल विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक इकबाल महमूद, असमोली से विधायक पिंकी यादव, गुन्नौर से विधायक रामखिलाड़ी यादव तथा सपा जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी प्रमुख रूप से शामिल हुए। शादी समारोह के दौरान एसपी को बधाई देते सपा विधायकों व नेताओं के फोटो सोशल मीडिया पर नजर आये तो राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। शादी समारोह के अगले दिन 31 मार्च को समाजवादी पार्टी की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई।

### शादी में शामिल नेताओं ने साधी चुप्पी

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के शादी समारोह में सपा विधायकों के शामिल होने व दंपति को बधाई देने के फोटो 30 मार्च की रात को ही सोशल मीडिया पर नजर आने लगे थे, लेकिन सपा का संदेश जारी हुआ तो अचानक यह फोटो गायब हो गये। वहीं सापा नेताओं ने भी चुप्पी साध ली। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली से पार्टी की हिदायत को लेकर पूछा गया तो वह बोले कि उनकी जानकारी में नहीं है कि पार्टी ने कुछ कहा है।

### विवादित टिप्पणियों में अगली सुनवाई 13 को

**चंदौसी, अमृत विचार :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट में दायर दो मामलों में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को निर्धारित की गई है। इन मामलों में एक याचिका सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ है, जबकि दूसरा मामला कांग्रेस सांसद इमरान मसूद से संबंधित विचाराधीन है। दिल्ली निवासी हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने 21 अगस्त को अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि कांवड़ियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।

# लखीमपुर खीरी में ट्रेन से टकराकर बाघिन की मौत

**बांकेगंज:** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र में मैलानी-बांकेगंज रेलखंड पर बुधवार की सुबह एक बाघिन का शव पाया गया। माना जा रहा है कि बाघिन की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। इस घटना से एक बार फिर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

मैलानी रेंज के वफर जोन में बुधवार सुबह गश्त के दौरान वनकर्मियों को रेल पटरी के किनारे बाघिन का शव पड़ा मिला। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन, डीएफओ कीर्ति चौधरी ने मौका मुआयना किया। इसके बाद बाघिन के शव को मैलानी रेंज मुख्यालय लाया गया। डीएफओ कीर्ति चौधरी ने बताया कि मृत बाघिन की उम्र लगभग पांच वर्ष थी। शव का तीन पशु चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें मौत का कारण ट्रेन से टकराना ही पाया गया।



भीखमपुर जंगल में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा बाघिन का शव।

दुधवा के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण ट्रेन से टकराना ही सामने आया है। मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं हुई है।

# शादी की पहली रात दुल्हन ने पति को पीटा

संवाददाता, बिलासपुर

- दुल्हन के भाई ने सिर फोड़ा, आई गंभीर चोट, अस्पताल में भर्ती,
- दूल्हे के पिता ने दी तहरीर, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में दुल्हन ने दुल्हे को सुहागरात के दिन पीट दिया। इसके बाद बैठी पंचायत में कहासुनी बढ़ने पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने ईंट से दूल्हे का सिर फोड़ दिया। मामला थाना पहुंचा, जहां दुल्हन ने दूल्हे के साथ रहने से इनकार कर दिया। पंचायत के बाद दुल्हन परिजनों के साथ उत्तराखंड के किच्छा कस्बे में चली गई। यह मामला पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। घायल दूल्हे को सीएचसी पर भर्ती कराया गया है।

कस्बे के लक्ष्मीनगर निवासी कन्हैया ने शादी से पहले दुल्हन को लेकर काफी सपने संजोये थे, लेकिन शादी के बाद वही दुल्हन उसके लिए खतरनाक साबित हुई। बताया जाता है कि कन्हैया की शादी रविवार को उत्तराखंड के किच्छा निवासिनी युवती से रविवार को आर्य समाज रीति से हुई थी। शादी के बाद दुल्हन विदाई होकर घर पहुंची। घर में देर शाम तक दावत और खुशी का दौर चलता रहा। देर रात सभी ने दुल्हन और दूल्हे को कमरे में भेज दिया।

कुछ देर बाद कमरे से चीख-पुकार और मारपीट की आवाजें आने लगीं। परिजनों ने दरवाजा खुलवाया तो दूल्हे ने बताया कि दुल्हन ने उसको पीट दिया है। इसके बाद परिजनों ने रात में दुल्हन के परिजनों को फोन किया और उन्हें घटना की जानकारी दी। पुलिस को भी सूचना दी।



पत्नी और साले के हमले से घायल पति। ● अमृत विचार

### दुल्हन का साथ रहने से इनकार, गई मायके

दूल्हे के पिता गनपत कश्यप ने बताया कि दिन में हुई कहासुनी और मारपीट के बाद देर शाम दोबारा पंचायत बैठी। इसमें लड़की ने कन्हैया के साथ रहने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। बाद में लिखित समझौता तैयार किया गया और लड़की अपने परिजनों के साथ घर लौट गई। वहीं दूल्हे के पिता ने मारपीट की तहरीर थाने में दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रहगवां वि.खं. मझगवां जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहगवां के गिरन्दपुर में वार्षिक कार्ययोजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में मनरेगा राशि से स्वीकृत ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट अन्य की आपूर्ति की जाती है। जिसकी सीलबन्द निविदायें पंचायत कार्यालय पर दिनांक 02.04.2026 से 04.04.2026 को 2 बजे तक आमंत्रित की जाएगी। जिसे 04.04.2026 को शाम 5 बजे खोला जायेगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | रहगवां के गिरन्दपुर में लीलाधर के घर से हेमराज के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण। | 3,68,662/- |
| 2 | रहगवां के गिरन्दपुर में महेन्द्र के घर से विद्याराम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 2,54,580/- |

रविन्द्र राणा (सचिव) आरफा खान (प्रधान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत खिरका विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-खिरका विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/ 16वें वित्त, 5वें वित्त / 6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अपराह्न 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

श्री जितेन्द्र (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतुईया खास विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली।**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सतुईया खास विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

श्री रामकुमार (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सतुईया पट्टी विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सतुईया पट्टी विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

श्रीमती पूजा (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरिया खेतल विकास खंड फतेहगंज प0, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-ठिरिया खेतल विकास खंड-फतेहगंज प0 बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अपराह्न 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

श्री महेन्द्र पाल (प्रधान) श्री सुरेन्द्रवीर गंगवार (सचिव)

**आवश्यक सूचना**

सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि अमरदीप निधि लि0 फाइनेन्स कम्पनी (रजि0) पता-भारती मेडीकल के पास, मोहल्ला मीरा सराय, जनपद बदायूं की वित्तीय स्थिति अस्थायी रूप से कमजोर हो यी है। सभी प्रकार की जमा राशि का भुगतान समय पर न हो पाने के लिए क्षमा प्रार्थी है। निकट भविष्य में सभी ग्राहकों का पैसा लौटाया जायेगा। जिसके लिए कम्पनी प्रयासरत है। ग्राहकों से धैर्य बनाये रखने की गुजारिश है। ग्राहकों से अनुरोध है कि अनावश्यक हिंसा न करें अन्यथा विधिक कार्यवाही होगी। अधिक जानकारी के लिए कम्पनी के अधिकृत एजेन्ट सुमित सागर व असद खां, एवं डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार से संपर्क करें।

डायरेक्टर
जितेन्द्र कुमार
अमरदीप निधि लि0, बदायूं

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर**

पत्रांक: 195/न.पा.परि.बी./25-26 दिनांक: 01.04.2026

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा निराश्रित गौवंशीय पशुओं के लिए बनाये गये अस्थाई गौ संरक्षण केन्द्र में उपस्थित निराश्रित पशुओं के भरण पोषण हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक के लिए भूसा एवं चोकर क्रय किया जाना है, जिसके लिए सीलबंद कुटेशन दिनांक 01.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कृषक/आपूर्तिकर्ता/विकेता फर्म स्वामी अपनी-अपनी प्रति कुन्टल की दर से सीलबंद कुटेशन दिनांक 10.04.2026 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर में रखे कुटेशन बाक्स में डाल सकते हैं। कुटेशनदाताओं को अपने लेटर पैड अथवा सादे पेपर पर टाइपशुदा अपनी-अपनी दरें एवं मात्रा प्रति कुन्टल/कि.ग्रा. में अंकित करना अनिवार्य होगा। कटिंग/फ्लूड लगे कुटेशन आमान्य होंगे। प्राप्त कुटेशन इसी दिनांक को सायं 04:00 बजे सक्षम अधिकारियों द्वारा उपस्थित कुटेशनदाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। समय उपरान्त प्राप्त कुटेशनों पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही सशर्त कुटेशनों पर विचार किया जायेगा। शेष नियम व शर्ते नगर पालिका कार्यालय में कार्यशील दिवस में आकर सम्बन्धित विभाग से मालुम की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
जनपद-पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
जनपद-पीलीभीत

**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, जनपद बदायूं**

पत्रांक: सी-13/जि.प्रो.का./उ.व्य.उ.सु./प्रेस-विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक: 01.04.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उपयुक्त व्यक्ति (फिट पर्सन)/उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी)/फास्टर केयर ग्रुप फास्टर केयर के रूप में मान्यता हेतु आवेदन**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत बालकों को सुरक्षित पारिवारित वातावरण में देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनः एकीकरण कराने हेतु उपयुक्त व्यक्ति, उपयुक्त सुविधा, फास्टर केयर तथा ग्रुप फास्टर केयर के रूप में जनसामान्य में लोकहितैषी भावना से कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्तियों, स्वयंसेवी संस्थाओं से अपनी सेवायें देने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपयुक्त व्यक्ति तथा उपयुक्त सुविधा की सेवायें निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। ऐसे व्यक्ति/संस्थायें जो बालकों को बुनियादी सेवायें उपलब्ध कराने में शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम हों, किसी भी अनैतिक या आपराधिक कार्य में संलिप्त न हो तथा बाल संरक्षण अथवा सामाजिक कार्य करने के क्षेत्र में अनुभवी हों, आवेदन हेतु पात्र होंगे। विस्तृत जानकारी तथा आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट https://mahilakalyan.up.nic.in से डाउनलोड करें अथवा कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कक्ष संख्या 44, कलेक्ट्रेट बदायूं से प्राप्त कर उक्त कार्यालय में जमा करें।

अभय कुमार
जिला प्रोबेशन अधिकारी
बदायूं

**कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली**

पत्रांक सं.- 1163/टीआर/यू.पी.-25 डीएन-4245/2026/बरेली दिनांक: 27.02.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री भूरे पुत्र श्री प्रेमपाल नि. मोहल्ला मोहब्बतगंज गौटिया, मजरा नगरिया, आंवला, बरेली के नाम पंजीकृत वाह संख्या यूपी-25 डीएन-4245 को वित्त पोषक आर.बी.एल. बैंक, 16 फ्लोर, एम.पी. रियल टॉवर, रिलायवल टेक पार्क, एरोली, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र पिन-400708 द्वारा वाहन की किस्ते अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है, तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में है फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61(2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया गया है। वाहन स्वामी तथा वित्त पोषक को इस कार्यालय के पत्र संख्या 2194/2025 दिनांक 14.10.2025 प्रारूप- 37 संलग्न कर प्रेषित किया गया। इसके उपरान्त पत्र संख्या 1041/2025 दिनांक 23.12.2025 एवं पत्र संख्या 1122/2026 दिनांक 09.02.2026 को प्रेषित किये गये। उक्त वाहन स्वामी को अन्तिम सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किये गये, किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए है। अतः उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाते हुये फ्रेश पंजीयन प्रमाण-पत्र वित्त पोषक के पक्ष में निर्गत कर दिया जायेगा जिसके लिये वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी
(प्रशासन), बरेली

# दो अधिकारियों की हत्या संसद में गूंजी

**प्लांट पर हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज तहसील के थाना मूसाझाग क्षेत्र स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर दो अधिकारियों की हत्या का मामला लोकसभा में उठाया गया है। बुधवार को सांसद आदित्य यादव ने लोकसभा में हत्याकांड का मुद्दा उठाया।

सांसद ने कहा कि एचपीसीएल प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की प्लांट के भीतर निर्मम तरीके से हत्या की गई थी जो सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। अधिकारी कई बार अपनी जान को खतरा बताकर प्रशासन और पुलिस को लिखित शिकायत दे चुके थे लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। 4 फरवरी 2026 को प्लांट में पहले भी हमला हुआ था फिर भी आरोपी को न तो गिरफ्तार किया गया और न ही अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान की गई।



संसद में दोहरे हत्याकांड का मुद्दा उठाते सांसद आदित्य यादव।

- प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर गोली मारकर की गई थी दो अधिकारियों की हत्या

आरोप लगाया कि आरोपी को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था जिसके कारण पुलिस और प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की। सांसद ने पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की। कहा कि यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और औद्योगिक सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। सांसद ने मांग की कि दोषी अपराधियों, लापरवाह पुलिस अधिकारियों और उन्हें संरक्षण देने वाले प्रभावशाली लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# मजदूरी न मिलने से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार:** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मणगंज में बुधवार को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के पीछे पैसों के विवाद और लगातार मिल रही धमकियों को वजह बताया जा रहा है।

मोहल्ला लक्ष्मणगंज, सीकरी गेट पुलिस चौकी के पास निवासी इरशाद (40) ने बुधवार सुबह घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि जिला अस्पताल से भी उसकी हालत नाजुक देखते हुए अन्यत्र रेफर किया गया, लेकिन निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में इरशाद ने दम तोड़ दिया।

**प्रतियोगिता** | महात्मा गांधी स्टेडियम पर चल रहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट

# कुंडेश्वरी ने बरेली झुमका को दी 6-1 से शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट में कुंडेश्वरी ने बरेली झुमका को 6-1 गोल से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि संजय नरूला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल में किक मारकर मैच शुरू कराया।

स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर बुधवार की शाम कुंडेश्वरी और बरेली झुमका की टीमों के बीच मैच खेला गया। पहले हाफ में कुंडेश्वरी के खिलाड़ी अजय ने मैच शुरू होते ही दूसरे मिनट मे 1 गोल मारकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 20 वें मिनट में पवन ने गोल दाग कर 2-0 की बढ़त बना ली। बरेली झुमका की टीम पहले हाफ में गोल के लिए संघर्ष करती रही लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ के 45 वें मिनट में कुंडेश्वरी के पवन ने एक ओर गोल कर दिया और 49 वें मिनट में अजय ने एक गोल कर बरेली झुमका की टीम के हौसले पस्त कर दिए। 60 वे मिनट में कुंडेश्वरी के बलजीत ने पांचवा गोल दागा और 64 वें मिनट में कुंडेश्वरी के लवकुश ने छठा गोल कर मुकाबला एक तरफ कर दिया। मैच के आखिरी 2 मिनट पहले बरेली झुमका के खिलाड़ी कार्तिक ने गोल कर टीम को शून्य से हारने से बचा लिया। अजीत कुमार निर्णायक रहे। शिवम और आदित्य नें लाइन मैन की भूमिका निभाई। डॉ.अनूप कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, मनोज कुमार उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अभिषेक, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, नितिन इशू मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री विजेंद्र कुमार ने की। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुरुवार का फुटबॉल मैच यंग मैन क्लब टांडा और हीरो क्लब रामपुर के बीच शाम 4 बजे से खेला जाएगा।



फुटबॉल मैच में खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### गैस, पेट्रोल की किल्लत की अफवाह फैलाने पर 10 युवक गिरफ्तार

**जयपुर।** भीलवाड़ा जिले में गैस, पेट्रोल और डीजल की किल्लत की अफवाह फैलाने पर मंगलवार को 10 युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध के दौरान गैस और पेट्रोलियम की किल्लत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रख रही थी। इस दौरान सोशल मीडिया पर ऐसे 10 अकाउंट की पहचान की गई, जिनपर अफवाह फैलाई जा रही थी। ये लोग फॉलोअर्स और व्यूअर्स बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालकर भ्रम फैला रहे थे।

### नवीन खाती गिरोह का शार्पशूटर नजफगढ़ से किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नजफगढ़ इलाके से नवीन खाती गिरोह के एक कथित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान सज्जन उर्फ लाला (34) के रूप में हुई है। सूत्र ने बताया, लाला नजफगढ़ इलाके का निवासी है। उसके पास से एक पिस्तौल और दो गोलियां बरामद की गई हैं। उसके ठिकाने के बारे में सटीक जानकारी मिलने के बाद उसे मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

### नाइजीरियाई नागरिक की मौत की मजिस्ट्रेट जांच के दिए गए आदेश

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली में पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में हुई 32 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक की मौत की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार शाम को तब हुई जब गश्त कर रही एक टीम ने राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास एक व्यक्ति को सड़क पर गलत दिशा में स्कूटर चलाते देखा और उसे रुकने का इशारा किया। इस व्यक्ति ने अपने स्कूटर से पुलिस की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उसे पकड़कर पूछताछ के लिए टैगोर गार्डन के पास स्पेशल स्टाफ के कार्यालय ले जाया गया, जहां बेचैनी की शिकायत पर पुलिस उसे गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दस लाख रुपये की लूट में पीड़ित का बेटा ही निकला मास्टरमाइंड

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में दो नकाबपोश बदमाशों द्वारा हवा में गोलियां चलाकर एक शख्स से 10 लाख रुपये लूटने के मामले में पीड़ित के बेटे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित का बेटा ही इस वारदात का मास्टरमाइंड (मुख्य षड्यंत्रकर्ता) है। आरोपियों की पहचान तवलीन उर्फ रेहत, मोहित कुमार तिवारी और पंकज के रूप में हुई है।

# लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हुआ जमकर हंगामा

## भाजपा और विपक्षी सदस्यों के बीच तीखी तकरार के कारण विधेयक पर चर्चा टली

- विपक्ष का आरोप-विधेयक से गैर सरकारी संगठनों पर नियंत्रण करना चाहती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर बुधवार को तीखी राजनीतिक बहस छिड़ गई। एक ओर जहां भाजपा ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए आवश्यक बताया, वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने आरोप लगाया कि इससे अल्पसंख्यकों के अधिकारों में कटौती होगी और गैर-सरकारी संगठनों पर सरकार का नियंत्रण सख्त होगा। विधेयक को बुधवार को लोकसभा के आधिकारिक एजेंडा में चर्चा के लिए सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन सदन में चर्चा नहीं हुई।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बताया कि यह निर्णय विधायी प्राथमिकताओं पर आधारित था, न कि राजनीतिक कारणों से ऐसा किया गया। उन्होंने संसद परिसर में कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। कई विधेयक पेश किए गए हैं और हम स्थिति और समय के अनुसार उन पर विचार करते हैं। आंध्र प्रदेश से संबंधित विधेयक (अमरावती को राजधानी घोषित करने के लिए) अत्यावश्यक था, इसलिए इस पर आज चर्चा हुई।

रीजीजू ने कहा कि सरकार कानून बनाने में उचित प्रक्रिया का पालन करती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जो आरोप लगा रहा है, उस पर ध्यान न दें। वास्तविकता देखें। हम नियमों के अनुसार कार्य करते हैं और आवश्यकतानुसार कानून लाते हैं। हम नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकते। हम नियमों का पालन करते हैं। संशोधन विधेयक का बचाव करते हुए भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने विपक्ष के इस आरोप को खारिज कर दिया कि विधेयक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाता है।

उन्होंने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों और बहुसंख्यकों के बीच भेदभाव नहीं करती, जैसा विपक्ष करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शर्मा ने संसद भवन परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा, यदि गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्राप्त विदेशी निधियों का उपयोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने, मीडिया और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने या नक्सलवाद को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है, तो राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सरकार के लिए प्रतिबंध लगाना निश्चित रूप से आवश्यक है।




**विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में किया प्रदर्शन**

कांग्रेस के नेतृत्व में कई विपक्षी सांसदों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन किया और प्रस्तावित कानून को वापस लेने की मांग की। गैर-सरकारी संगठनों और संस्थानों को निशाना बनाना बंद करो लिखे विशाल बैनर को लहराते हुए विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और विधेयक को वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के कई सांसद, सपा की डिंपल यादव और राम गोपाल यादव, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, राकांपा (शप) की सुप्रिया सुले और आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन सहित अन्य लोग शामिल हुए। विधेयक को लेकर कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को लोकसभा की बैठक शुरू होने के पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई।

## संसद के बजट सत्र को बढ़ाए जाने के आसार

**नई दिल्ली।** संसद का वर्तमान बजट सत्र बृहस्पतिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि सरकार महिला आरक्षण को लागू करते हुए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करने के लिए एक विधेयक लाने के उद्देश्य से अप्रैल के तीसरे सप्ताह में दो-तीन दिनों के लिए फिर से बैठक बुलाने की योजना बना रही है। इस साल 28 जनवरी को शुरू हुआ बजट सत्र दो अप्रैल को समाप्त होना था, लेकिन सरकार इसे कुछ दिनों के अंतराल के बाद दो-तीन दिन और बढ़ाने पर विचार कर रही है।

सरकार का मानना है कि बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति संबंधित सदनों को स्थगित कर सकते हैं और अगली बैठक के लिए एक निश्चित तारीख की घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित नहीं किया जाएगा, बल्कि इस घोषणा के साथ स्थगित किया जाएगा कि एक निश्चित तिथि पर फिर से बैठक होगी। हम बहुत जल्द, इसी महीने में फिर से मिलेंगे। सूत्रों का कहना है कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह में दो-तीन दिनों के लिए दोनों सदनों की बैठक बुलाई जा सकती है।

# सीएपीएफ विधेयक विरोध के बीच राज्यसभा में पारित

- विपक्ष ने लगाया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का आरोप बहिर्गमन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राज्यसभा ने बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों की सेवा शर्तों एवं पदोन्नति से जुड़े सीएपीएफ विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्ष ने यह आरोप लगाते हुए बहिर्गमन किया कि यह विधेयक सशस्त्र बलों के मनोबल को गिराएगा और इसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए लाया गया है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि कानून बनने के बाद बलों का बेहतर प्रबंधन होगा और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया गया है ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में काडर का बेहतर प्रबंधन कर इसकी कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके। मंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सीएपीएफ के अधिकारी काफी समय से प्रस्तावित विधेयक का विरोध कर रहे थे।

### अमरावती होगी आंध्र की स्थायी राजधानी

लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा, तेदेपा और कांग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया, लेकिन वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

### ट्रांसजेंडर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। कानून मंत्रालय के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र की ओर से निर्धारित तिथि से लागू होगा। लेकिन विपक्षी सांसदों ने विधेयक की आलोचना की है।

## राजेश खन्ना की पत्नी का दर्जा देने की मांग खारिज

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेत्री अनीता आडवाणी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता राजेश खन्ना के साथ अपने कथित रिश्ते को शादी के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की एकल पीठ ने आडवाणी द्वारा दायर उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इस मामले में मुंबई के दिंडोशी सत्र अदालत द्वारा 2017 में दिए गए आदेश को चुनौती दी थी।

सत्र अदालत ने जुलाई 2012 में खन्ना के निधन के बाद इसी तरह की राहत के अनुरोध वाले अभिनेत्री के दीवानी वाद को खारिज कर दिया था।

आडवाणी ने दावा किया था कि वह खन्ना के साथ कई वर्षों तक लिव-इन रिलेशनशिप में थीं, जब तक कि 2012 में उनकी अलग रह रहीं पत्नी डिंपल कपाडिया, बेटी ट्विंकल खन्ना और दामाद अक्षय कुमार ने उन्हें अभिनेता के बंगले से बेदखल नहीं कर दिया।

# हाईकोर्ट ने कहा, दिल्ली बन गई बाल तस्करी मंडी

- रेलवे स्टेशनों और आसपास होने वाली घटनाओं पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी बाल तस्करी की मंडी बन गई है। अदालत ने रेलवे और पुलिस को उस जनहित याचिका पर जवाब देने को कहा, जिसमें रेलवे स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों में बाल तस्करी की घटनाओं पर चिंता जताई गई है।

मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस द्वारा दायर जनहित याचिका पर रेलवे, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को नोटिस जारी किया। पीठ ने पाया कि न्यायिक आदेशों के बाद भी बाल तस्करी का खतरा बना हुआ है। उसने एनसीपीसीआर को इस मामले में उचित निर्देश पारित करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई के लिए तय करते हुए एनसीपीसीआर से अपने सुझाव देने को भी कहा। सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की, दिल्ली अब बाल तस्करी की मंडी बन गई है और इस तथ्य को जानने के लिए आपको याचिका पढ़ने की जरूरत नहीं है। बस दो घंटे (रेलवे स्टेशनों के आसपास) घूमिए।

अदालत ने गौर किया कि हालांकि रेलवे सहित अन्य विभागों द्वारा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए उपाय अपनाए गए, लेकिन प्रभावी कार्यान्वयन की कमी के कारण स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रभसहाय कौर ने कहा कि 2018 से 2024 के बीच रेलवे परिसर में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 84,000 से अधिक बच्चों को बचाया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि एक घटना ऐसी भी हुई थी जिसमें आनंद विहार रेलवे स्टेशन से बचाई गई एक बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने के बजाय तस्करों को वापस सौंप दिया गया था, और बाद में एक छापेमारी में उसे फिर से बचाया गया।

## केरल में असम के व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या

**कोच्चि।** केरल में असम के एक व्यक्ति की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या किये जाने को लेकर बुधवार को पीड़ित के गृह राज्य के छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने मोबाइल फोन की चोरी की संदेह में उक्त व्यक्ति को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला। पेरुम्बावूर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि छह आरोपियों अलाउद्दीन , जाकिर हुसैन, हबीबुद्दीन, मुज़म्मिल हक, हाचेन अली और मीनारुल से पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी दर्ज की गई।

पुलिस ने कहा कि 25 वर्षीय जिस व्यक्ति की मौत हुई है, वह तथा छह आरोपी पेरुम्बावूर के एक प्लाईवुड कारखाने में काम करते थे। अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह के समय उस मकान में हुई जहां आरोपी और अन्य प्रवासी श्रमिक रहते थे। यह मकान उसी कारखाने के पास है जहां ये लोग काम करते थे। अधिकारी ने कहा कि इस व्यक्ति को पीटने के बाद, आरोपी उसे अस्पताल ले गये जहां उसने दम तोड़ दिया।

## दतिया के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती भेजे गए जेल

**दतिया, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस के विधायक राजेंद्र भारती को दिल्ली की एमपीएमएलए अदालत ने 25 साल पुराने बैंक के एफडी ब्याज घोटाले में आज दोषी ठहराया है। इसी क्रम में सुनवाई के बाद कोर्ट ने विधायक राजेन्द्र भारती को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 तथा बीएनएस की अन्य धाराओं के तहत हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। मामले की सजा पर अभी अंतिम फैसला आना शेष है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह मामला लगभग 25 साल पूर्व का भूमि विकास बैंक से जुड़ा है, जिसमें विधायक राजेन्द्र भारती ने अपनी मां के नाम 10.50 लाख रूपये की एफडी कराई थी, जिस पर 13.50 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा था। राजेन्द्र भारती पर आरोप था कि उन्होंने तीन साल की एफडी को ज्यादा ब्याज के लालच में बैंक अध्यक्ष रहते हुए 2001 में फिर दस्तावेजों में गड़बड़ कर अवधि बढ़वा दी, ताकि ब्याज ज्यादा मिलता रहे। 2003 में बैंक प्रबंधन को इस गड़बड़ की जानकारी लगी तो इसकी जांच कराई गई, जिसमें विधायक राजेन्द्र भारती व उनकी मां को दोषी पाया गया। बाद में यह मामला उपभोक्ता फोरम से लेकर दतिया की कोर्ट में पहुंचा तो विधायक राजेन्द्र भारती ने निष्पक्ष सुनवाई के लिए मध्यप्रदेश से बाहर मामला सुनवाई की अपील की।

## सेना की पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी कमान को नए कमांडर मिले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लेफ्टिनेंट जनरल वीएमबी कृष्णन ने बुधवार को पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। उनके पास इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में चार दशकों का समृद्ध और विविध सैन्य अनुभव है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वे लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. तिवारी का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए थे। बुधवार को सेना की पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान को भी नये कमांडर मिले। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र पाल सिंह ने पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने एक दिन पहले ही सेना के उप प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, जिन्होंने पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दक्षिणी कमान का नेतृत्व किया था, अब सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल चुके हैं। इसके अलावा, लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने बुधवार को दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया।

## महाराष्ट्र में सड़क हादसे में आठ श्रमिकों की मौत

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार को तेज रफ्तार एक ट्रक ने एक टेम्पो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में आठ महिला श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम पूरा करने के बाद महिलाओं के एक समूह के घर लौटने के दौरान घटी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि टेम्पो में चालक समेत कुल 11 लोग सवार थे। जैसे ही वाहन चलने वाला था, मुंबई की ओर जा रहे तेज रफ्तार एक ट्रक ने उसे कडवांची गांव में पीछे से टक्कर मार दी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# कांग्रेस जीती तो असम में घुसपैठियों की रक्षा को लाएगी कानून : मोदी

## कहा-उसका लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना

**गोगामुख/बेहाली (असम), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं-एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था।

बिस्वनाथ जिले के बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं किया। जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है।



असम के गोगामुख में एक जनसभा के दौरान स्थानीय प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

## प्रियंका गांधी का मुख्यमंत्री हिमंत पर निशाना कहा- असम को लूट रहा एक परिवार

**नाजिरा/तिंगखोंग (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है। वाड्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा-धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। उन्होंने असम में भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा ने कहा था कि उसने डबल इंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम का आरोप लगाया।

## तमिलनाडु: स्टालिन ने भाजपा पर लगाया राज्य में हिंसा की 'साजिश' रचने का आरोप

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उत्तर प्रदेश और मणिपुर की तरह तमिलनाडु में हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए यहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की एक रैली को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा लागू योजनाओं का विवरण दिया। उन्होंने पंचपुर बस टर्मिनल, मिनी स्टेडियम, जल्लीकट्टू मैदान, मॉडल स्कूल और संयुक्त पेयजल योजनाओं जैसी पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के दोबारा सरकार बनाने के बाद, कामराज के नाम पर एक विशाल पुस्तकालय, एक टाइडल पार्क और एक ओलंपिक अकादमी का इस क्षेत्र में उद्घाटन किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में तिरुचिरापल्ली के लिए 26,066 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की गई हैं और इसीलिए मैं आपसे वोट मांगने आया हूं।

### भाजपा ने द्रमुक के खिलाफ जारी किया आरोपपत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने एक 'आरोपपत्र' जारी किया है जिसमें द्रमुक सरकार पर व्यवस्थित भ्रष्टाचार, वित्तीय कुप्रबंधन और स्पष्ट हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाया गया है। भाजपा ने राज्य सरकार पर अवैध रेत खनन और विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

चेन्नई स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में जारी आरोपपत्र में द्रमुक शासन के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिनमें राज्य में शराब विपणन कार्यों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गड़बड़ी, राजमार्ग निविदाओं में हजारों करोड़ रुपये की गड़बड़ी और व्यापक नगरपालिका घोटाले शामिल हैं। आरोपपत्र में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के प्रशासन पर व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया गया है। साथ ही सनातन धर्म और हिंदू देवी-देवताओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया गया है।

### केरल : एलडीएफ ने सोने के टुकड़ों के लिए भगवान अयप्पा से किया विश्वासघात : राजनाथ

**कोच्चि, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में भगवान सुरक्षित नहीं हैं क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वह स्पष्ट रूप से सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जिस तरह जूडस ने यीशु मसीह को धोखा दिया, उसी तरह एलडीएफ ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। उन्होंने एलडीएफ औरयूडीएफ पर केरल की जनता के साथ विश्वासघात, समाज को विभाजित करने, अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का भी आरोप लगाया।



प. बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं सीएम ममता बनर्जी।

## नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी, नए अफसर खारिज कर सकते हैं : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतने को कहा है। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नयी व्यवस्था है। निर्वाचन आयोग द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को आपका नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसलिए नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतें। ममता ने महिलाओं से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की। कहा कि भाजपा महिला विरोधी हैं इसलिए एसआईआर में तार्किक विसंगति का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं। बनर्जी ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का भी स्वागत किया और कहा कि वह इससे खुश हैं। बाद में, बर्वान में एक अन्य रैली में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों से उनके बैंक खाता नंबर मांग रही है और उन्हें चेतावनी दी कि वे उन्हें साझा न करें।

### प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में हिंसा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नाराज पार्टी कार्यकर्ता बाहरी प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे, जो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच झड़प में बदल गया। उनकी मुख्य शिकायत पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सोमेन मित्रा के बेटे रोहन मित्रा को बल्लीगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर थी। प्रदर्शनकारियों का दावा था कि जायद हुसैन को पहले इस सीट से टिकट का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उत्तेजित कार्यकर्ताओं ने आरोप था कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने चुनाव के लिए टिकट बेचे हैं।



आप दीवार के चित्रों को बदल कर इतिहास के तथ्यों को नहीं बदल सकते।

**-जवाहर लाल नेहरू**, पूर्व प्रधानमंत्री

## भगवान भरोसे भीड़

बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ की घटना महज एक 'दुर्घटना' नहीं, बल्कि व्यवस्थागत पंगुता और प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत प्रमाण है। 8 महिलाओं की मृत्यु और 15 से अधिक का घायल होना यह सवाल उठाता है कि क्या आधुनिक भारत में नागरिक के जीवन का मूल्य केवल कुछ हजार रुपयों के मुआवजे तक सिमट कर रह गया है? इस त्रासदी का मुख्य दोषी पंडा कमेटी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन का वह 'अहंकारी समन्वय' है, जिसने 25 हजार की भीड़ को भगवान भरोसे छोड़ दिया। पंडा कमेटी का पुलिस से सुरक्षा की मांग न करना उनकी अक्षमता और वर्चस्ववादी सोच को दर्शाता है, लेकिन क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से केवल इसलिए पल्ला झाड़ सकता है कि उसे व्यवस्था प्रबंध हेतु 'आमंत्रण' नहीं मिला? खुफिया विभाग और स्थानीय पुलिस को हर साल चैत्र के आखिरी मंगलवार को जुटने वाली इस भीड़ का पूर्वानुमान क्यों नहीं था? क्या पुलिस इतनी दिशाहीन हो गई है कि उसे 25,000 लोगों के जमावड़े की आहट तक नहीं मिली? सबसे विडंबनापूर्ण स्थिति सुरक्षा प्राथमिकताओं की है। जिस दिन यह त्रासदी हुई, उसी दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2,500 पुलिसकर्मी तैनात थे, जबकि मंदिर में 25,000 आम नागरिकों के लिए एक भी नहीं। यह 'अतिविशिष्ट' बनाम 'आम जनता' का वह असंतुलन है, जो लोकतंत्र के मूल ढांचे पर प्रहार करता है। घटना के बाद कुछ अधिकारियों का निलंबन मात्र प्रशासनिक 'खानापूरी' है, जिससे मूल समस्याओं का समाधान नहीं होता। एंबुलेंस और सहायता में देरी यह पुष्टि करती है कि आपदा प्रबंधन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। देश में मंदिरों और बाबाओं के समागमों में होने वाली भगदड़ की घटनाओं में पिछले कुछ बरसों में 12,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सत्य है कि आस्था भीड़ लाती है, लेकिन सच यह भी है कि प्रशासन को उस भीड़ का प्रबंधन करना होता है। हर विफलता के बाद शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालकर बच निकलता है।

इन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल संवेदना प्रकटीकरण या मुआवजा पर्याप्त नहीं है। हमें एक 'राष्ट्रीय भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल' की आवश्यकता है। हर धार्मिक स्थल की एक 'वहनीय क्षमता' तय होनी चाहिए। भीड़ बढ़ने पर 'होल्डिंग एरिया' का निर्माण और प्रवेश पर नियंत्रण अनिवार्य हो। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से वास्तविक समय में भीड़ की घनत्व की निगरानी की जानी चाहिए ताकि 'क्राउड क्रिटिकल पॉइंट' की पहचान पहले ही हो सके। धार्मिक समितियों और पुलिस के बीच एक अनिवार्य समन्वय केंद्र हो, जहां बिना किसी औपचारिक मांग के भी पुलिस तैनाती सुनिश्चित की जाए। तंग जगहों पर स्थित मंदिरों में 'वन-वे' प्रवेश और निकास के साथ आपातकालीन निकासी मार्ग की सख्त व्यवस्था होनी चाहिए। समाज और सरकार को यह समझना होगा कि व्यवस्था की कमी से होने वाली मौतें 'ईश्वर की इच्छा' नहीं, बल्कि 'मानवीय भूल' हैं। यदि हमने आदिवासी नक्सल प्रभावित जैसे दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था पहुंचा दी है, तो हम अपने तीर्थस्थलों पर बुनियादी सुरक्षा ढांचा क्यों नहीं विकसित कर सकते? आस्था का सम्मान तभी होगा जब श्रद्धालु सुरक्षित घर लौट सकें।

### प्रसंगवश

## भौतिक सुखों के बीच गुम होती आत्मिक प्रसन्नता



**शिवालिक अवस्थी**
लेखक

खुशी क्या है? इस सवाल का जवाब शायद ही किसी को ठीक-ठीक पता हो, लेकिन सरल शब्दों में कहा जाए, तो आत्मसंतुष्टि ही वास्तविक खुशी है। आज की तेज रफ्तार दुनिया में हम अक्सर इस संतुष्टि के भाव को समझ ही नहीं पाते। यदि हम अपने आसपास नजर दौड़ाएं, तो पाएंगे कि हम अपनी खुशी को दूसरों के व्यवहार से जोड़ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हम सच में अपने भावनाओं पर नियंत्रण रखने वाले इंसान हैं या फिर दूसरों के व्यवहार से संचालित होने वाली मशीन? निःसंदेह, इंसान होने के नाते हमारे भीतर अपार शक्ति और आत्मनियंत्रण की क्षमता होती है। जैसे-जैसे व्यक्ति सफलता की ओर बढ़ता है, उसके भीतर आत्मविश्वास और प्रसन्नता के बीज स्वतः अंकुरित होने लगते हैं, लेकिन वर्तमान समय में धैर्य और संयम का अभाव विशेष रूप से युवाओं में साफ दिखाई देता है। आज का युवा भीड़ में खुद को खोया हुआ महसूस कर रहा है। आंतरिक सुख मानो उसके भीतर कहीं दब गया है, जबकि भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर उसका झुकाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि भौतिक सुख क्षणिक होते हैं। ये कुछ समय के लिए तो आनंद दे सकते हैं, लेकिन स्थायी संतुष्टि नहीं दे सकते। हमारे शास्त्र भी दीर्घकालिक सुख की खोज पर जोर देते हैं, जो केवल भौतिक साधनों से संभव नहीं है। आज के दौर में भौतिक सुख-सुविधाओं में सबसे प्रमुख स्थान मोबाइल फोन ने ले लिया है। यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

आज लगभग हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है, लेकिन इसके कारण परिवार के बीच रहकर भी लोग अकेलापन महसूस कर रहे हैं। संयुक्त परिवारों का विघटन और मोबाइल की बढ़ती लत ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खासकर युवा वर्ग इसका सबसे अधिक शिकार हो रहा है, जो अपना अधिकांश समय मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि मोबाइल का उपयोग केवल कॉल या जरूरी कार्यों तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। भावनाओं और व्यवहार में बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। कई युवा मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वास्तविक खुशी उनसे दूर होती जा रही है। हाल ही में जारी हुई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2026 भी इस स्थिति की पुष्टि करती है। इस रिपोर्ट में 147 देशों को विभिन्न मानकों-जैसे प्रति व्यक्ति आय, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और पारदर्शिता के आधार पर आंका गया। फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क जैसे देश शीर्ष स्थानों पर रहे, जबकि भारत 4.536 अंकों के साथ 116 वें स्थान पर है। यह आंकड़े बताते हैं कि भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक संतुष्टि का स्तर अभी भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिदिन 2.5 घंटे से अधिक मोबाइल का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जबकि सीमित उपयोग लाभकारी हो सकता है। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग ज्ञानवर्धन और सूचना प्राप्ति के लिए किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक समय चैटिंग, रील्स और गेम्स में बिताना उचित नहीं है। हमारी खुशी हमारे अपने हाथों में है। साधन केवल उपयोग के लिए होते हैं, उनका सही या गलत इस्तेमाल हम पर निर्भर करता है। यदि हम मोबाइल और सोशल मीडिया से कुछ समय निकालकर परिवार, आत्मविकास और ज्ञान की ओर ध्यान दें, तो न केवल हमारा मन शांत रहेगा, बल्कि जीवन में सच्ची खुशी का अनुभव भी संभव हो सकेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## ऊर्जा संकट के बीच भारत की राह






**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को गहरे संकट में डाल दिया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर अनिश्चितता ने न केवल अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, बल्कि ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की आर्थिक स्थिरता को भी चुनौती दी है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इस संकट से सीधे प्रभावित हो रहा है। बढ़ती ऊर्जा कीमतें महंगाई, चालू खाता घाटा और औद्योगिक लागत को बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकती हैं।

ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत सरकार और आम नागरिक मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालें, ताकि अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। सरकार के स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण होना चाहिए। भारत को केवल खाड़ी देशों पर निर्भर रहने के बजाय रूस, अमेरिका, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस आयात के विकल्प बढ़ाने होंगे। इससे किसी एक क्षेत्र में संकट का प्रभाव कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करना आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में देश के पास पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो। यह नीति न केवल अल्पकालिक राहत देगी, बल्कि दीर्घकाल में ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम नवीकरणीय ऊर्जा पर तेजी से निवेश बढ़ाना है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी है कि वह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करे और स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़े। इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि पेट्रोल और डीजल की खपत को कम किया जा सके। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ऊर्जा संकट का सीधा बोझ आम नागरिकों पर न पड़े। इसके लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर करों में अस्थायी राहत दी जा सकती है। साथ ही, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लक्षित सब्सिडी व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, ताकि उनकी क्रय शक्ति पर असर न पड़े। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सस्ता, सुलभ और अधिक प्रभावी बनाना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि लोग निजी वाहनों के बजाय बस, मेट्रो और ट्रेन का उपयोग करेंगे, तो ईंधन की खपत कम होगी और आयात बिल भी नियंत्रित रहेगा।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उद्योगों को ऊर्जा बचाने वाली तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों पर सब्सिडी देना एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। इससे उत्पादन लागत कम होगी और प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार को कूटनीतिक स्तर पर भी सक्रिय रहना होगा, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में स्थिरता बनी रहे और भारत को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, जहां सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है, वहीं नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

आम नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके ऊर्जा की खपत को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अनावश्यक बिजली उपकरणों को बंद रखना, एलईडी बल्ब का उपयोग करना और ऊर्जा दक्ष उपकरणों को अपनाना सरल, लेकिन प्रभावी उपाय हैं। रसोई में गैस के उपयोग को नियंत्रित करना और खाना पकाने के तरीकों में बदलाव भी एलपीजी की खपत को कम कर सकता है। निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग से बचना भी एक बड़ा कदम हो सकता है। कार-पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसे विकल्प अपनाकर न केवल ईंधन की बचत की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाया जा सकता है।

इसके अलावा, जो लोग सक्षम हैं, वे सोलर पैनल जैसे विकल्पों में निवेश करके अपनी बिजली की जरूरतों को आंशिक रूप से स्वयं पूरा कर सकते हैं। जीवनशैली में बदलाव भी इस संकट से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आज के समय में उपभोग की आदतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। यदि नागरिक "कम उपभोग और अधिक बचत" की नीति अपनाएं, तो न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि आर्थिक स्थिरता भी बनी रहेगी। स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना भी एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे परिवहन पर होने वाली ऊर्जा खपत कम होती है।

अंततः यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है। यदि सरकार दूरदर्शी नीतियों के साथ आगे बढ़ती है और नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं, तो भारत न केवल इस संकट से उबर सकता है, बल्कि भविष्य में एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। यही समय है जब ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाकर एक संतुलित और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> यह ऊर्जा संकट भारत के लिए एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि अत्यधिक आयात पर निर्भरता भविष्य में बड़े जोखिम पैदा कर सकती है और अवसर इसलिए कि भारत अपनी ऊर्जा नीति को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बना सकता है।

### आमने सामने



जैसे नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप नियंत्रित करते हैं, वैसे ही मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर रहे हैं। पिनाराई विजयन अपने भ्रष्टाचार के कारण मोदी के दबाव में हैं। एलडीएफ सरकार अब वामपंथी नहीं, बल्कि 'कॉर्पोरेट फंडेड' सरकार बन गई है। यह इस बात का सबूत है कि बीजेपी और एलडीएफ के बीच 'सीक्रेट डील' है।

**-राहुल गांधी**, सांसद कांग्रेस

यह समझ नहीं आता कि राहुल को कौन सलाह दे रहा है और वे ऐसे बेतुके बयान क्यों दे रहे हैं। राहुल जमीन से कटे हुए नेता हैं, जिन्हें केरल की वास्तविकता का पता नहीं है। खुद 'इंडिया' गठबंधन के नेता बनने का दावा करते हैं, तो वे उसी गठबंधन के साथियों पर इस तरह के हमले कैसे कर सकते हैं?

**- पी. संदोष कुमार**
सांसद सीपीआई



## उपभोग की मृगतृष्णा को भुनाता बाजार



**डॉ. शिवम भारद्वाज**
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारतीय लोकजीवन में दो वाक्य लंबे समय से समानांतर रूप से चलते आए हैं- "तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर" और "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।" पहली कहावत मर्यादा, संयम और यथार्थ के साथ जीवन जीने की सीख देती है, दूसरी, जो चार्वाक दर्शन से जुड़ी है, तत्काल सुख के लिए भविष्य की चिंता से मुक्त होने का आग्रह करती है। ये दोनों सूत्र केवल लोकोक्तियां नहीं हैं, वे भारतीय समाज के भीतर मौजूद दो मानसिकताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज का भारत इन्हीं दो ध्रुवों के बीच झूलता दिखाई देता है। एक ओर विवेक, दूसरी ओर उपभोग का आकर्षण, जो कई बार आधुनिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। लंबे समय तक भारतीय समाज, विशेषकर मध्यवर्ग, पहली दृष्टि के साथ जीता रहा। सीमित आय, सीमित संसाधन और सीमित इच्छाएं इन तीनों के बीच एक सहज संतुलन था। आर्थिक आत्मनिर्भरता और ऋणमुक्ति सामाजिक प्रतिष्ठा का हिस्सा थीं। बचत करना केवल आर्थिक विवेक नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार था। एक ऐसा संस्कार, जो भविष्य के प्रति भरोसा पैदा करता था।

उदारीकरण के बाद जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार से गहराई से जुड़ी, तो परिवर्तन केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा। इसके साथ एक नई उपभोक्ता संस्कृति भी समाज में तेजी से फैलने लगी। बाजार ने केवल वस्तुएं नहीं दीं, उसने इच्छाओं का एक विस्तृत संसार रचा और धीरे-धीरे आवश्यकताओं को इच्छाओं और इच्छाओं को अनिवार्यता में बदल दिया। "अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें" का आकर्षक नारा जीवनशैली का हिस्सा बन गया। क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और आसान किश्तों ने उपभोग को तत्काल संभव बना दिया। उपलब्ध सत्यापित आकलनों के अनुसार, दिसंबर 2025 तिमाही तक भारत का खुदरा ऋण बाजार 162.7 लाख करोड़ तक पहुंच चुका था और सक्रिय ऋण खातों की संख्या 69 करोड़ हो गई थी। जनवरी, 2026 तक देश में प्रचलित क्रेडिट कार्डों की संख्या भी बढ़कर लगभग 11.66 करोड़ हो गई, जो पिछले कुछ वर्षों में खुदरा उधारी के तेज विस्तार को रेखांकित करती है। इसके साथ ही, स्वर्ण ऋण जैसे उत्पाद खुदरा ऋण विस्तार के प्रमुख चालक बनकर उभरे हैं। दिसंबर 2025 तिमाही में TransUnion CIBIL का उपभोक्ता ऋण बाजार संकेतक (Consumer Credit Market Indicator) 102 तक पहुंच गया। स्वर्ण ऋण कुल खुदरा ऋण आपूर्ति का 36 प्रतिशत (मात्रा के आधार पर) और 39 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर) हिस्सा लेने लगे। इस वृद्धि में पहली बार ऋण लेने वालों, 35 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं और गैर-महानगरीय क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

आज के मध्यमवर्गीय जीवन को देखें तो एक दिलचस्प विरोधाभास सामने आता है। सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन आर्थिक दबाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है। उधारी से चमकती जीवनशैली के पीछे ऋण का एक स्थायी बोझ खड़ा होता है। आधुनिक उपभोक्ता के पास वस्तुएं अधिक हैं, पर आर्थिक स्वतंत्रता लगातार सिमटती जा रही है। घर, कार, मोबाइल, टेलीविजन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, यहां तक कि छुट्टियां भी अब किश्तों में खरीदी जा सकती हैं। सुविधा का यह विस्तार दरअसल भविष्य की आय को वर्तमान में खींच लाने की प्रक्रिया है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत निर्णयों का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक व्यापक सामाजिक दबाव भी काम करता है। सोशल मीडिया ने इस दबाव को और तीव्र बना दिया है। दूसरों की यात्राएं, महंगे शौक और सजी हुई जीवनशैली लगातार हमारी स्क्रीन पर दिखाई देती हैं। यह आभासी दुनिया एक ऐसा भ्रम पैदा करती है कि यदि हमारे पास वही चीजें नहीं हैं, तो हम कहीं पीछे रह गए हैं। इसी "फियर ऑफ मिसिंग आउट" के कारण बहुत से लोग अपनी वास्तविक आय से अधिक खर्च करने लगते हैं। क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें कई बार काफी ऊंचाई तक पहुंच जाती हैं। उधार का घी क्षणभर के लिए सस्ता लगता है, पर उसकी असली कीमत बाद में चुकानी पड़ती है।

इस प्रवृत्ति का व्यापक आर्थिक संदर्भ भी ध्यान देने योग्य है। 2024-25 में घरेलू शुद्ध जीडीपी के लगभग 6.0 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि घरेलू वित्तीय देनदारियां जीडीपी का 4.7 प्रतिशत थीं। यह संकेत देता है कि महामारी के बाद घरेलू देनदारियों में तेज वृद्धि अवश्य हुई, लेकिन हाल के वर्षों में उसमें कुछ नरमी के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। वास्तविक समृद्धि केवल वस्तुओं के संग्रह से नहीं आती। वह आर्थिक स्वतंत्रता, मानसिक शांति और भविष्य की सुरक्षा से आती है। यदि उपभोग हमें स्वतंत्र बनाने के बजाय कर्ज के बोझ से बांध दे, तो वह समृद्धि नहीं, बल्कि एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा है।

आज आवश्यकता आधुनिक जीवन से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि उसके साथ संतुलन स्थापित करने की है। तकनीक, सुविधा और बेहतर जीवन स्तर प्रगति के स्वाभाविक हिस्से हैं, लेकिन आर्थिक विवेक और संयम की परंपरा को पूरी तरह त्याग देना बुद्धिमानी नहीं होगी। आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है। यह केवल अभाव की स्वीकारोक्ति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और संतुलन का सिद्धांत है।

आज के भारत के सामने यही चुनौती है कि उपभोग की ऊर्जा और संयम की परंपरा के बीच संतुलन बनाना। यदि यह संतुलन साध लिया गया, तो समृद्धि का अर्थ केवल वस्तुओं का विस्तार नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और संतोष का विस्तार भी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि उन्हें नए संदर्भ में समझना है। शायद इसी संदर्भ में "तेते पांव पसारिये" को नए अर्थों में पढ़ने की जरूरत है।

### सोशल फोरम

## केरोसिन युग की वापसी



**डॉ. अरविंद मिश्रा**
वरिष्ठ विज्ञान लेखक

खाड़ी युद्ध के लंबा खिचने से ईंधन की संभावित समस्या को देखते हुए सरकारों ने केरोसिन वितरण के आदेश दे दिए हैं, जिसे कोटेदारों और पेट्रोल पंपों से उपलब्ध कराया जाएगा। विगत एक दशक से केरोसिन (मिट्टी का तेल) का दिखना ही दुर्लभ हो गया था। पिछले साल गांव में तपनी जलाने के लिए जलावन की लकड़ियों पर मिट्टी का तेल छिड़कने की जरूरत हुई, तो मिट्टी का तेल ढूंढने से भी नहीं मिला। गांव के कोटेदार ने भी हाथ खड़े कर दिए। कभी मिट्टी का तेल गांव की रोजमर्रा की जिंदगी में अच्छी दखल रखता था। स्टोप से खाना इसी मिट्टी के तेल से बनता था। लालटेन से लेकर पेट्रोमेक्स तक इसी मिट्टी के तेल से कस्बों का अंधेरा दूर करते थे। शादी-व्याह के मंडप, शामियाना आलोकित होते। घर-घर शाम की दिया-बत्ती इसी केरोसिन से जलती। अब केरोसिन से जुड़ी जुगतें, साजो-सामान भी लुप्त हो गए। मुझे याद है कि मेरे गांव में तीसेक वर्ष पहले बिजली आई, तदनंतर गैस का चूल्हा और सिलेंडर। धीरे-धीरे केरोसिन की जरूरत खत्म होती गई और फिर मांग न होने से केरोसिन भी मिलना बंद हो गया। पहले केरोसिन रंगहीन होता था बाद में इसे हल्के नीले रंग का कर दिया गया। बताया गया कि मिट्टी का तेल मिलावट में इस्तेमाल न हो इसलिए ऐसा किया गया।

आशय यह कि मिट्टी का तेल गावों में एक जरूरी कमोडिटि बन गया था। एक महिला की मुझे याद है, जिनके पति घर में एक लीटर मिट्टी के तेल की व्यवस्था कर परदेश चले गए थे। पांच साल बाद लौटे तो एक छोटी शीशी में कुछ तेल अभी भी बचा था। छोटी शीशी दिए में तब्दील हो गई थी। महिला खाना तो ऊपली और लकड़ी की अंगीठी पर बनाती, मगर शाम को कुछ मिनटों के लिए देहरी पर उजाला इसी दिए से करती। इतनी किफायत से ही वह बस शाम को कुछ मिनट का उजाला एक लीटर मिट्टी के तेल से पांच साल करती रही। घर की देहरी के शाम के चंद मिनट के उजाले में वह पति का बाट जोहती रही।

अब फिर उसी केरोसिन के युग की वापसी ने कितने ही यादों को स्फुरण दे दिया है। न जाने यह शकुन है या कोई अपशकुन यह तो आने वाला समय ही बताएगा। खाड़ी युद्ध न जाने कौन कौन सी परिस्थितियां उत्पन्न करेगा यह प्रश्नचिह्न अब बड़ा आकार लेने लगा है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## कुप्रबंधन की भेंट चढ़ती आस्थावान जिंदगी



**अरविंद जयतिलक**
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार राज्य के नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ में 8 लोगों की दर्दनाक मौत मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की कुप्रबंधन और घोर बदइंतजामी को उजागर करता है। जब मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन अच्छी तरह अवगत था कि चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ सकती है, तो फिर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा व्यवस्था की बदइंतजामी और कुप्रबंधन के कारण हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो हर कोई जल्दी दर्शन करना चाहता था, जिससे बैरिकेड्स और कतारें टूट गईं। लोग एकदूसरे के उपर गिरने लगे और भगदड़ मच गई। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं हैं। अगर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाकर्मी उपलब्ध होते, तो कतारें और बैरिकेड्स नहीं टूटते और न ही लोगों की जान जाती। यह पर्याप्त नहीं कि जिला प्रशासन एसएचओ को सस्पेंड कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लें। उचित होगा कि इस हादसे की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब कुप्रबंधन के कारण दर्शनार्थियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। याद होगा अभी पिछले वर्ष ही 27 जुलाई को उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर मची भगदड़ में आधा दर्जन लोगों की जान चली गई। पिछले वर्ष ही प्रयागराज कुंभ में मची भगदड़ में दर्जनों श्रद्धालुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। देखा जाए, तो इन सभी धार्मिक स्थलों पर हुए हादसे के लिए पूर्ण रूप से शासन-प्रशासन, मंदिर प्रबंधन तंत्र और श्रद्धालुओं की अनुशासनहीनता ही प्रमुख रुप से जिम्मेदार रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह कि हर हादसे में शासन-प्रशासन और मंदिर प्रबंधतंत्र अपनी गलतियां स्वीकारने के बजाए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराता नजर आता है।

सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्यों? क्या राज्य सरकारें और आयोजकगण हादसों को लेकर गंभीर और संवेदनशील नहीं होते हैं? या यह समझा जाए कि हादसों के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना है? गौर करें तो ये दोनों ही बातें सच हैं। अगर सरकारी अमला, मंदिर प्रबंधनतंत्र और आयोजकगण अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें, तो इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति नहीं होगी। ध्यान देना होगा कि देश में बहुतेरे मंदिर हैं, जहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इन स्थानों पर सुरक्षा और संभावित हादसों को टालने का पूरा इंतजाम होना चाहिए। उचित होगा कि इन धार्मिक स्थानों पर दर्शन कराने की समुचित व्यवस्था हो और सुरक्षा बलों की उपस्थिति हो। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए बैरीकेड की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ प्रवेश व निकास के लिए अलग-अलग मार्ग हो। रास्ते में श्रद्धालुओं के आराम की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ लोगों पर नजर रखने के लिए सेवादार और राज्य का खुफिया तंत्र मजबूत हो।

आज जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकारें, स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र और श्रद्धालुगण सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। दर्शन के समय श्रद्धालुगणों का व्यवहार अत्यंत संयमित और सहनशील होना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न दें और दिशा-निर्देशों का समुचित पालन करें। सरकारी प्रशासन, मंदिर प्रबंधनतंत्र एवं धार्मिक आयोजकगण अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। श्रद्धालुओं की जानमाल की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### ऑटो रिक्शा

जापान की सड़कों पर लोग एक अनोखे वाहन में सफर करते थे। यह वाहन था "जिनरिकिशा"- एक ऐसा रिक्शा, जिसे इंसान अपनी ताकत से खींचता था। तीन पहियों वाला यह साधन आम लोगों के लिए सस्ता और सुविधाजनक था, लेकिन इसे खींचने वाले के लिए यह मेहनत भरा काम था। समय बदला, तकनीक आगे बढ़ी और दुनिया ने आराम की ओर कदम बढ़ाया। इंसानी ताकत की जगह अब मशीनों ने लेनी शुरू कर दी। तभी एक नया विचार आया- क्यों न इस रिक्शे को इंजन से चलाया जाए? यहीं से जन्म हुआ "ऑटो रिक्शा" का। "ऑटो" शब्द ग्रीक भाषा के "Autos" से आया, जिसका अर्थ है "स्वयं", यानी खुद चलने वाला। जब यह शब्द "रिक्शा" के साथ जुड़ा, तो बना "ऑटो रिक्शा" एक ऐसा वाहन, जो अब इंसान की मेहनत नहीं, बल्कि इंजन की ताकत से चलता था। धीरे-धीरे यह वाहन भारत जैसे देशों में पहुंचा और लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। तंग गलियों से लेकर भीड़भाड़ वाली सड़कों तक, ऑटो रिक्शा हर जगह आसानी से चलने लगा। सस्ता किराया, तेज रफ्तार और आसानी से उपलब्धता- इन सबने इसे आम जनता का पसंदीदा बना दिया। दुनिया को "ऑटो-रिक्शा" शब्द देने का श्रेय भारत को जाता है। वर्ष 1947 में आजादी के बाद देश में आत्मनिर्भरता की सोच ने जोर पकड़ा और कई उद्योगपतियों ने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देना शुरू किया। इसी दौर में N.K. Firodia, जो Force Motors के संस्थापक थे, ने मोटर से चलने वाले रिक्शे के लिए "ऑटो-रिक्शा" शब्द गढ़ा।



यह शब्द धीरे-धीरे आम बोलचाल में इतना लोकप्रिय हुआ कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचाना जाने लगा। आज "ऑटो-रिक्शा" शब्द को Oxford English Dictionary में भी स्थान मिल चुका है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म जारी



- लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक, परास्नातक व डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के लिए यह फॉर्म द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी सम सेमेस्टर के छात्र 13 अप्रैल तक भर सकेंगे। इसके बाद उन्हें अपना फार्म संबंधित विभाग में जमा करना होगा, जिसे विभाग द्वारा अग्रसारित कर 16 अप्रैल तक विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा।

### रोजगार मेला

- मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए अच्छी खबर है, जो प्राइवेट सेक्टर में बेहतर रोजगार की तलाश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा मवाना क्षेत्र के रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 60 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इस मेले में हर स्तर की योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए अवसर मिलेगा। शैक्षणिक योग्यता की बात करें, तो 10 वीं पास से लेकर आईटीआई, नॉन-आईटीआई, टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल, स्नातक और परास्नातक कर चुके सभी युवा इसमें भाग ले सकते हैं।



# ई-कॉमर्स मैनेजमेंट ऑनलाइन कारोबार की रीढ़

तेजी से बदलते डिजिटल युग में खरीदारी का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज उपभोक्ता घर बैठे कपड़े, मोबाइल, किताबें ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीद रहे हैं। इस बढ़ती डिजिटल निर्भरता ने ई-कॉमर्स को एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित कर दिया है। ऐसे में किसी भी ऑनलाइन व्यवसाय को सफल बनाने के लिए ई-कॉमर्स मैनेजमेंट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। ई-कॉमर्स मैनेजमेंट केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें वेबसाइट या ऐप का संचालन, प्रोडक्ट की प्रस्तुति, ग्राहकों से संवाद, ऑर्डर की प्रक्रिया, भुगतान प्रणाली और डिलीवरी तक का पूरा प्रबंधन शामिल होता है। सही रणनीति और कुशल प्रबंधन के जरिए ऑनलाइन व्यवसाय को तेजी से विस्तार दिया जा सकता है।



सत्यदत्त शुक्ला
चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ

### क्या है ई-कॉमर्स मैनेजमेंट

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट का अर्थ है ऑनलाइन बिजनेस के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करना। इसमें प्रोडक्ट लिस्टिंग, कीमत निर्धारण, स्टॉक की निगरानी, ग्राहकों की समस्याओं का समाधान, सुरक्षित भुगतान व्यवस्था और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करना शामिल होता है। यह एक ऐसा तंत्र है, जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाकर ब्रांड की विश्वसनीयता बढ़ाता है।

### मुख्य कार्य और जिम्मेदारियां

- **प्रोडक्ट मैनेजमेंट**- प्रोडक्ट की सही जानकारी, आकर्षक तस्वीरें और स्पष्ट विवरण ग्राहक को खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। अच्छी प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।
- **ऑर्डर और इंवेंटरी मैनेजमेंट**- ऑर्डर को समय पर प्रोसेस करना और स्टॉक की सटीक जानकारी बनाए रखना जरूरी होता है। इससे ओवरसेलिंग या स्टॉक आउट जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
- **कस्टमर एक्सपीरियंस**- ग्राहकों की संतुष्टि ई-कॉमर्स की सफलता का आधार है। उनके सवालों का त्वरित उत्तर देना, रिटर्न और रिफंड की सुविधा देना और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना आवश्यक है।
- **डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग**- सोशल मीडिया, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), ईमेल मार्केटिंग और पेड विज्ञापनों के माध्यम से ब्रांड की पहुंच बढ़ाई जाती है। आज डेटा आधारित मार्केटिंग (Data-driven Marketing) भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।





### लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन

सही समय पर उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करना और सप्लाई चेन को सुचारु रखना ग्राहक संतुष्टि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नई तकनीकों की भूमिका

आधुनिक ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ये तकनीकें ग्राहकों की पसंद को समझने, पर्सनलाइज्ड सुझाव देने और बिजनेस ऑपरेशन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती हैं। साथ ही, मोबाइल कॉमर्स (एम-कॉमर्स) का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्मार्टफोन के जरिए खरीदारी और आसान हो गई है।

### जरूरी स्किल्स

- इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कुछ प्रमुख कौशल आवश्यक हैं-
- डिजिटल मार्केटिंग की समझ
- डेटा विश्लेषण की क्षमता
- कस्टमर सर्विस स्किल
- टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का ज्ञान।

### समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता

ई-कॉमर्स मैनेजमेंट आज के डिजिटल कारोबार की रीढ़ बन चुका है। सही रणनीति, तकनीकी ज्ञान और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर इस क्षेत्र में न केवल सफलता हासिल की जा सकती है, बल्कि एक मजबूत और भरोसेमंद ब्रांड भी स्थापित किया जा सकता है।

### करियर की संभावनाएं

ई-कॉमर्स सेक्टर में करियर के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में ई-कॉमर्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, प्रोडक्ट मैनेजर, सप्लाई चेन मैनेजर और कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर जैसे कई पद उपलब्ध हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन व्यवसाय के बढ़ते प्रभाव से रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।



## कॉलेज का पहला दिन

# नए माहौल में नई शुरुआत

मेरा नाम दिव्या सिंह है। मैंने विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज से 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीसीए कोर्स में एडमिशन लिया। मेरे लिए सबसे खास बात यह रही कि मुझे सीधे कानपुर यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला। यह मेरे जीवन का एक नया और महत्वपूर्ण अनुभव था।

कॉलेज का पहला दिन मेरे लिए उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों लेकर आया। स्कूल का माहौल काफी अलग होता है, जहां सब कुछ जाना-पहचाना होता है, लेकिन यूनिवर्सिटी का माहौल बड़ा और नया था। मैं पहले केवल एडमिशन के समय ही वहां गई थी, इसलिए पहले दिन सब कुछ नए जैसा लग रहा था। यूनिवर्सिटी का कैंपस काफी बड़ा और सुंदर है। वहां अलग-अलग कोर्स पढ़ने वाले बहुत सारे छात्र-छात्राएं आते हैं। मुझे यह देखकर अच्छा लगा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ आगे बढ़ने के कई मौके भी मिलते हैं। मैंने बीसीए कोर्स चुना था, क्योंकि मुझे कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी में रुचि है। पहले दिन हमारी क्लास में पढ़ाई शुरू नहीं हुई, बल्कि सबसे पहले हम सबका परिचय कराया गया। टीचर्स ने हमसे कहा कि यह हमारे जीवन की एक नई शुरुआत है और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी समझाया कि हमें एक-दूसरे को जानना चाहिए और साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।



दिव्या सिंह

मेरे लिए यह दिन थोड़ा अलग इसलिए भी था, क्योंकि मेरे साथ स्कूल का कोई दोस्त नहीं था। मैं अकेली ही यूनिवर्सिटी गई थी। शुरुआत में थोड़ा डर और झिझक महसूस हुई, खासकर जब आसपास नए लोग थे, लेकिन धीरे-धीरे मुझे समझ आया कि हर किसी की शुरुआत ऐसे ही होती है। एक लड़की होने के नाते कई बार मन में संकोच भी आता है, लेकिन अगर हमें आगे बढ़ना है, तो इस डर को छोड़ना जरूरी है। मैंने सोचा कि मुझे नई चीजें सीखनी हैं और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है।




पहले दिन मैंने नए लोगों से बात की, कैंपस को समझा और अपनी नई पढ़ाई की शुरुआत की। यह दिन मेरे लिए यादगार बन गया। इसने मुझे सिखाया कि हर नई शुरुआत थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन अगर हम हिम्मत रखें तो सब आसान हो जाता है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की वित्तीय प्रणाली को मज़बूत करने के लिए, लोकसभा ने 30 मार्च, 2026 को इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक पारित किया है। इस सुधार का उद्देश्य इन्सॉल्वेंसी समाधानों में तेज़ी लाना, देरी को कम करना और लेनदारों का विश्वास बढ़ाना है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 मार्च, 2026 को गुजरात में 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन भारत की समृद्ध जैन विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हुआ, जिससे इस कार्यक्रम को एक विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हो गया। यह संग्रहालय गांधीनगर के कोबा गांव में स्थित 'श्री महावीर जैन आराधना केंद्र' में स्थित है।
- हाल ही में डॉ. थॉमस पुकाडिल को पुणे स्थित BRIC-NCCS का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अपने साथ कोशिका जीव विज्ञान और अनुसंधान नवाचार के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव लेकर आएंगे। उनकी यह नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत इस समय उन्नत बायोमेडिकल अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा समाधानों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लगभग एक दशक लंबे अपने शानदार करियर का अंत किया। अपने करियर में उन्होंने 130 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और 33 गोल किए। गुरजंत अपनी तेज रफ्तार, सटीक फिनिशिंग और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते रहे हैं।
- हाल ही में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 15 से 17, 2026 तक फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह शिखर सम्मेलन एवियन-लेस-बेंस में आयोजित होगा।

## जॉब अलर्ट

### जामनगर जिला सहकारी बैंक भर्ती

- पदों के नाम- सहायक अधिकारी (IT, अनुपालन, ट्रेजरी, सांख्यिकी), क्लर्क, चपरासी
- कुल रिक्तियां-104 पद
- वेतनमान-पदानुसार
- योग्यता-10वीं पास (चपरासी), संबंधित विषय में स्नातक (क्लर्क और सहायक अधिकारी)
- आयु सीमा-18–30 वर्ष (क्लर्क और चपरासी), 25–35 वर्ष (सहायक अधिकारी) – 31 मार्च 2026 तक
- प्रोबेशन अवधि- सभी पदों के लिए 6 महीने
- आवेदन ऑनलाइन -(jamnagardccb.bank.in/career/ के माध्यम से)
- आवेदन की अंतिम तिथि-11 अप्रैल 2026

### पंजाब एंड सिंध बैंक

- पद का नाम-लोकल बैंक अधिकारी (JMGS-I)
- कुल रिक्तियां-1000
- वेतनमान-48,480 – 85,920 (JMGS-I स्केल, 3 वेतन वृद्धि के साथ) + DA, HRA, CCA आदि।
- योग्यता-स्नातक + किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक /क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारी के रूप में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 18 महीने का शाखा अनुभव।
- आयु सीमा- 20 से 30 वर्ष (दिनांक 01.03.2026 के अनुसार)
- आवेदन का ऑनलाइन -punjabandsind.bank.in
- आवेदन शुल्क- SC/ST/PwBD : 100 + कर, सामान्य/EWS/OBC : 850 + कर
- आवेदन की अंतिम तिथि-20 अप्रैल 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम-असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No.01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2, शुरुआती वेतन- 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No.01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- आवेदन की अंतिम तिथि 14-06-2026

# 12 वीं के बाद: कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कौन-सा कोर्स बेहतर



कॉमर्स स्ट्रीम से 12 वीं पास करने के बाद छात्रों के सामने सबसे बड़ा सवाल होता है- सीए (चार्टर्ड) या सीएस (कंपनी सेक्रेटरी), आखिर कौन-सा कोर्स चुनें? दोनों ही प्रोफेशनल कोर्स हैं और देश में काफी प्रतिष्ठित माने जाते हैं। इनमें करियर की अच्छी संभावनाएं, आकर्षक वेतन और सम्मानजनक पहचान मिलती है। हालांकि दोनों की पढ़ाई, कार्यक्षेत्र और करियर की दिशा अलग-अलग होती है, इसलिए सही चुनाव आपकी रुचि और लक्ष्य पर निर्भर करता है।

### क्या है चार्टर्ड अकाउंटेंट

सीए कोर्स भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स फाइनेंस और अकाउंटिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करता है। इसमें अकाउंटिंग, टैक्सेशन, ऑडिटिंग, कॉस्टिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल होते हैं। सीएस बनने के बाद आप ऑडिट फर्म, बैंक, मल्टीनेशनल कंपनियों या खुद की प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं। भारत में सीए की काफी डिमांड रहती है, खासकर टैक्स प्लानिंग और ऑडिटिंग के क्षेत्र में।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

शुरुआती वेतन आमतौर पर 6 से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है, जो अनुभव के साथ 15 से 25 लाख या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़े शहरों और कॉर्पोरेट सेक्टर में यह और भी ज्यादा हो सकता है।

### क्या है कंपनी सेक्रेटरी

सीएस कोर्स भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कोर्स मुख्य रूप से कंपनी कानून, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लीगल कंप्लायंस पर आधारित होता है। सीएस प्रोफेशनल किसी कंपनी के कानूनी मामलों, नियमों के पालन और बोर्ड मीटिंग्स से जुड़े कामों को संभालता है। यह भूमिका किसी भी कंपनी में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### सैलरी और करियर ग्रोथ

सीएस के लिए शुरुआती वेतन लगभग 4 से 7 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है। अनुभव बढ़ने पर यह 12 से 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है। बड़ी कंपनियों और लिस्टेड कंपनियों में इसकी डिमांड ज्यादा होती है।

### कौन-सा कोर्स चुनें

यदि आपकी रुचि गणित, अकाउंटिंग और फाइनेंस में है, तो सीए आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं यदि आपको कानून, कंपनी के नियम और मैनेजमेंट से जुड़ी चीजें पसंद हैं, तो सीएस चुनना सही रहेगा। सीए और सीएस दोनों ही शानदार करियर विकल्प हैं। सही चुनाव वही है, जो आपकी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप हो। किसी भी कोर्स को चुनने से पहले उसकी पढ़ाई, कठिनाई और करियर संभावनाओं को अच्छे से समझ लेना जरूरी है।



### सीए vs सीएस मुख्य अंतर

- **फोकस एरिया :** सीए में फाइनेंस, अकाउंट और टैक्सेशन पर ध्यान होता है, जबकि सीएस में कंपनी लॉ और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर।
- **कार्यक्षेत्र :** सीए वित्तीय सलाह, ऑडिट और टैक्सेशन में काम करता है, जबकि सीएस कंपनी के लीगल और कंप्लायंस मामलों को संभालता है।
- **कठिनाई स्तर :** सीए कोर्स आमतौर पर अधिक कठिन और समय लेने वाला माना जाता है, जबकि सीएस अपेक्षाकृत कम समय में पूरा किया जा सकता है (हालांकि यह भी आसान नहीं है)।
- **वर्क प्रोफाइल :** सीए का काम अधिकतर नंबर और फाइनेंस से जुड़ा होता है, जबकि सीएस का काम मीटिंग्स, लीगल डॉक्यूमेंट और कॉर्पोरेट निर्णयों से संबंधित होता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूएई में ड्रोन हमले में एक भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बुधवार को मार गिराये गये एक ड्रोन के छर्रों से एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के अनुसार, यह घटना उम अल कैवेन के उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र के पास हुई। उम अल कैवेन सरकारी मीडिया कार्यालय ने अमीरात के संबंधित अधिकारियों द्वारा उम अल थुओब औद्योगिक क्षेत्र में एक सुविधा के पास हुई घटना पर कार्रवाई किये जाने की पुष्टि की। यह घटना वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद गिरे छर्रों के कारण हुई थी। एजेंसी ने कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया।

### बगदाद में अमेरिकी पत्रकार अपहृत

**बगदाद।** इराकी सुरक्षाकर्मी उस अमेरिकी पत्रकार का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मंगलवार को बगदाद में अपहरण कर लिया गया था। इराक की क्षेत्रीय समाचार वेबसाइट ने पत्रकार की पहचान शेली किटलसन के रूप में की है। इराक के गृह मंत्रालय ने कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अपहरण किया गया है लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

### पाकिस्तान-अफगान तालिबान में फिर वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने चीन में बातचीत फिर से शुरू कर दी है। चीन एक महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई के बाद दोनों पक्षों के बीच स्थायी युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा है। चीन के मध्यस्थता प्रयासों के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि वार्ता का उद्देश्य मौजूदा लड़ाई को समाप्त करना है।

### सपना मल्ल नेपाल की कार्यवाहक सीजे बनीं

**काठमांडू।** उच्चतम न्यायालय की सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश सपना मल्ल ने बुधवार को नेपाल की कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। मल्ल (62) ने मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह राउत की सेवानिवृत्ति के बाद सर्वोच्च न्यायिक पद ग्रहण किया। राउत को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में आठ साल की सेवा के बाद छह अक्टूबर, 2024 को इस पद पर नियुक्त किया गया था। वरिष्ठतम होने के नाते मल्ल को स्वतः ही नेतृत्व का अधिकार मिल गया। उन्होंने दिल्ली विवि से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की है।

# गोवा क्लब आग मामले में लूथरा बंधुओं को जमानत

पणजी, एजेंसी

- एक अन्य मामले में आरोपी होने के कारण अभी जेल में ही रहना होगा

गोवा के मापुसा की एक सत्र अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग से संबंधित मामले में उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को बुधवार को जमानत दे दी। पिछले साल इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि दोनों भाई जेल में ही रहेंगे क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। अरपोरा विलेज में स्थित इस क्लब में छह दिसंबर 2025 को आग लगने के कुछ ही घंटे बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। उन्हें 17 दिसंबर को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किया गया और फिर अंजुना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि नाइटक्लब के लिए आवश्यक अनुमतियां नहीं ली गई थीं और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया था। लूथरा बंधुओं के अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्विजप्ले पाटकर ने दोनों को आग लगने से संबंधित मामले में जमानत दे दी। मापुसा पुलिस ने सोमवार को जालसाजी के मामले में दोनों को हिरासत में लिया था। आग लगने के मामले में जमानत मिलने के बावजूद दोनों जालसाजी के दूसरे मामले में जेल में रहेंगे।

## कागजों पर नियम जमीन पर बदहाली

भारत में धार्मिक उत्सव और मेलों का आयोजन केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक विशाल जनसमूह के प्रबंधन की कठिन चुनौती भी है। हाल ही में बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ ने एक बार फिर देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना में 8 महिलाओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर में क्षमता से कहीं अधिक भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों की कमी ने धार्मिक आस्था के अवसर को मातम में बदल दिया। भगदड़ की ऐसी घटनाएं भारत के लिए नई नहीं हैं। पिछले वर्षों में जाएं तो कई राज्यों में ऐसी त्रासदियां देखने को मिली हैं जो प्रशासन की तैयारी और भीड़ प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़ी करती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने इस संबंध में व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन वे कागजी ही बनकर रह गए हैं।

## क्राउड मैनेजमेंट



### भीड़ में फंसने पर क्या करें

- फाइटर पोज : अपने हाथों को छाती के सामने रखें ताकि फेफड़ों पर दबाव न पड़े और सांस लेते रहें।
- भीड़ के साथ चलें : भीड़ के विपरीत चलने की कोशिश न करें, लहर के साथ धीरे-धीरे किनारे की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
- दीवारों से दूर रहें : कोनों, दीवारों या खंभों के पास न चिपकें, वहां कुचले जाने का डर अधिक होता है।
- गिरने से बचें : अपने पैरों पर खड़े रहने की पूरी कोशिश करें। यदि गिर जाएं, तो सिर ढककर 'भ्रूण मुद्रा' में लेट जाएं।

### भगदड़ की हालिया प्रमुख घटनाएं

- करूर राजनीतिक रैली, तमिलनाडु (27 सितंबर 2025) : अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी (टीवीके) की रैली में भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई। ● चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु (4 जून 2025) : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत हो गई। ● श्री लैराई देवी मंदिर, गोवा (3 मई 2025) : वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और करीब 100 लोग घायल हुए। ● नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (15 फरवरी 2025) : महाकुंभ जाने के लिए प्लेटफार्म पर उमड़ी भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान चली गई। ● महाकुंभ, प्रयागराज (29 जनवरी 2025) : मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। ● तिरुमाला हिल्स, आंध्र प्रदेश (8 जनवरी 2025) : वैकुंठ द्वार दर्शन के टिकटों के लिए हुई धक्का-मुक्की में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

### दिशा निर्देश तो हैं लेकिन पालन...

- क्षमता मानचित्रण और नियंत्रण : स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों को प्रवेश दें, पीक ऑवर्स में कतारों का प्रबंधन करें। ● अवसंरचनात्मक मजबूती : प्रवेश और निकास द्वार चौड़े और अलग-अलग होने चाहिए। बैरिकेडिंग मजबूत हो, और जिगजैग (साँप की कतार) का उपयोग करें। ● वास्तविक समय निगरानी : सीसीटीवी, ड्रोन और सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ के घनत्व पर नजर रखें। ● संचार प्रणाली : अफवाहों को रोकने के लिए लाउडस्पीकर और बहुभाषी साइनेज (दिशा-निर्देश बोर्ड) का प्रयोग करें। ● आपातकालीन योजना : एम्बुलेंस, दमकल और मेडिकल टीम की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करें। ● प्रशिक्षित कर्मी : भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और वालंटियर्स को विशेष प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। ● धार्मिक/बड़े आयोजनों में : आयोजकों को आयोजन से पहले जोखिम मूल्यांकन करना और जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक विस्तृत भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करनी अनिवार्य है।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी 47 लाख आपत्तियों का कर दिया गया निपटारा

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय को कराया अवगत

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 31 मार्च यानी मंगलवार तक कुल 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47.4 लाख का निपटारा किए जाने पर बुधवार को गौर किया और इस प्रक्रिया में हुई प्रगति पर संतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस प्रक्रिया की प्रगति के बारे में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले दो पत्रों का संज्ञान लिया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इन तथ्यों एवं आंकड़ों से काफी खुश हैं और बहुत आशावादी हैं। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि रोजाना करीब 1.75 लाख से दो लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। न्यायालय को बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ अपीलों की सुनवाई के लिए 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी की है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि न्यायाधिकरणों को निर्वाचन आयोग के रिकॉर्ड तक पूरी पहुंच दी जाए जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के 700 न्यायिक अधिकारियों की ओर से दर्ज किए गए कारण भी शामिल होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पक्षकारों को भी ये कारण उपलब्ध कराए जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया तय कर सकते हैं, लेकिन उन्हें दस्तावेजों की सत्यता की जांच किए बिना नए दस्तावेज स्वीकार करने से बचना चाहिए। न्यायालय ने निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि न्यायिक अधिकारियों, न्यायाधिकरणों के सदस्यों और कर्मचारियों को मानदेय एवं अन्य खर्चों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उसने निर्वाचन आयोग से कहा कि न्यायाधिकरणों के परिसर की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया जाए।



### एसआईआर से जुड़ी सभी लंबित आपत्तियों पर सात अप्रैल तक फैसला

पीठ ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की इस सूचना का भी संज्ञान लिया कि सभी लंबित आपत्तियों पर संभवतः सात अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका सहित संबंधित याचिकाओं पर आगे की सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की। मुख्यमंत्री की ओर से पेश वकीलों समेत याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नाम हटाए जाने की दर बहुत अधिक करीब 45 प्रतिशत होने पर चिंता जताई। उन्होंने नए आवेदन दाखिल किए जाने और कथित प्रक्रियागत अनियमितताओं के मुद्दे भी उठाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधिकरणों को काम करने दें और मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने या हटाए जाने के मामलों का निपटारा करने दें। हालांकि, पीठ ने कुछ आशंकाओं को अत्यधिक तकनीकी करार दिया और पक्षकारों को सलाह दी कि वे अपनी विशिष्ट शिकायतें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आखिरकार ऐसा नहीं है कि आपके पास कोई उपाय ही नहीं है। शीर्ष न्यायालय पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रहा है।

### राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरण गठित

पीठ ने आदेश में कहा कि अब तक कुल 47 लाख से अधिक (दावों एवं आपत्तियों का) निस्तारण हो चुका है और निर्वाचन आयोग ने राज्य में 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इनकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण उन लोगों की अपीलों पर फैसला करेंगे, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी कथित रूप से गलत तरीके से नाम शामिल किए जाने के खिलाफ अपील कर सकेंगे। पीठ ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप अपनी प्रक्रिया विकसित कर सकते हैं।

### भोजशाला : मुस्लिमों की आपत्ति पर करें विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय राज्य में विवादित भोजशाला मंदिर-कमल मौला मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी और रंगीन तस्वीरों सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जा रहे सर्वे से संबंधित मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विचार करेगा। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं किया, हालांकि इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से संबंधित सभी आपत्तियों पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार सुनवाई होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मुस्लिम और हिंदू पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं।

# क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत



क्रिमिया में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दो टुकड़ों में बंटा रूसी सेना का विमान, बुधवार तड़के हुए इस हादसे के बाद मौके पर बचाव और राहत कार्य में जुटीं टीमें।

मॉस्को, एजेंसी

- विमान में सवार थे चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री

रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी।

खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं।

रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि उसने उड़ान नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और क्रीमिया के एक पहाड़ी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एएन-26 सोवियत काल में डिजाइन किया गया एक सैन्य परिवहन 'टर्बोप्रॉप' विमान है।

## मलयालम फिल्म निर्देशक रंजीत को यौन उत्पीड़न केस में न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोच्चि (केरल)।** कोच्चि की एक अदालत ने मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रंजीत को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रंजीत को मंगलवार रात यौन उत्पीड़न के कथित प्रयास के एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायिक हिरासत पर भेजे जाने के बाद निर्देशक ने दावा किया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और वह इसे साबित कर देंगे। उन्होंने यह दावा उस समय किया जब उन्हें यहां उप कारागार के अंदर ले जाया जा रहा था। भले ही निर्देशक ने खुद को बेकसूर बताया हो, लेकिन राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन ने संकेत दिया कि सरकार और पुलिस पीड़िता के साथ हैं तथा केरल फिल्म कर्मचारी संघ (एफईएफकेए) ने निर्देशकों और लेखकों के संघों से रंजीत की सदस्यता रद्द करने की सिफ़ारिश की। पुलिस ने बताया कि इस घटना से पीड़ित महिला गहरे सदमे में थी तथा शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आने से पहले उसकी काउंसलिंग करवाई गई और मनोरोग संबंधी इलाज भी करवाया गया।

- निर्देशक ने दावा किया कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे

## मेक इन इंडिया पहल : इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को लाइट मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की

**यरुशलम, एजेंसी।** लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक बयान में कहा कि 41,000 इकाइयों (लाइट मशीनगन) के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62x51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

**भारत और इजराइल के बीच किया गया है 41 हजार एलएमजी के लिए बड़ा अनुबंध**

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। कंपनी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत के रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोग भी पहुंचाती है।

## ईडी की याचिका पर दी केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा, जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश न होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 22 जनवरी के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर दो याचिकाओं पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को नोटिस जारी किया

## कोर्ट ने एमसीडी के गिरफ्तार उपायुक्त, एओ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में दिल्ली नगर निगम के एक उपायुक्त और एक प्रशासनिक अधिकारी को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उन याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिनमें शाहदरा उत्तर के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा और दूसरे अधिकारी देवांशू कुमार गौतम की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया गया था। इन दोनों को मंगलवार को चार लाख रुपये के रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को एक दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया था।

## चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंची

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि धमाका किसी देसी उपकरण के फेंके जाने से हुआ प्रतीत होता है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम विस्फोट की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि विस्फोट शाम करीब पांच बजे हुआ। विस्फोट में सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक छोटा, देसी किस्म का कुछ उपकरण फेंका गया।

## सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने एक आदेश में कहा कि मुझे आगे सुनवाई करने का कोई कारण नहीं दिखता और मैं इस मामले में संज्ञान लेने से इनकार करता हूं। शिकायत खारिज की जाती है। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

अदालत सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा द्वारा सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई कर रही थी।

- आप के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी ने की थी शिकायत

**विशेषज्ञ बोले** तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि से तालमेल बिठाना होगा

# एआई शक्ति बनने के लिए अपनी स्वदेशी क्षमता बढ़ाए भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

विशेषज्ञों ने बुधवार को दिल्ली में एक चर्चा के दौरान कहा कि वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शक्ति के रूप में उभरने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमता और नैतिक शासन को आधार बनाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी व्यापक जनहित में काम करे।

एक बयान के अनुसार, दिल्ली स्थित थिंक टैंक भारत की सोच द्वारा आयोजित पुस्तक चर्चा श्रृंखला के तहत इस सत्र का आयोजन हुआ जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान, विशेष रूप से अर्थशास्त्र कैसे एआई के माध्यम से उत्पन्न आधुनिक भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है।

विशेषज्ञों ने कहा कि डिजिटल युग में भारत के नेतृत्व को केवल गति से नहीं मापा जा सकता है और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी प्रगति को जन कल्याण की व्यापक दृष्टि के साथ तालमेल बिठाना होगा। भारत की सोच के निदेशक आर. के. पचनंदा ने कहा कि भारत से वैश्विक स्तर पर शीर्ष एआई शक्तियों में से एक बनने का आह्वान किया जाता है, लेकिन यह नेतृत्व एक ऐसे दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी केवल दक्षता के लिए नहीं बल्कि व्यापक जनहित के लिए काम करे। थिंक टैंक में विजिटिंग फेलो और आगामी पुस्तक 'अर्थशास्त्र इन द एआई एज' के लेखक वी श्रीवत्सन ने कहा कि हर सदी को एक निर्णायक तकनीक द्वारा फिर से लिखा जाता है। कांस्य ने साम्राज्यों का निर्माण किया, बारूद ने राज्यों को नया रूप दिया, भाप ने औद्योगिक शक्ति को गति दी और आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक व्यवस्था को पुनर्गठित कर रही है। इस चर्चा में उभरती वैश्विक गतिशीलताओं का भी विश्लेषण किया गया जिसमें 'पैक्स सिलिका' की अवधारणा शामिल है जिसके अनुसार प्रौद्योगिकी तक पहुंच ही राष्ट्रीय शक्ति की सीमाएं निर्धारित करती है।

### पैक्स सिलिका-आर्थिक सुरक्षा का नया खाका

पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक सुरक्षा का एक नया खाका है, जो तेल और इस्पात के बजाय कंप्यूटर चिप्स और खनिजों पर केंद्रित है। इसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई थी। इसमें अमेरिका के साथ जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड, यूके, इज़रायल, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे देश शामिल हैं। भारत भी फरवरी 2026 में शामिल हो गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज धन आगमन के योग हैं। पुराना बकाया मिल सकता है। नया निवेश सोच-समझकर करें। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।

**वृष** – आज आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। विलासिता पर खर्च हो सकता है उस पर नियंत्रण रखें। सोने-चांदी में निवेश शुभ है।

**मिथुन** – आज किसी पुराने देनदार से धन वापसी संभव है। कोई नया सौदा न करें। दस्तावेजों में भूल हो सकती है।

**कर्क** – आज मां या मातृपक्ष की ओर से आर्थिक सहायता मिल सकती है। संपत्ति संबंधी मामले आगे बढ़ेंगे। पाचन तंत्र पर ध्यान दें।

**सिंह** – आज खर्च नियंत्रित रखें। किसी मित्र को उधार देने से बचें। शेयर बाजार में सावधानी बरतें। संबंधों में अहंकार न आने दें।

**कन्या** – आज का दिन बचत पर ध्यान देने का है। अचानक धन की आवश्यकता पड़ सकती है। पुराने प्रेम संबंधों से बच कर रहें।

**तुला** – आज भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा, किंतु आय भी उतनी ही रहेगी। धन का प्रवाह बना रहेगा। जीवनसाथी को कुछ विशेष उपहार दें।

**वृश्चिक** – आज बीमा और साझेदारी के धन में लाभ संभव है। अचानक खर्च से बचने के लिए कुछ धन सुरक्षित रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**धनु** – आज धन में वृद्धि के योग है। कोई पुरानी समस्या का हल निकल सकता है। लंबी अवधि का निवेश शुभ रहेगा।

**मकर** – आज का दिन दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल है। जमीन-जायदाद संबंधी मामले सुलझेंगे। व्यापार संबंधी मामले में धैर्य रखें।

**कुंभ** – आज अनपेक्षित स्रोत से धन आ सकता है। व्यवस्थित बजट बनाकर चलें। रोमांटिक संबंधों में स्थिरता आएगी।

**मीन** – आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 07.41 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 17.38 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

### सुडोकू -107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |



“बल्लेबाजी में हम बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। योजना यह थी कि (निकोलस) पूरन पांचवें नंबर पर आकर बीच के ओवरों में जिम्मेदारी संभालें। हमें एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो 'इंपेक्ट प्लेयर' के तौर पर कुछ रन जोड़ सके क्योंकि एक अच्छी पिच पर हमारे पास काफी रन नहीं थे।

–ऋषभ पंत, कप्तान एलएसजी



IPL 2026

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 6 विकेट से हराया

## गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी ने तोड़ा मेजबानों का दिल

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की तूफानी गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरकर छह विकेट की जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

सुपर जाएंट्स के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रिजवी की 47 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 70 रन की पारी और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 39, 32 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 110 रन की अटूट साझेदारी से 26 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुपर जाएंट्स की टीम इससे पहले तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और टी नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई।

कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। सुपर जाएंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 26 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। लोकेश राहुल (00) ने मोहम्मद शमी की पारी की पहली गेंद पर डीप प्वाइंट पर मोहसिन खान को कैच थमाया। नितीश राणा (15) ने शमी और प्रिंस यादव (20 रन पर दो विकेट) पर चौके जड़े।

उन्होंने शमी पर छक्का भी मारा लेकिन मोहसिन (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर स्लिप में समद को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज पथमु निसांका (01) ने प्रिंस की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर कप्तान ऋषभ पंत को कैच थमाया जबकि इसी ओवर में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल (00) भी बोल्ड हो गए। दिल्ली ने पावर प्ले में चार विकेट पर 33 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने विकेटों के पतन पर विराम लगाया। रिजवी ने एनरिच नोर्किया की गेंद पर विकेट के पीछे छक्का जड़कर आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। स्टब्स ने शमी पर चौका मारा जबकि रिजवी ने स्पिनर शाहबाज अहमद का स्वागत तीन चौकों के साथ किया।

रिजवी ने एडेन मारक्रम की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 14वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। दिल्ली को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी और रिजवी ने मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया और फिर समद पर छक्के के साथ दिल्ली को जीत दिला दी। इससे पहले अक्षर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद सुपर जाइंट्स की शुरुआत धीमी रही। सुपर जाइंट्स ने तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर पंत (07) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। मार्श ने मुकेश कुमार की गेंद पर सीधा शॉट खेला और गेंदबाज के हाथ से छूने के बाद गेंदबाजी छोर पर गेंद विकेटों से टकरा गई जबकि पंत क्रीज से बाहर खड़े थे।



**119** रनों की साझेदारी समीर रिजवी और स्टब्स के बीच पांचवे विकेट के लिए दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी है, उन्होंने के एल राहुल और स्टब्स के 111 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा

संघर्षपूर्ण पारी के दौरान शॉट लगाते दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**141/10** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 |
| एडेन मार्करम बो अक्षर | 11 |
| आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 |
| निकोलन पूरन बो एनगिडी | 08 |
| अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन | 36 |
| मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 15 |
| मो शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 |
| एनरिच नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 |
| मोहसिन खान का मुकेश बो एनगिडी | 00 |

**गेंदबाजी :** मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

### दिल्ली कैपिटल्स

**145/4** (17.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| लोकेश राहुल का मोहसिन बो शमी | 00 |
| पथुम निसांका का पंत बो प्रिंस | 01 |
| नितीश राणा का समद बो मोहसिन | 15 |
| समीर रिजवी नाबाद | 70 |
| अक्षर पटेल बो प्रिंस | 00 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 39 |

**गेंदबाजी :** शमी 4-0-28-1, प्रिंस 3-0-20-2, मोहसिन 4-1-19-1, नोर्किया 4-0-39-1, शाहबाज 1-0-16-0, मारक्रम 1-0-13-0, समद 0.1-0-6-0



कुलदीप यादव।

## हाईलाइट

### सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू



**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म 'दादा' की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। 'उड़ान' और 'लुटेरा' फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की।

### पहलवान हमाम हुसैन का सपना साकार

**अंबिकापुर।** करीब एक दशक तक मिट्टी के अखाड़ों पर खेलने से लेकर परिवार की मदद के लिए दूध बेचने तक जम्मू कश्मीर के पहलवान हमाम हुसैन की कड़ी मेहनत खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों में रंग लाई जहां राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने पहला स्वर्ण पदक जीता। जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के पिता का पांच साल पहले निधन हो गया था जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई। दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा। यह संघर्ष आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### पूर्व क्रिकेटर अनिल गुरव का निधन

**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शुरुआती शिष्यों में से एक और अपनी बल्लेबाजी के कारण दोस्तों के बीच 'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव अपनी कुछ गलत पसंद के कारण कभी उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए और इसका उन्हें जीवन भर पछतावा रहा। आचरेकर के सबसे बेहतरीन शिष्यों में से एक माने जाने वाले गुरव कभी क्लब स्तरीय क्रिकेट से आगे बढ़कर मुंबई टीम में जगह नहीं बना पाए। उनका का मंगलवार को यहां नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। गुरव शारदाश्रम में दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली से कुछ साल सीनियर थे। कहा जाता है कि कोच आचरेकर आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इन दोनों बल्लेबाजों को गुरव को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ले जाया करते थे।

# केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

● सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला आज

**कोलकाता, एजेंसी**

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा।

यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा। केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी।

रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के मुख्य स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

## अभिषेक, ईशान टी-20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

**दुबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### ऑरेंज कैप



रियन रिकलटन मुंबई 81 रन

ईशान किशन हैदराबाद 80 रन

रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप

जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट

टी नटराजन दिल्ली 3 विकेट

प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात 3 विकेट



### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

### श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब किंग्स ने इस मैच में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में जीत से शुरुआत की। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा आईपीएल की न्यूनतम ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत अपराध था।

# जापान के खिलाफ भारत शुरू करेगा अभियान

● अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**पाथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी।

भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है।

कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।

## लियोनेल मेसी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेसी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को यहां जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की।

ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज़ को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

विश्व कप प्लेऑफ

यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारा

# लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूका इटली

**जेनिका (बोस्निया), एजेंसी**

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया।

इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

फुटबॉल विश्व कप में इटली का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था।

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।



“यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

–जेन्नारो गट्टूसो, इटली के कोच

### विश्व कप में 16 वर्ष तक नहीं खेल पाएगा एक भी मैच

इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

www.amritvichar.com

सुविचार



उन सभी कारणों को भूल जाएं कि कोई कार्य नहीं होगा, आपको केवल एक अच्छा कारण खोजना है कि यह कार्य सफल होगा।
-डॉ. राबर्ट


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- पुलिस को देख चोर ने निगल लिया ब्रेसलेट-II
- आयुष्मान कार्डधारकों से पैसा वसूलने वाले अस्पतालों पर की जाए कार्रवाई-III
- नया सत्र... बच्चों की चहल-पहल से खिले स्कूल-IV


## सिटी ब्रीफ

### विवि के कोर्सों में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत ओडीएल और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब अभ्यर्थी 8 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह विस्तार केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों पर लागू होगा, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त है।

## शहर में आज

- श्री हरे राम ग्वाल बाल भगवती सेवा समिति की ओर से श्री हरे राम नवदुर्गा मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव अवधपुरी कॉलोनी सुभाषनगर में दोपहर 2 बजे।
- हनुमान जन्मोत्सव पर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट की ओर भजन संध्या व झांकियां का आयोजन गार्डन सिटी पीलीभीत बाईपास पर दोपहर 12 बजे।
- जिला ओलंपिक संघ की ओर से फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 54 वीं राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से।
- श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी मंदिर बदायूं रोड पर भजन संध्या दोपहर 3 बजे से।
- क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में आराधना शाम 5 :30 बजे।
- श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बड़ा बाग हार्टमेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में सुंदर कांड व संकीर्तन का आयोजन सुबह 10 बजे।
- कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा संवाद कार्यक्रम दोपहर 12 बजे।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वार्षिक उत्सव रामदास चौक सौदागरान बिहारीपुर में शाम 6 बजे।
- एसआरएमएस कैंपस में हैकथान 4.0 का आयोजन पूर्वाह्न 11 :30 बजे।
- नगर कीर्तन जनकपुरी गुरुद्वारा से दोपहर 3 बजे।
- मनकामनेश्वर नाथ मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ शाम 4 बजे।

# एचपीवी टीकाकरण : बरेली प्रदेश में आगे, शाहजहांपुर में शुरुआत ही नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदायूं में सिर्फ तीन ने लगवाया सर्वाइकल कैंसर रोधी टीका
- पीलीभीत में लगे 245 टीके, मुरादबाद जिले में 426 टीकाकरण
- बरेली में अब तक 741 किशोरियों का किया गया टीकाकरण

**अमृत विचार :** प्रदेश में चल रहे एचपीवी (सर्वाइकल कैंसर रोधी) टीकाकरण अभियान में बरेली दूसरे सप्ताह तक सबसे आगे रहा है, जबकि मंडल में शाहजहांपुर में शुरुआत भी नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक प्रदेश में कुल 2559 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है, जिसमें अकेले बरेली में 741 किशोरियों का टीकाकरण हुआ।

अन्य जिलों की बात करें तो मुरादाबाद में 426 और पीलीभीत में 245 किशोरियों को टीका लगाया गया है। इसके विपरीत बदायूं जिले में स्थिति चिंताजनक है, जहां अब तक सिर्फ तीन लोगों को ही टीका लगाया जा सका है। शाहजहांपुर की स्थिति और खराब है। यहां अभी तक टीकाकरण की शुरूआत भी नहीं हो सकी है। बरेली जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रशांत रंजन और उनकी टीम द्वारा चलाए गए जागरुकता अभियान का सकारात्मक असर देखने को मिला है। स्कूलों और समुदाय स्तर पर चलाए गए विशेष कार्यक्रमों के कारण यहां अधिक संख्या में किशोरियां टीकाकरण के लिए आगे आई हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रशांत रंजन ने बताया कि जागरूक परिजन बेटियों को लेकर अपने आप अस्पताल और टीकाकरण सेंटर पर पहुंच रहे हैं। देहात इलाकों में बने कोल्ड चेन सेंटर पर भी टीकाकरण किया जा रहा है।

## स्कूल चले हम



स्कूलों में बुधवार से नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो गई। पहले दिन शहर के एक स्कूल के बाहर छात्र-छात्राएं उत्साहित नजर आए। ● अमृत विचार

# आपत्तिजनक पोस्ट पर बरेली कॉलेज में बवाल, चीफ प्रॉक्टर हटाए

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कार्यालय में किया जमकर हंगामा, हाथापाई की नौबत, धक्का-मुक्की और नारेबाजी, आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक सोशल मीडिया पोस्ट ने बुधवार को बरेली कॉलेज में खूब बवाल कराया। भाजपा नेत्री की तस्वीर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं का गुस्सा ऐसा फूटा कि प्राचार्य कार्यालय में हंगामा, घेराव के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। कार्यकर्ताओं ने चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए चीफ प्रॉक्टर सहित प्रॉक्टोरियल टीम भंग दी गयी।



बरेली कॉलेज में प्राचार्य कक्ष में हंगामा करते एबीवीपी कार्यकर्ता। इस दौरान धक्का-मुक्की भी की गई। ● अमृत विचार

चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे की सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट को लेकर बुधवार को मामला तूल पकड़ गया। पोस्ट के विरोध में एबीवीपी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्राचार्य कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव कर चीफ प्रॉक्टर को बुलाने की मांग पर अड़ गए। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे के सामने आते ही विवाद बढ़ गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चीफ प्रॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की

- प्रॉक्टोरियल टीम भंग, नए चीफ प्रॉक्टर की नियुक्ति की गई

कर दी। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब छात्राओं ने भी प्रॉक्टर के साथ हाथापाई की कोशिश की। चीफ प्रॉक्टर स्टाफ के पीछे छिप गए। स्टॉफ और कॉलेज कर्मियों ने किसी तरह उन्हें भीड़ से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

विवाद बढ़ने और घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य डॉ. ओपी राय ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रो. आलोक खरे को चीफ प्रॉक्टर पद से हटाते हुए पूरे प्रॉक्टोरियल बोर्ड को भंग कर दिया। एबीवीपी ने प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में कहा कि नवरात्र जैसे पर्व के दौरान इस प्रकार की टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक है। इससे संस्थान की गरिमा धूमिल हुई है। आरोप लगाया कि संबंधित प्रोफेसर पहले भी सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणियां करते रहे हैं। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि उच्चस्तरीय जांच कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। घटना के बाद से कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है।

**बरेली कॉलेज में लगातार हो रही घटनाएं :** बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में लगातार हो रही घटनाओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चीफ प्रॉक्टर विवाद से पहले भी परिसर में कई चिंताजनक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। परीक्षा के दौरान निवर्तमान चीफ प्रॉक्टर और एक छात्र के बीच विवाद इतना बढ़ा कि पथराव तक हो गया था। वहीं। एक अन्य परीक्षा के दौरान नव नियुक्त चीफ प्रॉक्टर को एक छात्र ने धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़े। इसके अलावा परीक्षा के समय कॉलेज परिसर में वाहनों के हूटर बजने जैसी घटनाएं भी सामने आईं।

### प्रोफेसर आलोक खरे ने बताया षडयंत्र

प्रो. आलोक खरे ने इसे सोशल मीडिया पोस्ट का सहारा लेकर सुनियोजित षडयंत्र बताया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य कार्यालय में उनसे गाली-गलौज की गई। इस घटनाक्रम से मेरी और कॉलेज की गरिमा धूमिल हुई है। हमने चीफ प्रॉक्टर पद से इस्तीफा पहले ही दे दिया था। इस घटनाक्रम को लेकर हमने अपनी ओर से प्राचार्य को कार्रवाई के लिए लिखा है।

### नये चीफ प्रॉक्टर की नियुक्ति

कॉलेज में बुधवार को घटनाक्रम होने के बाद प्राचार्य ने प्रॉक्ट्रोरियल बोर्ड को भंग कर दिया। इसके बाद गणित विभाग के प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान को चीफ प्रॉक्टर नियुक्त किया गया। प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने कहा कि बरेली कॉलेज में अनुशासन व्यवस्था का सही पालन कराना, कॉलेज परिसर में बाहरी तत्वों पर रोक लगाने के कार्य प्राथमिकता में रहेंगे।

### समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी पक्ष में आए

बरेली : समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष विक्रांत सिंह पाल ने कहा कि बरेली कॉलेज में चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे के साथ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा प्राचार्य कार्यालय में की गई अभद्रता की कड़ी निंदा करते हैं। यह घटना न केवल शिक्षण संस्थानों की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि गिरते हुए राजनीतिक स्तर को भी उजागर करती है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पूर्व छात्र नेता डॉ. हृदेश यादव ने कहा कि प्रो. आलोक खरे के साथ हुई घटना बहुत ही निंदनीय है।

> विरोध का स्तर निम्न स्तर का था। बहरहाल प्रो. आलोक खरे को चीफ प्रॉक्टर से हटाकर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान को चीफ प्रॉक्टर बनाया है। प्रबंध समिति से वार्ता करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -**प्रो. ओपी राय,** प्राचार्य

> बरेली कॉलेज के प्राचार्य कार्यालय में कॉलेज के ही एक वरिष्ठ शिक्षक प्रो. आलोक खरे के साथ बदतमीजी होना निंदनीय है। इससे प्रोफेसर की छवि धूमिल होने के साथ ही कॉलेज की गरिमा का ठेस पहुंची हैं। विरोध करने के लिए कानून को अपने हाथ में लेने की छूट नहीं होनी चाहिए।
> - **प्रो. वीपी सिंह,** महामंत्री शिक्षक संघ

> यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है कि जिस व्यक्ति पर कॉलेज में अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी है, वही इस प्रकार की घृणित मानसिकता का परिचय दे रहा है। इससे न केवल छात्र-छात्राओं में गलत संदेश जा रहा है, बल्कि बरेली कॉलेज जैसी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा भी गिर रही है।
> -**आनंद कठेरिया,** प्रदेश मंत्री एबीवीपी

# बरेली होकर गुजरेंगी छह और ग्रीष्मकालीन गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- बुधवार को रेलवे की तरफ से सूची जारी कर दी गई जानकारी

**अमृत विचार :** गर्मी में अवकाश में ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है। बरेली होकर गुजरने वाली छह और ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों की समय सारिणी जारी कर दी गई है। जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। गाड़ियों में टिकट बुकिंग खोल दी गई है।

मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी नंबर 04010 दिल्ली-सीतामढ़ी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 16 अप्रैल से नौ जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को रात 11:05 बजे दिल्ली से चलने के बाद अगले दिन तड़के 4:10 बजे बरेली आएगी और रात 11:30 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी। 04009 सीतामढ़ी-दिल्ली ग्रीष्मकालीन गाड़ी प्रत्येक शुक्रवार को रात एक बजे सीतामढ़ी से चलने के बाद अगले दिन शाम 5:50 बजे बरेली आएगी और रात 11:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वही 04203 लखनऊ-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 20 अप्रैल 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को लखनऊ से सुबह 8:05 बजे चलने के बाद 11:20 बजे बरेली आएगी। 04204 नई दिल्ली-लखनऊ ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 20 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को रात 8:20 बजे नई दिल्ली से चलने के बाद 1:18 बजे बरेली आएगी। 04213 अयोध्या-आनंद विहार ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 16 अप्रैल से 17 मई और 28 मई से 12 जुलाई तक प्रत्येक रविवार और गुरुवार को अयोध्या से शाम 6:20 बजे चलने के बाद रात 12:50 बजे बरेली आएगी।

### ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें होंगी प्रभावित

**बरेली :** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल के दिनकर ग्राम सिमरिया-गढ़हरा- बरौनी-तिलरथ स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्निलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक किये जाने के कारण गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा। जिसमें रि-शिड्यूलिंग पूर्णिया कोर्ट से 2 अप्रैल को चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस पूर्णिया कोर्ट से 160 मिनट, 3 अप्रैल, 2026 को 180 मिनट और 4 अप्रैल को 210 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। अमृतसर से 01 एवं 02 अप्रैल, को चलने वाली 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस अमृतसर से 165 मिनट तथा 03 अप्रैल, 2026 को 195 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। डिब्रुगढ़ से 1 एवं 02 अप्रैल को चलने वाली 15909 डिब्रुगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस मार्ग में 20 मिनट और 3 अप्रैल को 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। लालकुआं से 02 अप्रैल को चलने वाली 05060 लालकुआँ-कोलकाता विशेष गाड़ी मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# आक्रोश : लेबर कोड्स के विरोध में मनाया काला दिवस, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कर्मचारियों ने काले फीते और बैज लगाकर किया प्रदर्शन
- ट्रेड यूनियनों का आरोप- लेबर कोड्स मजदूर हितों पर प्रहार

**अमृत विचार :** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर बुधवार को बरेली में काला दिवस मनाया गया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने काले फीते और बैज लगाकर तथा काले कपड़े पहनकर विरोध जताया। यूनियन बैंक की मुख्य शाखा के सामने दोपहर में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के बैनर तले प्रदर्शन सभा आयोजित की गई।



पटेल चौराहे पर यूनियन बैंक मुख्य शाखा पर प्रदर्शन करते फेडरेशन के पदाधिकारी।

मुकेश सक्सेना ने कहा कि एक अप्रैल के दिन ही पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त की गई थी और अब इसी तारीख से मजदूर विरोधी चार लेबर कोड्स लागू किए जा रहे हैं, जिसके विरोध में देशभर का कामगार वर्ग काला दिवस मना रहा है। यूनाइटेड फोरम के अध्यक्ष पीके माहेश्वरी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि चारों लेबर कोड्स से काम के घंटे बढ़ेंगे और कर्मचारियों के अधिकार कमजोर होंगे। न्यूनतम वेतन से जुड़े प्रावधान भी प्रभावित होंगे। ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के उपाध्यक्ष डीसी मौर्य ने कहा कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार कोड्स लागू करना मजदूरों और कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। इससे यूनियन बनाने, हड़ताल और आंदोलन जैसे अधिकारों पर भी असर पड़ेगा।

अटेवा के डॉ. मुनीश गंगवार ने पुरानी पेंशन बहाली और एनपीएस समाप्त करने की मांग दोहराई। सभा का संचालन करते हुए महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि ये लेबर कोड्स कामगारों की स्वतंत्रता सीमित कर उन्हें असुरक्षित स्थिति में डाल देंगे, इसलिए इनकी वापसी जरूरी है। किसान संगठनों ने भी प्रदर्शन का समर्थन किया। क्रांतिकारी किसान मंच के हिमांशु ने लेबर कोड्स को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन को डॉ. अंचल अहेरी, राजेंद्र सिंह, सोहन कुमार, जितेंद्र मिश्रा, सर्वेश मौर्य, अरविंद देव सेवक, मोहित देवल, ललित चौधरी, मो. फैसल, अनुज शुक्ला, वीके सक्सेना और अफाक अहमद सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

### श्रमिक संगठनों ने काली पट्टी बांध विरोध जताया



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के विरोध में बुधवार को बरेली में श्रमिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इंडियन वुड प्रोडक्ट्स कंपनी के पास इंटक और सीटू से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बाहों में काली पट्टी बांधकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन केंद्रीय श्रमिक महासंघों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आयोजित किया गया। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सतीश मेहता ने श्रम संहिताओं को मजदूर विरोधी और मालिक पक्षधर बताते हुए कड़ी निंदा की। आरोप लगाया कि सरकार देश को शोषणकारी श्रम व्यवस्था की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। सीटू नेता एवं खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव शांत ने कहा कि नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हैं और इससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। प्रदर्शन में वसीम खान, मोहम्मद शाहिद, फिरासत खान, निसार खान, सद्दाम, नवाजिश और रोहित कुमार सहित कई श्रमिक नेता शामिल रहे। श्रमिक संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि श्रम संहिताएं वापस नहीं ली गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

मिलेगी राहत | पुल बनने से तमाम गांवों के लोगों का सफर होगा आसान, पहले होगी मॉडल स्टडी

# 126 करोड़ से आंवला में रामगंगा पर बनेगा पुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों का सफर आसान करने के लिए आंवला में अलीगंज-गैनी-दौली रघुवर दयाल मार्ग पर रामगंगा नदी पर पुल को शासन ने मंजूरी दे दी। इसके लिए 126 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की है। 25 करोड़ की धनराशि जारी की है। पुल निर्माण से पहले उसकी सुरक्षा और मजबूती देखने के लिए रुड़की आईआईटी के वैज्ञानिकों से मॉडल स्टडी करायी जाएगी। मॉडल स्टडी की रिपोर्ट आने के बाद पुल की अंतिम रूपरेखा तय होगी।



सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक धन प्रकाश ने बताया कि शासन स्तर से आंवला विधानसभा क्षेत्र में रामगंगा नदी पर पुल बनाने की स्वीकृति जारी की है। पुल के लिए रुड़की आईआईटी के वैज्ञानिकों से मॉडल स्टडी कराई जाएगी। मॉडल स्टडी की रिपोर्ट मिलने के बाद पुल निर्माण की स्थिति साफ होगी। पुल की लंबाई एक किलोमीटर से ज्यादा होगी। शासन स्तर से पुल निर्माण करने के लिए सेतु निगम को ही कार्यदायी संस्था नामित किया है।

पुल निर्माण के संबंध में लोक निर्माण अनुभाग के उप सचिव सुबास राय की ओर से पत्र जारी किया गया है। जिसमें बताया है कि राज्य योजना के अंतर्गत दीर्घ सेतु

- पहली किस्त में 25 करोड़ रुपये जारी किए गए, रुड़की आईआईटी के वैज्ञानिक करेंगे जांच

(ग्रामीण) के तहत बरेली जनपद में आंवला-अलीगंज-गैनी-दौली-रघुवर दयाल मार्ग पर रामगंगा नदी पर पुल को स्वीकृति दी गयी है। रामगंगा नदी पर पुल निर्माण के साथ पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के लिए 126 करोड़ 49 लाख 31 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25.29 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी है। पत्र में सेतु निगम को निर्देश दिए गए हैं कि भूमि अधिग्रहण एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूरा करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराएं।

# स्ट्रीट वेंडरों व छोटे रेस्टोरेंट संचालकों को बड़ी राहत

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से किए गए बडे. बदलाव से जनपद के हजारों स्ट्रीट वेंडरों के साथ छोटे रेस्टोरेंट चलाने वालों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें फूड लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। नगर निगम या संबंधित नगर निकाय में पंजीयन कराकर कारोबार कर सकेंगे। 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा के वार्षिक टर्नओवर वाले कारोबारियों को ही खाद्य व्यवसाय का लाइसेंस लेना होगा।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने बड़े बदलाव किए हैं। नीति आयोग की सिफारिश पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने ईज ऑफ डूइंग

- फूड लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं है, सिर्फ निकायों में पंजीयन से काम चल जाएगा

बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया है। इसे मंगलवार की आधी रात से लागू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यवसाय से जुडे 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा के टर्नओवर वाले कारोबारियों को ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाइसेंस लेना होगा, जबकि इससे कम टर्नओवर वाले व्यापारियों को सिर्फ पंजीयन कराना होगा।

स्ट्रीट वेंडर को नगर निगम या नगर निकाय की कमेटी से पंजीयन भर कराना होगा। जिन स्ट्रीट वेंडर के पास पहले से लाइसेंस हैं, उन्हें नवीनीकरण की जरूरत नहीं है।

## सिटी ब्रीफ

### कुत्ते के हमले में युवक घायल, भर्ती

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में एक युवक पर कुत्ते ने हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शहर से लेकर देहात तक में आवारा कुत्ते और बंदरों का आतंक है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के आशुतोष सिटी निवासी भानु प्रताप बुधवार की सुबह काम से पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान एक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और उनके बाएं पैर में काट लिया। एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### युवक से मारपीट, छह पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के चंदननगर निवासी साहिल ने बताया कि चंदननगर के रहने वाले अजय उर्फ नन्ने और उसके परिवार के लोग उससे रंजिश रखते हैं। मंगलवार की रात अजय व अन्य लोगों ने उसके चाचा मुकेश उर्फ चन्नू को किला पुल के नीचे घेर लिया। मारपीट कर रॉड से हमला कर पैर की हड्डी तोड़ दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अजय, प्रिंश, शिब्बू, राजन, अग्गू, अभय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पुलिस को देख चोर ने निगल लिया ब्रेसलेट

## पुलिस ने जिला अस्पताल में कराया एक्सरे तो पेट में दिखा ब्रेसलेट, सम्राट अशोक नगर में की थी चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारादरी पुलिस के हाथ आए चोर की करतूत ने न सिर्फ पुलिस को परेशान किया बल्कि उसकी खुद की जान आफत में पड़ गई। इस शातिर चोर को पुलिस ने जब पकड़ा तो हाथ में पहना चांदी का ब्रेसलेट निगल गया। अब पुलिस चोर के पेट से ब्रेसलेट निकालने को डॉक्टरों से सलाह ले रही है।

बारादरी थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर के गली नंबर तीन निवासी अशोक कुमार सिंह ने बारादरी थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 30 मार्च की रात उनके घर में चोर छत के रास्ते घुसा और उनकी बुलेट बाइक, दो मोबाइल व चांदी का ब्रेसलेट चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और घटना के वक्त का सीसीटीवी चेक किया तो हजियापुर चुंगी का रहने वाला शातिर चोर सिकंदर निकला। लिहाजा तलाश के बाद डोहरा रोड के पास से पुलिस ने सिंकदर और



पुलिस गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइक। ● अमृत विचार



एक्सरा में दिखी ब्रेसलेट।

- आरोपी के पास से चोरी की बाइक और स्मैक हुई बरामद
- पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी उसके साथी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान सिकंदर ने चोरी का ब्रेसलेट कलाई में पहन रखा था। उसने तुरंत ही वह ब्रेसलेट मुंह में डालकर पानी पी लिया और निगल गया। पुलिस उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गई और वहां उसका एक्सरे करवा दिया। इसमें ब्रेसलेट उसके पेट में मौजूद दिख रहा है। अब पुलिस चोर का पेट खाली होने का इंतजार कर रही है। वरना ऑपरेशन के जरिए इस ब्रेसलेट को निकालने के बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

**पांचवी 10 दिन पहले गया था जेल, 18 मुकदमे दर्ज :** सिंकदर उर्फ छोटा ने बताया कि वह कक्षा पांच तक पढ़ा है। पूर्व में भी वह कई थानों से चोरी व अन्य मामलों में जेल जा चुका है। उसके ऊपर 18 मुकदमे दर्ज है। 19 मार्च को ही बारादरी पुलिस ने उसे तमंचे और कारतूस के साथ जेल भेजा था। वह जमानत कराकर बाहर आ गया था। उसके दो भाई करामत उर्फ गुड्डू मिर्जापुर जेल में 3 साल से बंद है। जबकि दूसरा भाई शाकिर उर्फ सकरा इज्ज्तनगर से मादक पदार्थ के मुकदमे में जेल में है। दूसरा आरोपी मुकेश कक्षा 8 तक पढ़ा है। वह 2023 में दुष्कर्म के केस में बिथरी चैनपुर थाने से जेल भेजा गया था। जेल में ही उसकी सिकंदर से मुलाकात हुई थी। वह सिकदंर के साथ मिलकर चोरी सीख रहा था।

> चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। चोरी किया हुआ ब्रेसलेट एक आरोपी अपने हाथ में पहने हुआ था जिसे उसने निगल लिया। एक्सरा में उसके पेट में ब्रेसलेट है। ब्रेसलेट निकलवाने के लिए डॉक्टरों की सलाह ली जा रही है।
>
> -धनंजय पांडे, इंस्पेक्टर बारादरी।

### सुरेश शर्मा नगर से चोरी की थी बाइक

पकड़े गए आरोपी सिकंदर की तलाशी लेने पर जेब में 35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा चोरी की गई बुलेट के अलावा 20 दिन पहले सुरेश शर्मा नगर से चोरी बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ने बाइक और बुलेट बरामद करने के बाद वादियों को बुलाकर उनकी पहचान कराई। जानकारी हुई कि आरोपी ने बाइक के चेचिस और इंजन नंबर को रगड़कर मिटाकर शाहजहांपुर में बेचने का प्लान था। इसके अलावा बुलेट को नेपाल वार्डर पर बेचने की तैयारी थी।

# महिला की मौत, ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

- दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर सुसराल में की गई थी पिटाई
- बदायूं की महिला की किला क्षेत्र में हुई थी शादी
- किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। किला पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पति, जेठ, देवर व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बदायूं जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा सराय निवासी साहिद हुसैन ने बताया कि उसने बहन आफरीन की शादी 4 अप्रैल 2023 को किला छावनी के शाकिर के साथ की थी। उसकी बहन ने 2025 में एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल के लोगों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। वह मायके से दो लाख रुपये के साथ बाइक लाने की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर जेठ आशिफ, देवर रेहान समेत अन्य ससुराली उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि 30 मार्च को भी ससुरालियों ने उसकी बहन के साथ मारपीट की। जिसकी जानकारी होने पर वह बरेली आए तो पता लगा कि बहन एक निजी अस्पताल में भर्ती है। वह कुछ बोल नहीं पा रही है। मंगलवार रात उसकी बहन की उपचार के दौरान मौत हो गई।

तहरीर के आधार पर किला पुलिस ने पति शाकिर, जेठ आशिक, देवर रेहान और ननद आसमा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और चोट पहुंचाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मायके वाले ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सार्वजनिक नमाज पर लगाई रोक याचिकाकर्ता की सुरक्षा वापस ली

विधि संवाददाता, बरेली/ प्रयागराज

- बिशारतगंज प्रकरण में डीएम और एसएसपी ने हाईकोर्ट में रखा पक्ष
- अधिकारियों के जवाब से संतुष्ट हो अवमानना नोटिस वापस लिया

**अमृत विचार:** बिशारतगंज प्रकरण में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव व गरिमा प्रसाद की पीठ ने अवमानना नोटिस वापस ले लिया। सार्वजनिक नमाज पर रोक लगाते हुए याचिकाकर्ता की सुरक्षा भी वापस ले ली।

दरअसल, हाईकोर्ट की पीठ के समक्ष हाजिर होकर डीएम, एसएसपी ने हलफनामा पेश कर लॉ एंड ऑर्डर पर जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि याचिकाकर्ता रोजाना बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित कर नमाज अदा कराता है। इससे शांति व्यवस्था को खतरा होगा। चूंकि अधिकारियों पर कानून व्यवस्था का दायित्व है, इसलिए किसी भी गड़बड़ी की संभावना पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अधिकारियों के जवाब से संतुष्ट होकर हाईकोर्ट ने अवमानना नोटिस वापस ले लिया और याचिकाकर्ता हसीन खान को दी गयी सुरक्षा वापस लेने का आदेश दिया है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता व अन्य के विरुद्ध की गयी चालान कार्रवाई को भी वापस लेने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने हाईकोर्ट में जवाब दिया कि याचिकाकर्ता सुरक्षा की आड़ में इसका दुरुपयोग कर रहा है और रोजाना कम से कम 52-62 व्यक्ति उसकी निजी संपत्ति पर नमाज अदा कर रहे हैं। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील राजेश कुमार गौतम ने कहा कि याची यह वचन देता है कि वह उस संपत्ति पर नमाज अदा करने के लिए लोगों को इकट्ठा नहीं करेगा। हाईकोर्ट ने आदेश में उल्लेखित किया कि हम आशा और विश्वास करते हैं कि याचिकाकर्ता अपने वचन का पालन करेगा। यदि इसका उल्लंघन करता है तो अधिकारियों को कानूनन कार्रवाई की स्वतंत्रता है।

# गैस की रिफिलिंग पर छापा

**बरेली, अमृत विचार:** सुभाषनगर के नेकपुर गल्ला मंडी क्षेत्र में जिला पूर्ति विभाग की टीम ने परचून की दुकान पर छापा मारकर घरेलू गैस की रिफिलिंग का खुलासा किया।

छापेमारी के दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक प्रदीप सिंह यादव और पूर्ति लिपिक सुनील कुमार ने दुकान से पांच घरेलू सिलेंडर (14.2 किग्रा), एक रिफिलिंग मशीन, प्लास्टिक पाइप व रेगुलेटर और करीब 30 किग्रा क्षमता का कांटा बरामद किया। दुकान संचालक मनोज शर्मा ने स्वीकार किया कि वह परचून की दुकान के साथ गैस रिफिलिंग का कार्य भी कर रहा था।



मौके पर किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर टीम ने सभी सामान जब्त कर लिया। मामले में मनोज शर्मा के खिलाफ थाना सुभाषनगर में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# लूट-डकैती, हत्या और दुष्कर्म के मामलों में कठोर कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



समीक्षा बैठक में पुलिस अफसरों के साथ डीआईजी अजय साहनी। ● अमृत विचार

- डीआईजी ने रेंज के पुलिस अधीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक
- अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश

**अमृत विचार :** अपराध नियंत्रण, कानून व यातायात व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर बुधवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने सभी जिले के पुलिस कप्तानों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने हत्या, लूट-डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीआईजी ने कार्यालय में आयोजित बैठक में आपराधिक प्रकरण, निरोधात्मक कार्रवाई, एसआर केस और लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ने कहा कि हत्या लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण एवं साम्प्रदायिक संघर्ष के मामलों में कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत चलाए जा रहे विभिन्न अभियान, नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभावी संचालन, क्रियान्वयन व महिला बीट प्रणाली की सुदृढ़ीकरण को कहा। साइबर हेल्प-डेस्क के क्रियान्वयन और साइबर क्राइम के प्रभावी रोकथाम को भी निर्देश दिए। जनपदों में अपराध नियंत्रण एवं कानून व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर मौजूद रहे।

### पुलिस ने लूट और चोरी का गैंग किया पंजीकृत

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने लूटपाट और चोरी करने वाले गैंग को पंजीकृत किया है। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में संगठित रूप से लूटपाट एवं चोरी की घटनाओं में शामिल शिवम उर्फ गोलू निवासी मठलक्ष्मीपुर समेत 4 आरोपियों के खिलाफ गैंग पंजीकृत करने की कार्रवाई की गई है। गैंग लीडर शिवम उर्फ गोलू अपने साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में लूट चोरी एवं अन्य घटनाएं करता है। शिवम पर अलग अलग थानों में 33 मुकदमे दर्ज है। वही फतेहगंज पशिचमी निवासी युसुफ मंसूरी पर 6, मठ लक्ष्मीपुर निवासी वासू श्रीवास्तव पर 5 और प्रियांशु पाल उर्फ पीके पर 9 मुकदमे दर्ज है।

# तीन तलाक देकर घर से निकाला रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार:** दहेजके लिए ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट की। बाद में पति ने उसे तलाक देकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर राजो के इमामबाड़ा निवासी इरम की शादी 19 अप्रैल 2025 को पीलीभीत के बीसलपुर के मोहल्ला गयासपुर निवासी दानिश खां से हुई थी। महिला ने बताया कि ससुराली दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। उसके साथ आए दिन मारपीट की जाने लगी। 18 फरवरी को ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। 24 फरवरी को महिला थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने समझौता करा दिया जिसके बाद वह ससुराल चली गई। 22 मार्च को पति ने तलाक देकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दानिश खां, देवर आरिश, परवेज, आकिब, सास गुलशन, ननद शीबा, नंदोई आमिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# दबंगों ने किया पथराव, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार:** किला क्षेत्र में पड़ोसियों ने गाली देने का विरोध करने पर घर में घुसकर पथराव किया जिसमें मां बेटे घायल हो गए। सीओ के आदेश पर किला पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्वालेनगर नवदिया निवासी संगीता देवी ने बताया कि उसके पड़ोसी उसे और उसके परिवार के लोगों को गालियां दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट व पथराव किया। जिसमें उसके परिवार के कई लोगों को चोटें आई। उसके बेटे की गर्दन में फंदा डालकर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने श्याम कुमार, वंश, संकेत, आदित्य, संतोष, गीता, पलक, महक, शीतल समेत अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# चौपुला पुल से गिरकर बुजुर्ग की चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- देर रात शव की शिनाख्त हो सकी जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** चौपुला पुल से गिरकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। देर रात शव की शिनाख्त हो सकी। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

कोतवाली पुलिस को अपराह्न करीब 3 बजे चौपुला पुल से बुजुर्ग के गिरने की सूचना मिली। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग के हाथ में ड्रिप लगी थी, जिससे उनके बीमार होने की आशंका जताई जा रही थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास ठेला लगाने वालों से पूछताछ की। रात 11 बजे बुजुर्ग की पहचान आजमनगर निवासी इम्तियाज के रूप में हुई। परिवार के लोगों के अनुसार उनकी बेटी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। पिछले दिनों उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं, इम्तियाज की भी हालत ठीक नहीं रहती थी। वह तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि वह घूमते हुए पल पर पहुंचे और नीचे गिरने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से जांच कर रही है।

# बिजली काटकर घर में घुसे चोर लाखों का सामान ले गए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डब्लूपीपीटीसीएल में ऐसोसिएट मैनेजर के घर पर हुई चोरी की वारदात

**अमृत विचार:** बिजली काटकर गाजियाबाद बिजली विभाग में डब्लूपीपीटीसीएल में एसोसिएट मैनेजर के घर में घुसकर चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। घर लौटने पर मैनेजर को घटना की जानकारी हुई। इज्ज्तनगर पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के नार्थ सिटी एक्सटेंशन कुर्मांचल नगर निवासी शिवाग शंकर ने बताया कि वह इन्द्रपुरम गाजियाबाद बिजली विभाग में डब्लूपीपीटीसीएल में एसोसिएट मैनेजर है। उनकी मां भी उनके साथ गाजियाबाद में ही रहती हैं जबकि उनका घर कई माह से बंद था। मंगलवार को वह अपने घर आए। घर में सारा सामान फैला हुआ था। जबकि मेन गेट का ताला लगा था। उनकी मां के कमरे का गेट खुला हुआ था। अलमारी से 1.7 लाख रुपये की राडो वॉच, सोने की चेन, कुंडल, 6 सोने की अंगूठी, चांदी के सिक्के, तीन सिलेंडर, नगदी समेत अन्य सामान चोरी हो गया। चोर मकान की बिजली काटकर खिड़की की सरिया तोड़कर घर में घुसे थे।

# मीटर जलने के मामले में कमेटी ने शुरू की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** गोदाम में आग लगने से मीटर जलने के मामले में कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। मामले में जेई और एसडीओ के बयान दर्ज कर रिपोर्ट मुख्य अभियंता को दी जाएगी।

रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय अधिशासी अभियंता कामर्शियल द्वितीय के सामने पुराने गोदाम में मंगलवार को अचानक से आग लग गई थी। दमकल टीम ने आग बुझाई थी। करीब 20 हजार पुराने मीटर जलने की बात सामने आई थी। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया था। बुधवार को शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जांच कमेटी ने जांच शुरू कर दी।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. राजीव बने एनएसएस समन्वयक



बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग के सहायक प्रो. डॉ. राजीव कुमार यादव ने बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद का कार्यभार ग्रहण लिया। वह तीन वर्षों तक इस पद से जुड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उनके कार्यक्षेत्र में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं जिले शामिल रहेंगे। उनके नेतृत्व में इन जनपदों में एनएसएस की गतिविधियों के संचालन, समन्वय और विस्तार की उम्मीद जताई जा रही है।

### कार से कुचलकर गोवंश को मार डाला, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर क्षेत्र में कार से कुचलकर गोवंश की मौत मामले में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रेमनगर क्षेत्र में अंजता स्वीट्स के पास मंगलवार की रात एक कार सवार ने सड़क किनारे बैठे गोवंश को जानबूझकर कुचलकर मार दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। लोगों ने एक्स पर पुलिस को टैग करके कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार चालक कुलदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बताया जा रहा है कि आरोपी जेल में सिपाही है। प्रेम नगर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

### मच्छरों से बचाव को फॉगिंग की मांग

बरेली, अमृत विचार : गांवों में मच्छरों से निजात दिलाने के लिए प्रधान पंचायती राज विभाग के अधिकारियों से फॉगिंग कराने की मांग कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण फॉगिंग की शुरुआत नहीं हो सकी है। इस संबंध में कई प्रधानों ने डीपीआरओ को पत्र लिखा है। गांवों में मच्छरों से लोग परेशान हैं, मगर विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। मच्छरों के प्रकोप से डेंगू और मलेरिया का खतरा बना हुआ है। डीपीआरओ कमल किशोर का कहना है कि जल्द गांवों में फॉगिंग कराई जाएगी।

# आयुष्मान कार्डधारकों से पैसा वसूलने वाले अस्पतालों पर की जाए कार्रवाई

## कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में सभी जिलों के डीएम व स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्डधारकों से इलाज के दौरान रुपये वसूलने की शिकायतें आने पर कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने सख्ती दिखाई। बुधवार दोपहर विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में सभी डीएम और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्डधारकों से पैसा वसूलने की शिकायत मिले तो संबंधित अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई कराएं। तत्काल पैसा वापस कराएं।

कमिश्नर ने ऐसे प्रकरणों की जांच के लिए पूर्व में दिये निर्देशों के क्रम में कार्रवाई की जनपदवार समीक्षा की। जिस पर पीलीभीत ने बताया कि बंडा में एक मामले में एफआईआर भी करायी गयी। जिलाधिकारी शाहजहांपुर ने बताया कि चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के फर्जी भुगतान के कई प्रकरण जिले में पाये गये हैं, इसके अन्तर्गत ऐसे हास्पिटलों के



विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक करते कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी।

बिल प्रस्तुत किए गए जो धरातल पर है ही नहीं। इसको ध्यान में रखते हुए सत्यापन कराने के निर्देश दिये। दिव्यांग प्रमाण पत्र परीक्षण के बाद जारी करने और मेडिकोलीगल भी पर्याप्त परीक्षण के बाद जारी करने के निर्देश दिये गये।

कमिश्नर ने नियमित टीकाकरण की समीक्षा में पाया कि बर्थ डोज 99 प्रतिशत शिशुओं को दी जा रही है। कहा कि गर्भवतियों की प्रसव पूर्व हेपिटाइटिस बी की जांच अवश्य कराएं, जिससे होने वाले बच्चों को हेपिटाइटिस बी से बचाया जा सके। उन्होंने आईसीयू फैसिलिटेड बेड बढ़ाने के निर्देश दिये। कहा कि संचारी रोग अभियान के अंतर्गत दस्तक अभियान में घर-घर जाकर आभा आईडी का भी क्रिएशन कराएं। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में बरेली जनपद को छोड़कर अन्य जनपदों में फार्मर रजिस्ट्री स्टेट एवरेज से कम मिली। जिस पर अन्य जनपदों को स्टेट एवरेज तक लाने के निर्देश दिये। संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप, डीएम बरेली अविनाश सिंह, डीएम पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ देवयानी, सीडीओ पीलीभीत राजेन्द्र कुमार श्रीवास, सीडीओ बदायूं केशव कुमार, सीडीओ शाहजहांपुर डॉ. अपराजिता सिंह सहित मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोर्स परिवर्तित कर किताबें उपलब्ध कराने की जांच के निर्देश

कमिश्नर ने संयुक्त निदेशक शिक्षा को निर्देश दिए कि सभी जिलों में निजी विद्यालयों की ओर से कोर्स परिवर्तित कर बच्चों को किताबें उपलब्धता कराई जा रही हैं, उसमें नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच कराएं। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा वाली परियोजनाओं में सेटेलाइट बस स्टैंड की समीक्षा की। बताया गया कि इस पर निर्णय हेड क्वार्टर स्तर से होना है। इज्जतनगर बस स्टैंड मार्च तक पूरा हो जाएगा। 2 करोड़ से अधिक लागत की 236 परियोजनाओं की समीक्षा की। निर्देश दिए कि कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण होने से पहले निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें।

## तय समय में पूरा हो गया यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तय समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया गया। जिले में 1 अप्रैल तक सभी कॉपियों के मूल्यांकन का लक्ष्य निर्धारित किया था।

जिले के चार मूल्यांकन केंद्रों पर इस वर्ष कुल 6,19,293 उत्तर पुस्तिकाएं जांच के लिए आई थीं। मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में परीक्षकों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही केंद्रों पर निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे। मूल्यांकन के दौरान कोविड के बाद निर्धारित दिशा-निर्देशों के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा गया। केंद्रों पर समय से कॉपियों का वितरण और संग्रहण सुनिश्चित किया गया, जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। डीआईओएस डॉ अजीत सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर निर्धारित समय सीमा का पालन करते हुए कार्य पूरा किया गया है। अब उत्तर पुस्तिकाओं को बोर्ड मुख्यालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# उद्यमिता में नवाचार और तकनीक अपनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईआईए यंग प्रेन्योर सेल की बैठक आयोजित
- युवा उद्यमियों को मार्गदर्शन नेटवर्किंग व अवसर देना लक्ष्य

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर के अंतर्गत आईआईए यंग प्रेन्योर सेल की बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक पीलीभीत रोड के एक होटल में हुई। जिसमें व्यवसायिक चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाने के दिशा में कार्य करने पर चर्चा की गयी। ताकि युवा उद्यमी इसका लाभ उठा अपने उद्यम को स्थापित कर सकें।

कैप्टन धनंजय विक्रम सिंह ने कहा कि आईआईए यंग प्रेन्योर सेल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करना, उन्हें व्यवसायिक चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाना और उनके नवाचारों को प्रोत्साहित करना है। यह मंच युवा उद्यमियों को मार्गदर्शन, नेटवर्किंग व अवसर प्रदान करने का कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि गौरव मित्तल ने कहा कि छोटे शहरों के उद्यमियों में अपार संभावनाएं होती हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को नवाचार, दृढ़ संकल्प, तकनीकी अपनाने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि युवा उद्यमी यदि नवाचार, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो छोटे शहरों से भी वैश्विक स्तर की सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। चैप्टर सचिव रजत मेहरोत्रा ने कहा कि आईआईए यंगप्रेन्योर सेल युवा उद्यमियों की उद्यमिता भावना को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन और दूरदर्शी सोच ही किसी भी उद्यम की वास्तविक ताकत होती है, जो उसे कठिन परिस्थितियों में भी स्थिर और सफल बनाए रखती है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज गोयल, राष्ट्रीय सचिव तनुज भसीन, विमल रिवाड़ी, डिवीजनल सचिव मनोज पंजाबी, सलिल बंसल, ऋषभ दीक्षित व शुभम उपस्थित रहे।

## उर्स में सफाई, पेयजल व पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर आयुक्त से मिले

**बरेली, अमृत विचार :** शाहदाना वली वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने उर्स ए शाहदाना वली की व्यवस्था को लेकर बुधवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात की।

- उर्स ए शाहदाना वली में बड़ी संख्या में शिरकत करते हैं लोग

सदस्यों ने नगारायुक्त को बताया कि 4 से 8 अप्रैल तक उर्स चलेगा। जिसमें बड़ी संख्या में दूर-दूर से जायरीन शामिल होंगे। इस दौरान व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की मांग की गई। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि नगर आयुक्त से जायरीन की सहूलियत के लिए सफाई, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने और पुल के नीचे की लाइट ठीक कराने की मांग की है। दरगाह के आस-पास टूटी सड़क ठीक कराने को भी कहा गया है। बताया कि शाहदाना वली से बड़ी संख्या में लोगों की आस्था जुड़ी है। इस उर्स का लोगों को इंतजार रहता है। इस दौरान अब्दुल वाजिद खा नूरी, वसी अहमद वारसी, हाजी गफूर पहलवान आदि मौजूद रहे।



नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे लोग।

# चीनी भाषा दक्षता परीक्षा के बाद इंटरव्यू में 7 का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** चीनी भाषा दक्षता परीक्षा के बाद एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग स्थित बहुभाषिक केंद्र में बुधवार को साक्षात्कार हुआ। इसमें 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ। परीक्षा का आयोजन ताइवान एजुकेशन एंड कल्चरल सेंटर नई दिल्ली के सहयोग से किया गया था। जिसमें 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

केंद्र की समन्वयक प्रो. अनीता त्यागी की अध्यक्षता में गठित समिति ने छात्रों की भाषा दक्षता, संप्रेषण क्षमता और विषयगत समझ का आकलन किया। केंद्र में कार्यरत



छात्र का साक्षात्कार लेते समिति में शामिल शिक्षक। ● अमृत विचार

- चयनितों को ताइवान के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का मिलेगा मौका
- ताइवान सरकार की ओर से दी जाएगी छात्रवृत्ति, अंतिम साक्षात्कार बाकी

ताइवान की मंदारिन शिक्षिका चियाली चेन ने बताया कि यह परीक्षा छात्रों को वैश्विक स्तर पर अपनी भाषा क्षमता सिद्ध करने का प्रभावी मंच प्रदान करती है। इसमें सफल अभ्यर्थियों को ताइवान सरकार की ओर से 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाती है, जिसमें ट्यूशन फीस समेत अन्य शैक्षणिक खर्च शामिल होते हैं।

### शिक्षकों की समिति ने किया मूल्यांकन

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंदारिन डिप्लोमा के छात्रों के लिए हुआ यूएनरिचमेंट स्कॉलरशिप चयन के लिए इंटरव्यू कमेटी गठित की गई थी। कुलपति के निर्देश पर बनी इस समिति में प्रो. एसके पांडेय, प्रो. सुमित्रा कुकरेती, प्रो. तुलिका सक्सेना और मंदारिन शिक्षिका चियाली चेन शामिल रहीं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान बुधवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के प्रतिनिधि अरुण कश्यप ने सिविल लाइंस के चौपुला स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में की। इस दौरान जागरुकता रैली, फॉगिंग मशीन और प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 14 वर्षीय पांच किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण कर प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

विधायक प्रतिनिधि ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर और आसपास मच्छरों के पनपने की स्थितियां न बनने दें, ताकि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को रोका जा सके। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि यह विशेष अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा, जबकि





संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हरी झंडी दिखाते विधायक प्रतिनिधि।

- जागरूकता रैली का आयोजन प्रचार वाहन को किया रवाना
- 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान, घर-घर पहुंचेंगी टीम

10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, इंफ्लुएंजा जैसे लक्षणों, फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग और कुपोषण से जुड़े मामलों का सर्वे कर जानकारी ई-कवच पोर्टल पर दर्ज करेंगी। मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल एजेंसी है और अन्य 12 विभाग भी सहयोग कर रहे हैं। नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान के दौरान हीट वेव से बचाव के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## आरआरआर सेंटर से कैंट बोर्ड करेगा गरीबों की मदद

**बरेली, अमृत विचार :** छावनी परिषद की ओर से आरआरआर (रिड्यूस रियूज रिसाइकल) सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं को नए तरीके से तैयार कर जरूरतमंदों तक पहुंचाना है।

सीईओ डॉ. तनु जैन ने बताया कि छावनी परिषद सभी को प्रेरित करता है कि वे अपने घरों में उपलब्ध ऐसी वस्तुएं जो उनके लिए उपयोगी न हों, लेकिन अच्छी स्थिति में हैं और किसी अन्य जरूरतमंद के काम आ सकती हैं तो उन्हें आरआरआर सेंटर में दान करें। इस पहल के तहत पुराने कपड़े, पुस्तकें, खिलौने, बर्तन और अन्य उपयोगी सामग्री एकत्रित कर उन्हें दोबारा से उपयोग में लाया जा रहा है। जिससे संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

## सही आहार अपनाकर दांतों की समस्या से बच सकते हैं

कायार्लय संवाददाता, बरेली

- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों ने दी सलाह

**अमृत विचार:** दांतों की समस्याएं जैसे कैविटी, मसूड़ों की सूजन और दांतों की कमजोरी आम हो रही हैं। इसका मुख्य कारण गलत खान-पान और अत्यधिक मीठे पदार्थों का सेवन है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों के अनुसार यदि सही आहार अपनाएं तो बच्चे और वयस्क दांतों की समस्याओं से बच सकते हैं। दांतों की मजबूती के लिए कैल्शियम और फॉस्फोरस से भरपूर आहार अत्यंत आवश्यक है। दूध, दही और पनीर जैसे डेयरी उत्पाद दांतों की ऊपरी परत, एनामेल को मजबूत बनाते हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए यह आहार बेहद जरूरी है, क्योंकि इसी उम्र में दांतों का सही विकास होता है। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक और मेथी भी दांतों और मसूड़ों के लिए लाभकारी होती हैं। इनमें विटामिन और मिनरल्स मसूड़ों को स्वस्थ रखते हैं और संक्रमण से बचाते हैं। सेब, गाजर और खीरा जैसे रेशेदार फल और सब्जियां दांतों की प्राकृतिक सफाई में मदद करते हैं। इन्हें चबाने से मुंह में लार का स्राव बढ़ता है, जो बैक्टीरिया को कम करने में सहायक होता है। नट्स और बीज जैसे बादाम, अखरोट और तिल भी दांतों के लिए फायदेमंद हैं। संतुलित आहार और सही दिनचर्या अपनाकर दांतों को मजबूत और बीमारियों से दूर रख सकते हैं।


सबसे पुराना स्थापित 1960

गुप्त रोगी रोजाना मिलें

हर जगह से परेशान रोगी मिले

नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी

बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार

बबासीर

खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर

कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित

उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली

मो. 9259082174


## अतिक्रमण के नाम पक्षपात का आरोप, आंदोलन की चेतावनी



नगर आयुक्त को ज्ञापन देते किसान एकता संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हवाई अड्डे के पास से डेयरी हटाने की चल रही तैयारी

**अमृत विचार :** हवाई अड्डा गेट के पास से डेयरी हटाने की तैयारी चल रही है। बुधवार को किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ डेयरी को ही निशाना बनाया जा रहा है। पक्षपात किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामपाल गुर्जर ने बताया कि नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचकर डेयरी को जबरन हटाने का दबाव बनाती है। जबकि सड़क किनारे अन्य कारोबारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इस भेदभावपूर्ण रवैये पर नाराजगी जताई। किसान नेता डॉ. रवि नागर ने चेताया कि यदि यह कार्रवाई नहीं रोकी गई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नगर आयुक्त से मांग करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई यदि करनी है तो सभी पर समान रूप से लागू की जाए। केवल गरीब डेयरी किसानों को निशाना बनाना अन्यायपूर्ण है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का दिलाएं लाभ

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट साभागार में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना व प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के संबंध में बैठक हुई।

श्रम अधिकारी ने बताया कि यह योजना असंगठित कामगारों की वृद्धावस्था की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के लिए है। लाभार्थी के पास आधार कार्ड, बचत-जन-धन खाते के दस्तावेज, ई-श्रम कार्ड का होना आवश्यक है। यह योजना एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। इसमें पेंशन धारकों को 60 वर्ष की आयु के बाद न्यूनतम तीन हजार रुपये प्रति माह की निश्चित पेंशन मिलेगी। पेंशन धारकों की मृत्यु पर परिवार को पेंशन का 50 प्रतिशत मिलेगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत रिक्शा चालक, फेरीवाले, मिड-डे मील कामगार, ईंट भट्ठा कामगार, मोची, कूड़ा बीनने वाले, घरेलू कामगार, धोबी, बीड़ी कारीगर, हथकरघा कामगार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, या इसी तरह के अन्य काम करने वालों को लिया गया है।

# भाजपा जिला संगठन की बैठक में कार्यक्रमों की बनाई गई रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भाजपा कार्यालय पर बुधवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला संगठन की बैठक हुई। जिसमें जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला सशक्त संगठन है। कार्यकर्ता राष्ट्रनिर्माण में हर वक्त लगे रहते हैं। उन्होंने 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बताया 5 अप्रैल को कार्यालय पर सजावट होगी। 6 अप्रैल को सभी कार्यकर्ताओं को अपने घर पर पार्टी का ध्वज फहराना है। 6 व 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्य व सक्रिय सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों





भाजपा कार्यालय पर जिला संगठन की बैठक को संबोधित करते जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह और मंचासीन विधायक व जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

- भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला सशक्त संगठन : देवेंद्र
- प्रत्येक गांव में तीस व्यक्तियों को सम्मानित कर किया जाएगा संवाद

का सम्मेलन होगा। प्रत्येक गांव में 25 से 30 वरिष्ठ लोगों, बुद्धिजीवियों व गणमान्य व्यक्तियों व लाभार्थियों का सम्मान कर उनसे संवाद किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस को सफल बनाने का काम सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी से करना है।विधायक डॉ डीसी वर्मा, डॉ एमपी आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, ब्लॉक प्रमुख रवि गंगवार, अमरिंदर सिंह गोल्डी, सत्येंद्र यादव, चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य, अंकित शुक्ला, डॉ. निर्भय गुर्जर, अभय चौहान, मेघनाथ सिंह कठेरिया, अजय सक्सेना, राहुल साहू, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी, मुकेश राजपूत, स्वाति गंगवार, मंजू कोरी, डॉ मीनाक्षी गंगवार, आलोक गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### स्टेडियम में तरणताल शुरू, 25 बच्चों ने की तैराकी

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर स्थित तरणताल का बुधवार को नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया गया। तरणताल का शुभारंभ क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने किया। पहले दिन ही तैराकी के 25 बच्चों ने तैराकी में हिस्सा लिया। स्टेडियम के खिलाड़ी और स्टाफ मौजूद रहा।

### बार कार्यकारिणी सदस्य ने दिया मौन धरना

विधि संवाददाता, बरेली : अधिवक्ता हितों से जुड़ी समस्याओं को लेकर बरेली बार एसोसिएशन को भेजे गये पत्रों का निस्तारण न करने पर बार जूनियर कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना 'मध्यम' ने आंदोलन शुरू किया है। प्रथम चरण में बुधवार को ट्रेजरी रोड स्थित न्यायालय के प्रवेश द्वार पर मौन व्रत रख चेतावनी धरना दिया। धरना सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला। काफी वकीलों ने पहुंचकर समर्थन व्यक्त किया। राहुल के मुताबिक बार के पदाधिकारियों से कई बार आग्रह किया कि वे पत्रों का न्यायसंगत निस्तारण करें लेकिन पदाधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। पुनः आग्रह किया है कि वे शिकायती पत्रों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर करें।

### गेहूं खरीद : कंट्रोल रूम पर बताएं समस्या

बरेली, अमृत विचार : गेहूं खरीद में पारदर्शिता लाने व किसानों की सुविधा के लिए खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां सुबह 10 से शाम 6 बजे तक किसान 7830565063 मोबाइल नंबर पर कॉल कर समस्या बता सकते हैं। जिले में करीब साढ़े पांच लाख से ज्यादा किसानों ने गेहूं की फसल तैयार की है। प्रत्येक सप्ताह तहसीलस्तर पर तहसीलदार या एसडीएम की ओर से क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा जाएगा।

### गड्ढे बने मुसीबत, बाइक सवार हो रहे चोटिल

बरेली, अमृत विचार : डोहरा रोड स्थित सीएनजी पंप के सामने, बीडीए कार्यालय से करीब 500 मीटर दूरी पर मुख्य सड़क एक महीने से जर्जर है। पीलीभीत रोड से बड़े बाईपास को जोड़ने वाली इस सड़क पर गहरे गड्ढों के चलते बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बिथरी चैनपुर के रहने वाले सभापति देवेन्द्र सिंह पटेल ने बीडीए सचिव को फोन पर इसकी सूचना दी और जल्द सड़क को ठीक कराने की बात कही। देवेंद्र ने बताया कि उन्हें बीडीए सचिव ने जल्द सड़क को सही कराने का आश्वासन दिया।

#### तमाम स्कूलों में नहीं सीसीटीवी, फायर सुरक्षा की अनदेखी, स्कूली वाहनों में भी मानक पूरे नहीं

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता, फिर भी चुप्पी

मिशन एडमिशन




कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल परिजनों के मन में हैं लेकिन वह उनके भविष्य की चिंता में सब सवालों को दरकिनार कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा राम भरोसे है। वहीं निजी स्कूलों में भी बहुत ज्यादा गंभीरता दिखाई नहीं देती। कई स्कूलों में मानक से कम सीसीटीवी लगे हैं। साथ ही फायर सुरक्षा के मानक भी पूरे नहीं हैं। तमाम स्कूली वाहनों में भी बच्चों की सुरक्षा के मानक पूरे नहीं हैं। ऑटो, वैन में और ज्यादा खतरा है।

स्कूल तमाम तरह के ढोंग-ढकोसले करके अभिभावकों से पैसा वसूलते हैं लेकिन बदले में अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं। मामला चाहें पढ़ाई को हो या बच्चों की सुरक्षा का, स्कूलों के दावे हवाहवाई नजर आते हैं। स्कूलों में बच्चों कर सुरक्षा के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अधिकतर स्कूलों में मुख्य गेट पर केवल एक गार्ड सैकड़ों बच्चों की आवाजाही को नियंत्रित करता है। स्कूल के बाहर की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आती। स्कूल की छुट्टी के समय छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं। अनियंत्रित ट्रैफिक में बच्चों के लिए हमेशा जोखिम बना रहता है।

स्कूलों में अनुशासन समितियां भी सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं। इनमें बैठकों का आयोजन लंबे समय से नहीं हुआ है। सीसीटीवी की व्यवस्था भी तमाम स्कूलों में स्तरीय नहीं। बीते दिनों एक स्कूल में बच्ची के साथ मारपीट की गई। बच्ची लहूलुहान हुई लेकिन उसका सीसीटीवी परिजनों को नहीं दिया गया। सुभाषनगर में कुछ दिन पहले देर से पहुंचने पर छात्र को शिक्षक ने जमकर पीटा। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक स्कूल में फीस जमा न होने पर छात्राओं को कमरे में बंद कर दिया गया। तब स्कूल के प्रबंधन पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

### बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता के कई कारण

संजय नगर निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि मेरी बेटी कॉलोनी के एक स्कूल में पढ़ती है। हमारे घर के करीब में होने के कारण हमने वहां बेटी का एडमिशन कराया है। यहां सीसीटीवी नाम मात्र के लगे हैं। हमें यह आराम है कि स्कूल पास में होने के कारण खुद छोड़ आते हैं और ले आते हैं। सौ फुटा रोड के पंकज पटेल ने कहा कि मेरा बेटा सुरेश शर्मा नगर के पास एक स्कूल में पढ़ता है। इस रोड पर बहुत ट्रैफिक है। बेटे को स्कूल छोड़ने और लाने के लिए परिवार का कोई सदस्य जाता है। हम वैन वालों पर भरोसा नहीं करते।

### वैन में ठूंसे जाते हैं बच्चे, कई जगह चल रहे डग्गामार वाहन

सबसे बड़ी चिंता बच्चों के आवागमन को लेकर सामने आ रही हैं। कई स्कूलों में डग्गामारी यानी बिना अनुमति और नियमों के चलने वाले वाहनों से बच्चों को ले जाया जा रहा है। इन वाहनों में न तो पर्याप्त सुरक्षा होती है और न ही बच्चों की निर्धारित संख्या का पालन किया जाता है। ओवरलोडिंग और लापरवाही किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

> निजी स्कूलों का हमसे कोई लेना देना नहीं है। सरकारी कॉलेजों में चौकीदार की पोस्ट होती है। वह स्कूल में ही रुकते हैं। कुछ समय पहले ही जिले में कई चौकीदारों को नियुक्त किया है। जिले में वर्तमान में 100 के लगभग चौकीदार हैं।
>
> – डॉ अजीत सिंह, डीआईओएस

> कुछ समय पहले स्कूल संचालकों को बस, वैन व ऑटो में कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए थे। फिटनेस दुरुस्त रखने को कहा गया था। एक अप्रैल से स्कूली वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जो भी स्कूली वाहन मानकों के अनुसार फिट नहीं मिलेगा, पहले उन्हें सात दिन का समय दिया जाएगा। उसके बाद परमिट निलंबित करने की कार्यवाही की जाएगी।
>
> –पंकज सिंह, आरटीओ प्रशासन

## रुविवि ने परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाई

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियों में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार 1 अप्रैल से ऑनलाइन परीक्षा फार्म दोबारा से भरने के लिए उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी 5 अप्रैल तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर शुल्क जमा कर सकेंगे। छात्रों को आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है। महाविद्यालयों की ओर से ऑनलाइन अप्रूवल 7 अप्रैल तक किया जाएगा। बीए, बीएससी, बीकॉम और एमए, एमएससी, बीएससी गृह विज्ञान सहित विभिन्न कोर्सों के परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाई गई है।

# नया सत्र... बच्चों की चहल-पहल से खिले स्कूल

#### पहले दिन स्कूलों में बच्चों का स्वागत, टीका लगाकर की पुष्पवर्षा, कक्षाओं में उत्साहित दिखे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नए सत्र का पहला दिन था। सुबह की हल्की धूप में स्कूल का गेट बच्चों की चहचहाहट से गूंज रहा था। कई बच्चे अपनी नई यूनिफॉर्म को बार-बार देख रहे थे, तो कोई अपने बैग को कसकर पकड़े था। कई बच्चों की आंखों में आंसू देख खासकर मम्मियां भी भावुक हो गईं। तमाम बच्चे मुस्कान लिए उत्साहित हो स्कूल में गए। जो बच्चे पहली बार स्कूल गए उन्होंने कुछ आनाकानी की। कुछ तो मम्मी-पापा से चिपक कर रोने लगे। बाद में पुचकारने पर ये शर्त रखकर स्कूल गए कि यहीं पर खड़े रहना।

बुधवार सुबह दुर्गा नगर स्थित एक निजी स्कूल के छात्र ने अपनी मम्मी का हाथ कसकर पकड़ रखा था। उसकी आंखों में डर झलक रहा था। मम्मी ने उसे स्कूल में जाने को कहा तो वह कुलबुलाने लगी। अपनी मम्मी को हाथ छोड़ने को तैयार नहीं थी। बहुत पुचकारने पर बोली मम्मा, आप यहीं रहना। मम्मी ने मुस्कुराकर हामी भरी और उसके सिर पर हाथ फेरा। कहा कि मैं यहीं हूं, तुम अंदर जाओ, दोस्त बनाओ।

पास ही खड़ी दूसरी छात्रा हंसते हुए अपने पापा को स्कूल की हर चीज दिखा रही थी, जैसे वह पहले से ही इस जगह को जानती हो। उसके आत्मविश्वास को देखकर उसके पापा की आंखों में चमक दिख रही थी। कुछ कदम दूर, एक बच्चा रोते-रोते अपनी मम्मी से लिपट गया। मम्मी की आंखों में भी आंसू थे, लेकिन उन्होंने खुद को संभालते हुए उसे टीचर के हाथ में सौंप दिया। इसी बीच स्कूल की घंटी बजी और धीरे-धीरे बच्चे अंदर जाने लगे। कुछ बच्चे पीछे मुड़कर बार-बार अपने माता-पिता को देख रहे थे, जैसे यकीन कर लेना चाहते हों कि वे वहीं हैं। कुछ बच्चे अपने भाई बहनों के साथ पहली बार स्कूल गए।


सेक्रेट हार्ट में नए सत्र पर बच्चों से फीता कटवाते अध्यापक। ● अमृत विचार



### बच्चों को चुपाती रहीं मैडम

कई स्कूलों में प्री–एनसी के नए एडमिशन वाले बच्चे एक दूसरे को रोता देख खुद भी रोने लगे। ऐसे बच्चों को मैडम ने मिलकर संभाला। उन्हें बहलाने के लिए टॉफी और खिलौने दिए गए। मैडम भी बच्चा बनकर बच्चों को बहलाती रहीं। इसके बाद बच्चे कुछ शांत हुए।

### तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत

बरेली, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय लखौरा और रहपुरा चौधरी में बुधवार को नए शिक्षा सत्र की शुरुआत उत्सव जैसे माहौल में हुई। लखौरा में प्रधानाध्यापक वीणा शर्मा के नेतृत्व में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया। स्कूल चलो अभियान का आगाज गगनभेदी नारों के साथ किया गया। रहपुरा चौधरी में प्रधानाध्यापक हरीश बाबू शर्मा ने प्रार्थना सभा के बाद बच्चों को नई किताबें वितरित कीं।

### परिषदीय स्कूलों में बच्चों को बांटीं किताबें

परिषदीय स्कूलों के साथ साथ शहर के निजी स्कूलों में सत्र के पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिन स्कूलों में सिलेबस पहुंच गया वहां सिलेबस बांटा गया। बच्चों को मिठाई भी खिलाई गई। सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल रोड पर हवन हुआ। इसमें स्कूल अध्यापकों समेत अन्य लोग शामिल हुए। यहां बच्चों का तिलक कर व फूल वर्षा कर स्वागत किया गया।


गिरीश प्रसाद मेमोरियल स्कूल में छुट्टी के बाद बाहर आते बच्चे। ● अमृत विचार

## उत्तर प्रदेश ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी व संघ के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बरेली में राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल का रोमांच चरम पर, तीसरे दिन कड़े मुकाबले

अमृत विचार : फ्यूचर विश्वविद्यालय में आयोजित 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को खेल का रोमांच चरम पर रहा। देशभर से आई महिला खिलाड़ियों ने तेज रफ्तार, शानदार तालमेल और दमदार खेल दर्शकों को उत्साहित कर दिया। प्रतियोगिता में यूपी की टीम ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने देश में खेलों को नई दिशा दी है और खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करें। महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 23-09 से हराया। हिमाचल प्रदेश ने उड़ीसा को 32-05 से हराया। मणिपुर ने पश्चिम बंगाल को 21-17 से हराया। छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-09 से हराया। पंजाब ने झारखंड को 23-22 से हराया। राजस्थान ने तमिलनाडु को 30-06 से हराया। दिल्ली ने गुजरात को 18-08 से हराया। आंध्र प्रदेश ने महाराष्ट्र को हराया।

## चर्च में डे ऑफ एनोइंटमेंट पर की गई विशेष आराधना


क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में आराधना करते मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : दुख भोग सप्ताह के तीसरे दिन डे ऑफ एनोइंटमेंट (अभिषेक दिवस) के रूप में मनाया गया। क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में विशेष आराधना की गई, जिसमें जीजस क्राइस के बलिदान और त्याग के संदेश पर प्रकाश डाला गया।

मुख्य वक्ता डॉ. विंसेंट बेंजमिन ने कहा कि अभिषेक किसी भी कार्य को पूर्ण समर्पण के साथ करने की प्रक्रिया है। उन्होंने मरियम द्वारा बहुमूल्य इत्र अर्पित करने की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि यह प्रभु यीशु के बलिदान की तैयारी का प्रतीक था। संचालन एंजलीना स्मार्ट ने किया। विशेष प्रार्थनाएं पादरी एडमंड के नेतृत्व में की गईं। मुख्य पादरी सुनील मसीह आदि मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने किया मोहित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से शुरू हुई इस शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय कर दिया। हनुमान प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसके दर्शन के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और प्रसाद का वितरण किया। भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। राम बरात, शिव परिवार, शनि देव सहित विभिन्न देव स्वरूपों की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ यात्रा में भाग लिया। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जो हर वर्ष और अधिक भव्य रूप लेता जा रहा है।


शोभायात्रा में शामिल झांकी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

● जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल, गूंजते रहे जयकारे

## सिटी डायरी

### प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन



बरेली, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय कलारी बिथरी चैनपुर में शिक्षा चौपाल का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने किया। स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली और नवीन सत्र के प्रथम दिवस बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं। प्रधानाध्यापिका डॉ. शिखा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से बच्चों को नित्य विद्यालय भेजने का आह्वान किया। गत शैक्षिक सत्र 6 में निरंतर विद्यालय आने वाले और प्रथम आने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राजकुमारी और राशन डीलर निजाकत खान को भी सम्मानित किया गया। संचालन शालिनी सक्सेना ने किया।

### सनातन राष्ट्र के लिए राष्ट्रार्पण संस्था ने किया कार्यक्रम



बरेली, अमृत विचार : स्वर्णिम सशक्त और सनातन राष्ट्र को गति देने के उद्देश्य से राष्ट्रार्पण संस्था ने खुशहाली सभागार में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अयोध्या से मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संगठन महामंत्री राष्ट्रार्पण व दशरथ गद्दी पीठाधीश्वर महंत राजकुमार दास महाराज ने शिरकत की। महंत ने कहा कि सभी सनातनियों को धर्म के प्रति सजग रहना चाहिए। संचालन रोहित राकेश ने किया। कार्यक्रम में संजय मोहन शर्मा, डॉ मधु गुप्ता, तरु कपूर उपस्थित रहे।

### रुहेलखंड जीएसटी प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने मनाया वार्षिक समारोह



बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड जीएसटी प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने द्वितीय वार्षिक समारोह उत्साह के साथ मनाया। सीए कपिल वैश्य के नेतृत्व में एसोसिएशन ने अपना दूसरा वर्ष सफलतापूर्वक पूरा किया। वक्ताओं ने कहा कि सीए सदस्यों के बीच ज्ञान साझा कर और जीएसटी विवादों से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों पर चर्चा करने के उद्देश्य से गठित आरजीपीए ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। सचिव सीए वैभव चावला ने एसोसिएशन की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। परिवारों ने रोमांचक जोड़ी गेम्स में भाग लिया और जमकर मस्ती की। समारोह में सीए सुमित अग्रवाल, सीए प्रदीप तिवारी, सीए शैलेंद्र महेश्वरी, सीए हर्षित मेहरा, सीए अर्पित खंडेलवाल, सीए अतुल अग्रवाल, सीए मयंक गुप्ता, सीए अंकित मेहरा सहित कई सदस्य अपने परिवारों के साथ उपस्थित हुए।

### मनोज-संजय व अविरल-यश की जोड़ी बनी चैंपियन



बरेली, अमृत विचार : बरेली के महानगर में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में बुधवार को खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 100 प्लस आयु वर्ग में मनोज दीक्षित और संजय दीक्षित की जोड़ी ने उमा कांत और रोहन गर्ग की जोड़ी को सीधे सेटों में 21–19, 21–18 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। 40 से 70 आयु वर्ग के फाइनल में अविरल विरले और यश तिवारी की जोड़ी ने उत्कर्ष और भविष्य की जोड़ी को तीन सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 21–17, 18–21, 21–15 से पराजित कर चैंपियनशिप जीत ली। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश गौतम ने विजेताओं को सम्मानित किया।

## इस्लामी शिक्षा को खत्म करना चाह रही धामी सरकार: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार: आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मदरसों पर इल्जाम लगाकर मदरसा बोर्ड को खत्म करना गलत है। मौलाना ने मुख्यमंत्री धामी को सलाह दी कि मदरसों का इतिहास पढ़े बगैर धामी जिहाद की शिक्षा की बात कर रहे हैं। उनका इस तरह का इलजाम लगाना असंवैधानिक, गैर अखलाकी है। मौलाना ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार ने 250 मदरसों पर ताले लगा दिए और 125 सूफियों की मजारों पर बुलडोजर चला दिए। उत्तराखंड हुकूमत इस्लामी धार्मिक शिक्षा को खत्म करने पर उतर आई है।

